




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 12 मार्च 2026




आरसीबी की मैनेजमेंट टीम जल्द ही करेगी रायपुर का दौरा, स्टेडियम की व्यवस्थाओं और अन्य बदलावों पर लगेगी अंतिम मुहर

# बजा आईपीएल का बिगुल, 20 मैचों का शेड्यूल जारी
# बेंगलुरु से आगाज, रायपुर में मैच मई में संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

टी20 विश्व कप के रोमांच के बाद अब क्रिकेट प्रेमियों के पसंदीदा टूर्नामेंट आईपीएल 2026 का आगाज 28 मार्च से होने जा रहा है। बीसीसीआई ने आईपीएल का शुरुआती शेड्यूल जारी कर दिया है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बेंगलुरु में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। बीते कुछ दिनों से रायपुर में ओपनिंग सेरेमनी होने की अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन अब यह साफ हो गया है कि रायपुर में मैच अप्रैल के बजाय मई में खेले जाएंगे। छत्तीसगढ़ स्टेट

खास खबर

क्रिकेट संघ के डायरेक्टर विजय शाह ने पुष्टि की है कि रायपुर को मैचों के लिए मई की तारीखें मिली हैं। बीसीसीआई ने फिलहाल आईपीएल 2026 के पहले 16 दिनों (20 मैचों) का ही शेड्यूल जारी किया है और बाकी कार्यक्रम बाद में घोषित होगा। रायपुर ▶▶ शेष पेज 6 पर



### 16 दिन में 4 डबल हेडर होंगे

शेड्यूल के अनुसार पहले फेज में 16 दिन में 20 मैच खेले जाएंगे। इनमें 4 डबल हेडर शामिल हैं। 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस 29 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने होम ग्राउंड वानखेड़े स्टेडियम में अपना पहला मैच खेलेगी। बेंगलुरु की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु डिफेंडिंग चैंपियन है, इसलिए परंपरा के अनुसार टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच, क्वालिफायर-2 और ▶▶ शेष पेज 6 पर

### होम ग्राउंड में दर्शकों और खिलाड़ियों की सुविधाएं होंगी अपग्रेड

रायपुर का शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का होम ग्राउंड बन चुका है। 11 साल बाद रायपुर में आईपीएल मैचों का आयोजन होने जा रहा है, जिसे देखते हुए स्टेडियम में खिलाड़ियों और दर्शकों की सुविधाओं को बड़े स्तर पर अपग्रेड किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, खिलाड़ियों के पवेलियन को दिल्ली और मुंबई के स्टेडियम्स की तर्ज पर और अधिक लग्जरी बनाया जाएगा। वीआईपी और प्लैटिनम स्टैंड के पुराने ग्लास भी बदले जाएंगे। आरसीबी मैनेजमेंट महंगे टिकट खरीदने वाले दर्शकों के लिए प्रीमियम व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगा।इसके अलावा, इस बार सुरक्षा और एंट्री व्यवस्था को पहले से ज्यादा हाईटेक किया जा रहा है। दर्शकों को स्कैनर मशीन के जरिए टिकट स्कैन होने के बाद ही स्टेडियम में प्रवेश दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि आरसीबी की मैनेजमेंट टीम जल्द ही रायपुर का दौरा करेगी, जिसके बाद स्टेडियम की व्यवस्थाओं और अन्य बदलावों पर विस्तार से चर्चा कर अंतिम मुहर लगाई जाएगी।

ऐतिहासिक फैसला : 12 साल से कोमा में 32 वर्षीय हर्ष

# देश में पहली बार सुप्रीम कोर्ट ने दी 'इच्छा मृत्यु' की इजाजत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु (पैसिव युथनेसिया) की पहली बार स्वीकृति देते हुए 32 वर्षीय उस व्यक्ति की कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली हटाने की बुधवार को अनुमति दे दी जो 12 साल से अधिक समय से कोमा में है। देश में इस तरह का यह पहला मामला है।

निष्क्रिय इच्छामृत्यु का अर्थ है कि नाजुक स्थिति वाले किसी मरीज को जीवित रखने वाली चिकित्सा सहायता को रोकने या जीवन रक्षक प्रणाली को हटाने की अनुमति देना ताकि उसकी स्वाभाविक रूप से मौत हो सके। गाजियाबाद निवासी हर्ष राणा 2013 में एक इमारत की चौथी मंजिल से गिरने के कारण सिर में चोट लगने से घायल हो गया था और वह एक दशक से अधिक समय से कोमा में है। वह पंजाब विश्वविद्यालय का छात्र था।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को राणा को उपशामक देखभाल इकाई में भर्ती करने का निर्देश दिया ताकि चिकित्सकीय उपचार बंद किया जा सके। पीठ ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उपचार एक ▶▶ शेष पेज 6 पर



### कैसे दी जाएगी इच्छामृत्यु

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एम्स को निर्देश दिया कि हरीश के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए। यह प्रोसेस इस तरह से की जानी चाहिए कि मरीज की गरिमा बनी रहे। पैसिव यूथेनेशिया का मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके।

### मरीज के ठीक होने की संभावना नगण्य

प्राथमिक चिकित्सा बोर्ड ने मरीज की स्थिति की जांच करने के बाद कहा था कि उसके ठीक होने की संभावना नगण्य है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 11 दिसंबर को कहा था कि प्राथमिक चिकित्सा बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार यह व्यक्ति 'बेहद दयनीय स्थिति' में है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2023 में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, कोमा की स्थिति वाले मरीज की कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली हटाने को लेकर विशेषज्ञों की राय लेने के लिए एक प्राथमिक और एक द्वितीयक चिकित्सा बोर्ड का गठन करना अनिवार्य है।

### हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरे थे, तब से बिस्तर पर

*दिल्ली में जन्मे हर्ष राणा चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहे थे। 2013 में वह हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गए। इसकी वजह से उनके पूरे शरीर में लकवा मार गया और वह कोमा में चले गए। वह न कुछ बोल सकते हैं और न ही महसूस कर सकते हैं। डॉक्टर्स ने हरीश को क्वाड्रिप्लेजिया बीमारी से पीड़ित करार दिया। इसमें मरीज पूरी तरह से फीडिंग ट्यूब यानी खाने-पीने की नली और वेंटिलेटर सपोर्ट पर निर्भर रहता है।*

## 26 माह में 2714 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ा

# पहली दफा 101 हथियार, 3.61 करोड़ कैश और एक किलो सोना के साथ 108 नक्सलियों का सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

31 मार्च 2026 की तिथि में केंद्र सरकार ने देश से नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने की समय सीमा घोषित कर रखी है।

डेडलाइन को पूरा होने में 20 दिन ही बचे हैं इसी बीच संभागीय मुख्यालय में दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेसी) से जुड़े 108 माओवादी कैडरों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया है इनमें 44 महिला कैडर भी शामिल हैं। समर्पण करने वाले नक्सलियों पर कुल 3 करोड़ 29 लाख रुपये का इनाम घोषित था। शौर्य भवन पुलिस को-ऑर्डिनेशन सेंटर में डीजीपी अरुण देव गौतम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर इसकी जानकारी दी। इन्ही समर्पित नक्सलियों की निशानदेही पर 101 घातक हथियार एके-47, इंसास, एलएमजी, बीजीएल व अन्य हथियार बरामद किए गए। इसे नक्सल विरोधी अभियान की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इसके अलावा नक्सल इतिहास में ▶▶ शेष पेज 6 पर

*देश को नक्सलमुक्त करने की डेडलाइन में मात्र 20 दिन शेष हैं। इस बीच बुधवार को मोस्ट वाटेंड 108 नक्सली डीजीपी व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में जगदलपुर के शौर्य भवन में हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हो गए। बुधवार का दिन नक्सल इतिहास में ऐतिहासिक रहा क्योंकि पहली बार समर्पित नक्सलियों की निशानदेही पर डंप 3.61 करोड़ नगद, 1 किलो सोना तथा 101 घातक हथियार भी बरामद किए गए हैं। समर्पण करने वाले नक्सलियों का स्वागत करते हुए उन्हें रेड कॉरपेट में खड़ा कर गुलाब के फूल व संविधान की प्रति भेंट की गईं।*






### पश्चिम बस्तर डिवीजन हुआ समाप्त

बुधवार को हुए समर्पण में कई बड़े नक्सली नेताओं ने भी हथियार डाले हैं। इन आत्मसमर्पण करने वालों में दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के कई बड़े कैडर भी शामिल हैं। इनमें पश्चिम बस्तर डिवीजन के डीवीसीएम राहुल तेलाम, पंडरु कोवासी और झितरु ओयाम, पूर्व बस्तर डिवीजन कमेटी के डीवीसीएम रामधर उर्फ बीरु, उत्तर बस्तर डिवीजन के डीवीसीएम मल्लेश, पीएलजीए बटालियन नंबर-01 के सीपीसी कमांडर मुचाकी और आंध्र-ओडिशा बॉर्डर के डीवीसीएम कोसा मंडावी जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

### 26 माह में 2714 का सरेंडर

आईजी सुदंरराज पी ने बताया कि बीते 26 महीने में 2714 माओवादी हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। पूना मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन अभियान का असर लगातार देखने को मिल रहा है। इस अभियान से प्रभावित होकर बीते 26 महीनों में छत्तीसगढ़ में कुल 2714 ▶▶ शेष पेज 6 पर

### ये हथियार बरामद

इस अभियान के तहत बरामद किए गए हथियारों में 6 नग एके 47 राइफल 1 एके 47 टीएकआ, 10 इंसास रायफल व एक कारबाईन, 5 एसएलआर राइफल, एक 7.62 मिमी एसएलआर एलएमजी, दो 5.56 मिमी इंसास एलएमजी, एक .303 मिमी ▶▶ शेष पेज 6 पर

### बस्तर में बंदूक हार रही है विश्वास जीत रहा : साय



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर क्षेत्र में माओवादी हिंसा के खिलाफ चल रही मुहिम को एक बड़ी सफलता बताते हुए कहा है कि अब बस्तर में बंदूक नहीं, बल्कि विश्वास की जीत हो रही है। उन्होंने कहा कि जगदलपुर में 3.29 करोड़ रुपए के इनामी 108 सशस्त्र माओवादी कैडरों द्वारा हिंसा का रास्ता ▶▶ शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा में सेंध, इलाके में हड़कंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वॉशंगटन डीसी में बुधवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब हाई सिक्योरिटी जोन वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आधिकारिक आवास यानी वाइट हाउस की सुरक्षा में सेंध लगाते हुए एक वैन ने वहां लगे बैरिकोड को तोड़ दिया। इस घटना से वहां हड़कंप मच गया। इसके बाद पूरे इलाके को तुरंत बंद कर दिया गया।

### हरियाणा और चंडीगढ़ में 19 स्थानों पर छापे

**नई दिल्ली।** ईडी ने बुधवार को चंडीगढ़ स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में हरियाणा सरकार के खातों से 590 करोड़ रुपए के कथित तौर पर गबन के सिलसिले में 19 स्थानों पर छापे मारे। जांच एजेंसी ने हरियाणा और चंडीगढ़ में उन विभिन्न व्यावसायिक संस्थाओं पर छापेमारी की, जिन्होंने आरोपियों को धन के लेन-देन और अपराध की आय को छिपाने फर्जी प्रविष्टियां प्राप्त करने में मदद की थी।

### बुआ को बचाने के प्रयास में तीन युवकों की मौत

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के घोघा थानाक्षेत्र में बुधवार को गंगा नदी में डूबने से एक ही परिवार के तीन युवकों की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब दो सगे भाइयों समेत तीन युवक गंगा में डूब रही अपनी बुआ को बचाने के लिए नदी में कूद गए। पुलिस का कहना है कि गहरे पानी में चले जाने पर तीनों की डूबने से मौत हो गई, हालांकि उनकी बुआ बच गई।

20 क्रू मेंबर बचाए गए

## गुजरात आ रहे थाई कार्गो शिप पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला

एजेंसी ▶▶ बैंकाक

होर्मुज जलडमरूमध्य में गुजरात की ओर जा रहे थाई ध्वज वाले एक मालवाहक जहाज पर अज्ञात मिसाइल से हमला हुआ, जिससे जहाज में आग लग गई और बचाव अभियान शुरू किया गया। इस दौरान 20 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि तीन जहाज पर ही फंसे रह गए। समुद्री सुरक्षा सूत्रों और जहाज ट्रैकिंग डेटा के ▶▶ शेष पेज 6 पर

### ट्रंप बोले- कभी भी खत्म कर सकता हूं युद्ध

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान के साथ जारी युद्ध जल्द खत्म हो सकता है, क्योंकि अब वहां निशाना बनाने के लिए लगभग कुछ भी नहीं बचा है। बुधवार को अमेरिकी मीडिया प्लेटफॉर्म को दिए एक संक्षिप्त फोन ▶▶ शेष पेज 6 पर

इतवारी बाजार के समीप की घटना

## पूर्व गृहमंत्री के बेटे ने कार से दुकान को मारी टक्कर, हंगामा, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर के पुत्र संदीप कंवर ने सड़क किनारे लगे सेवई की एक दुकान को टक्कर मारने के बाद दुकानदार के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद संदीप कंवर ने थाना में भी जमकर हंमागा किया है। पुलिस ने इस मामले में प्रार्थी की लिखित शिकायत पर संदीप कंवर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के पुराना बस स्टैंड इतवारी बाजार के पास घटित हुई है। बताया जाता है ▶▶ शेष पेज 6 पर



### किया गया अपराध दर्ज

*संदीप कंवर ने सेवई की एक दुकान को ठोकर मार दी है और सेवई दुकान के संचालक के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। सेवई दुकान के संचालक अजीम कुरैशी की रिपोर्ट पर संदीप कंवर के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।*

*-मोतीलाल पटेल*
*नगर कोतवाल*

शिक्षा के अधिकार के तहत एडमिशन में गड़बड़ी का मामला

## फर्जी दाखिलों की शिकायतों के निराकरण में देरी, कोर्ट खफा

*होईकोर्ट ने कहा- मामला बच्चों के मौलिक अधिकार से जुड़ा इसलिए केवल प्रक्रिया का हवाला देकर देरी को उचित नहीं ठहराया जा सकता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने दुर्ग जिले में शिक्षा का अधिकार के तहत निजी स्कूलों में 74 बच्चों के फर्जी दाखिले और 2025 में 591 शिकायतों के निस्तारण में देरी पर सख्त नाराजगी जताई है। समाजसेवी सीवी भगवंत राव की याचिका पर कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा है। इसके साथ ही 10 बच्चों को गलत तरीके से निकालने 118 बच्चों को अपात्र घोषित करने के मामले में भी 24 मार्च तक जवाब देने कहा गया है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल प्रक्रिया का हवाला देकर देरी को उचित नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि यह मामला सीधे बच्चों के मौलिक अधिकार से जुड़ा है। दरअसल प्रदेश भर में खास तौर ▶▶ शेष पेज 6 पर



खास खबर

### कोर्ट की कड़ी टिप्पणी

*इसके साथ ही हाईकोर्ट ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत स्कूलों के लिए नियम व दिशा-निर्देश (गाइडलाइन) अब तक तैयार नहीं किए जाने पर कड़ी टिप्पणी की है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट कहा कि बच्चों के हितों से जुड़े इस गंभीर विषय में सरकार को जल्द ठोस कदम उठाने होंगे। इससे पहले शिक्षा सचिव ने अपना शपथ पत्र पेश किया। इसमें बताया गया कि आरटीई अधिनियम की धारा 35(2) के तहत विस्तृत गाइडलाइन बनाने की प्रक्रिया चल रही है।*

### पोर्टल में निराकरण शिकायतें लंबित

*मामले में हस्तक्षेप याचिका दायर कर यह भी बताया गया कि कई स्कूलों में छात्रों के मिड-टर्म एडमिशन बिना प्रमाणपत्रों की जांच किए रद्द कर दिए गए, जो अत्यंत गंभीर मामला है। कोर्ट ने इसे शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने वाला बताया। इसके अलावा, एक अन्य हस्तक्षेपकर्ता ने एंट्री स्कूलों में बच्चों के शोषण का मुद्दा उठाया, जिस पर कोर्ट ने गहरी चिंता व्यक्त की। शिक्षा विभाग की ओर से कोर्ट को बताया गया कि आरटीई पोर्टल पर* ▶▶ शेष पेज 6 पर



45 वर्ष बाद माड़ के नक्सल मुक्त होते ही अस्थायी पुल निर्माण में जुटे सैकड़ों ग्रामीण बारिश में 35 किमी की दूरी होती थी तय करनी, अब पुल बनते ही हो सकेगा रोजमर्रा का काम

# कभी पुल-पुलिया निर्माण में थे रोड़ा अब विकास के लिए बहा रहे पसीना

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बीजापुर जिले के माड़ इलाके में नक्सलियों का वर्चस्व समाप्त होने की कगार पर है और एक तरह से 45 साल बाद माड़ इलाके के हजारों ग्रामीणों को वास्तविक आजादी मिल चुकी है। अब माड़ इलाके के ग्रामीण शासन से मिलने वाली उन तमाम सुविधाओं का लाभ लेना चाहते हैं जिनसे वे सालों से वंचित थे। ग्रामीण की जिद व विकास की ललक ही है कि अब बारिश के पहले माड़ इलाके में राशन के साथ ही स्कूल, आश्रम, अस्पताल एवं अन्य निर्माण कार्यों की सामग्री पहुंचाने के लिए बीजापुर के माड़ और नारायणपुर के ओरछा ब्लॉक के सैकड़ों ग्रामीण ग्राम पंचायत और जिला पंचायत की मदद से भैरमगढ़ के इंद्रावती नदी पर प्लास्टिक और सीमेंट की बोरियों रेत भरकर पुल बनाने में जुटे हुए हैं। इस कार्य में उनकी मदद वे समर्पित नक्सली भी कर रहे हैं, जो कभी पुल पुलिया व सड़क निर्माण में रोड़ा बने हुए थे। ये समर्पित नक्सली भी अब ग्रामीणों के साथ पुल निर्माण में खूब पसीना बहा रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि साढ़े चार दशक से पूरा माड़ इलाका नक्सलियों के कब्जे में रहा है और उन्हें राशन सामग्री से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ा था। अब यह पूरा इलाका नक्सलियों के कब्जे से मुक्त हो चुका है, इसलिए वे चाहते हैं कि माड़ में भी विकास कार्य हों और सरकार से मिलने वाले राशन व अन्य सुविधाओं का वे लाभ ले सकें। यही वजह है कि सैकड़ों ग्रामीण ग्राम पंचायत इतामपारा के एक बुलावे पर बीजापुर और माड़ इलाके के बीच से बहने वाली प्राणदायनी इंद्रावती में एकत्र हो चुके हैं और पिछले 5 दिनों से लगातार सीमेंट और प्लास्टिक के बोरियों में रेत भरकर एक अस्थाई पुल का निर्माण कर रहे हैं, ताकि बारिश के पहले माड़ इलाके के गांवों तक आसानी से राशन और विकास कार्यों से जुड़ी सामग्रियां पहुंच सके।



### ग्रामीण कर रहे श्रमदान

नक्सलवाद के चलते इन्द्रावती के उस पार का पूरा इलाका विकास से वंचित था। बीजापुर के अलावा नारायणपुर जिले के 3 सौ से अधिक ग्रामीण इस समय श्रमदान कर अस्थायी पुल निर्माण कर रहे हैं। बारिश से पूर्व जिला प्रशासन के सहयोग से इन्हें राशन व अन्य सुविधाएं मुहैया हो सकेगी।

**-कोमल निषाद**
सचिव, ग्राम पंचायत इतामपारा भैरमगढ़

### नक्सलियों की इजाजत के बिना नदी पार करने की थी मनाही

धूर नक्सल प्रभावित इलाका होने से यहां के ग्रामीण नदी पार नहीं कर पाते थे और ना ही राशन व अन्य जरूरत का सामान लेने ब्लाक मुख्यालय आ पाते थे। नक्सलवाद के चलते इन्द्रावती के उस पार का पूरा इलाका विकास से वचिंत था। चाहकर भी प्रशासन इस इलाके में काम नहीं कर पाता था, क्योंकि नक्सलियों का बहुत ज्यादा दबाव रहता था। हर काम के लिए अनुमति लेनी पड़ती थी। असुविधा को देखते हुए काफी संख्या में ग्रामीणों ने मिलकर अस्थायी पुल की मांग की और जनपद पंचायत व जिला प्रशासन के मार्गदर्शन से अब अस्थायी पुल का निर्माण हो रहा है। इससे बारिश से पहले 2-3 माह का राशन सामग्री नदी उस पार के 15-20 गांव में बरसात से पहले डंप कर सकते हैं। इस अस्थायी पुल के बनने से अबूझमाड़ व बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक के लगभग दर्जन भर पंचायत के 65 गांव जो इस वक्त अबूझमाड के इलाके में हैं वे सीधे ब्लाक मुख्यालय से जुड़ जाएंगे।

### पुल के बिना 35 किलोमीटर दूरी तय करनी पड़ती थी

ग्रामीणों की मांग है कि माड़ इलाके में अब साप्ताहिक बाजार की भी शुरूआत की जानी चाहिए ताकि उन्हें रोजमर्रा की सामग्री के लिए भैरमगढ़ या नारायणपुर जाने की आवश्यकता ना पड़े। माड़ के नक्सलमुक्त होने के बाद अब यह जिला प्रशासन पर निर्भर है कि वह ग्रामीणों की इस मेहनत और उनकी मांगों को कितनी गंभीरता से लेता है। बहरहाल नदी पार के ग्रामीण इन्द्रावती नदी के टारबाकड़ी पुल से 35 किमी की दूरी तय कर रोजमर्रा का सामान लेने ब्लाक मुख्यालय आते थे, लेकिन अस्थायी पुल बनते ही उन्हें 35 मिनट भी नहीं लगेंगे।

## ई-रिक्शा सवार बदमाशों ने युवक पर चाकू से किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ डीडीनगर थाना क्षेत्र के अग्रवाल मैरिज पैलेस के पास की घटना

राजधानी में बदमाश पुलिस को लगातार चुनौती देते हुए चाकूबाजी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। रविवार को उरला तथा डीडीनगर थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग चाकूबाजी की घटना हुई थी। उरला थाना क्षेत्र में प्रिंटिग प्रेस में काम करने वाले व्यक्ति पर चाकू से हमला करने के आरोप में पुलिस ने एक नबालिग तथा एक अन्य युवक को गिरफ्तार किया है। डीडीनगर थाना क्षेत्र में युवक पर चाकू से हमला करने के आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। सनत यदु की शिकायत पर उरला पुलिस ने राजेश्वर नेता उर्फ गोपी तथा उसके एक नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया है। सनत अपना काम समाप्त करने के बाद तड़के साढ़े पांच से छह बजे के बीच घर जा रहा था। इस दौरान दोनों युवक अपने मुंह में स्कार्फ बांधकर सनत के करीब पहुंचे और पीछे से उसकी पीठ पर चाकू से हमला कर फरार हो गए। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे 80 सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल करने के बाद आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की।

### टहलने निकले युवक पर चाकू से हमला

एक अन्य घटना में डीडीनगर थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा सवार चार अज्ञात बदमाशों ने चेतन निषाद नामक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किया है। चेतन की बहन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उसका भाई रविवार को दोपहर खाना खाने के बाद पैदल टहलने निकला था। अग्रवाल मैरिज पैलेस के पास ई-रिक्शा में सवार होकर चार बदमाश उसके करीब पहुंचे। चारों युवक के चेहरे पर नकाब था। बदमाशों ने चेतन के पेट पर हमला कर दिया। चाकू से गंभीर रूप से घायल चेतन बदमाशों से बचने एक गली के अंदर घुस गया। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। चेतन को गंभीर हालत में उपचार के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## आयुष्मान कार्ड के मुद्दे पर घिरे स्वास्थ्य मंत्री, विपक्ष और सत्ता पक्ष के विधायकों ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में आयुष्मान कार्ड का बड़े अस्पतालों में सुविधा का लाभ नहीं मिलने जैसे मुद्दे पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल सदन में घिर गए। विपक्ष की विधायक कविता प्राण लहरे के साथ सत्ता पक्ष के वरिष्ठ विधायकों ने मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया।

ध्यानाकर्षण में कविता प्राण लहरे ने कहा, निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना का लाभ सही तरीके से हितग्राहियों को नहीं मिल रहा है। यही नहीं योजना में गंभीर बीमारियों का इलाज नहीं हो रहा है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर, धर्मजीत सिंह और अमर अग्रवाल ने कहा, यह जनहित से जुड़ा हुआ बहुत संवेदनशील मामला है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वपूर्ण योजना है। योजना में किसी भी तरह की कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। योजना का लाभ पूर्णतया कार्डधारियों को मिलना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री को इस पर घोषणा करनी चाहिए। आसंदी ने भी निर्देशित करते हुए कहा कि इस पर मंत्री को जल्द से जल्द निर्णय लेना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, इस पर घोषणा की आवश्यकता नहीं है, इसके लिए नियम-निर्देश की आवश्यकता पड़ती है। स्वास्थ्य मंत्री के जवाब पर सत्ता पक्ष के विधायक अजय चंद्राकर भड़क गए और उन्होंने कहा, निजी अस्पतालों को लेकर सरकार कोई घोषणा नहीं कर सकती, तो इसके नियम क्या है? इसे टेबल किया जाना चाहिए। धर्मजीत सिंह और अमर अग्रवाल ने भी कहा, मंत्री घोषणा क्यों करते सकते? उन्हें किस नियम-निर्देश की आवश्यकता बताना चाहिए। सुशांत शुक्ला ने कहा, अपोलो अस्पताल बिलासपुर में आयुष्मान योजना को लेकर मैं सात बार पत्र स्वास्थ्य विभाग को लिख चुका हूँ।

# ये कैसी निशुल्क शिक्षा ? गरीब छात्रों से परीक्षा के 60 लाख वसूलेगा शिक्षा विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**5वीं कक्षा के छात्र 55 रुपए और 8वीं कक्षा के छात्र 60 रुपए रुपए देंगे परीक्षा शुल्क**

16 मार्च से पांचवी-आठवीं की परीक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी। इस बार परीक्षाएं केंद्रीकृत होंगी। पिछले वर्ष भी 5वी-8वीं की परीक्षाएं केंद्रीकृत हुई थीं, लेकिन निजी स्कूलों को इससे छूट दे दी गई थी। इस बार निजी स्कूलों के छात्रों के लिए भी इसमें शामिल होना अनिवार्य कर दिया गया है। पांचवी कक्षा के लिए 55 रुपए फीस प्रति छात्र निर्धारित की गई है। इसी तरह से आठवीं कक्षा में प्रतिछात्र 60 रुपए फीस निर्धारित है। निजी स्कूलों में शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत अध्ययनरत गरीब बच्चों से भी यह राशि ली जा रही है। निजी स्कूलों द्वारा इसका भुगतान करने अथवा शासन द्वारा इन छात्रों के लिए व्यवस्था किए जाने के स्थान पर पालकों पर इसका बोझ डाल दिया गया है।

गौरतलब है, निजी स्कूलों में 5वीं कक्षा में आरटीई के अंतर्गत पढ़ने वाले छात्रों की संख्या लगभग 55 हजार है। इनसे 55 रुपए की दर से 33 लाख रुपए लिए जाएंगे। वहीं आठवीं कक्षा में अध्ययनरत छात्रों की संख्या 45 हजार है। इनसे 60 रुपए की दर से 27 लाख रुपए लिए जाएंगे। इस तरह से प्रदेशभर में पांचवी-आठवीं में अध्ययनरत आरटीई छात्रों से 60 लाख रुपए की राशि स्कूल शिक्षा विभाग वसूलेगा।



### संस्था से मांगे हैं पैसे

हमने फीस संस्था से मांगी है, छात्रों से नहीं। फीस की यह राशि आरटीई के अंतर्गत क्लेम करें।

**- हिमांशु भारतीय**
जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर

### परीक्षा फीस का जिक्र नहीं

आरटीई की प्रतिपूर्ति राशि में कहीं भी परीक्षा फीस का जिक्र नहीं है। हमारे पास शासन को प्रदान करने छात्रों से फीस लेने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं है।

\- **राजीव गुप्ता,** अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ

### एक-दूसरे पर डाल रहे जिम्मेदारी


शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि आरटीई फीस जो शासन द्वारा प्रदान की जाती है, उसमें सभी तरह के शुल्क शामिल रहते हैं। केंद्रीकृत परीक्षा के लिए स्कूलों से छात्र दर के आधार पर राशि मांगी गई है। हमने संस्था का फीस जमा करने कहा है। पालकों से राशि लेने निर्देश नहीं दिए हैं। वहीं दूसरी ओर निजी स्कूल संघ का कहना है कि उन्हें जो आरटीई राशि प्रदान की जाती है, उनमें परीक्षा शुल्क शामिल नहीं होता है। यह केवल शैक्षणिक शुल्क होता है। छोटे स्कूलों के लिए किसी भी तरह का आर्थिक बोझ चिंतनीय है। शासन को गरीब छात्रों के लिए परीक्षा की व्यवस्था निशुल्क करनी चाहिए।

ITSA HOSPITALS

सभी के लिए किडनी स्वास्थ्य
लोगों की देखभाल, धरती की सुरक्षा

आपकी किडनियाँ 24/7 काम करती हैं
क्या आप उनका ध्यान रख रहे हैं?

अधिकतर किडनी की बीमारियों के लक्षण तब तक दिखाई नहीं देते जब तक बीमारी गंभीर न हो जाए। आज कराई गई एक साधारण स्वास्थ्य जाँच आपके भविष्य को सुरक्षित बना सकती है।




ऑफ़र की अवधि: 12 मार्च – 12 जून 2026
सीमित स्लॉट उपलब्ध

Plan 1
सम्पूर्ण किडनी जाँच पैकेज
वास्तविक कीमत: ₹5215 ✗ | विशेष ऑफ़र कीमत: ₹899 Only ✓

✓ यूरोलॉजिस्ट से परामर्श
✓ नेफ्रोलॉजिस्ट से परामर्श
✓ CBC (पूरा ब्लड काउंट)
✓ किडनी फंक्शन टेस्ट (यूरिया, क्रिएटिनिन, सोडियम, पोटैशियम, क्लोराइड)
✓ eGFR कैलकुलेशन (किडनी की कार्यक्षमता जाँच)
✓ ब्लड शुगर जाँच (फास्टिंग)
✓ स्पॉट यूरिन प्रोटीन : क्रिएटिनिन अनुपात (PCR)
✓ अल्ट्रासाउंड KUB ± (Prostate) + PVRU
✓ यूरिन रुटीन और माइक्रोस्कोपी जाँच
✓ यूरोफ्लोमेट्री + PVRU
✓ ब्लड प्रेशर जाँच
✓ BMI (बॉडी मास इंडेक्स) मापन

Plan 2
बेसिक किडनी जाँच
वास्तविक कीमत: ₹3800 ✗ | विशेष ऑफ़र कीमत: ₹499 Only ✓

✓ यूरोलॉजिस्ट से परामर्श
✓ नेफ्रोलॉजिस्ट से परामर्श
✓ CBC (पूरा ब्लड काउंट)
✓ किडनी फंक्शन टेस्ट (यूरिया, क्रिएटिनिन, सोडियम, पोटैशियम, क्लोराइड)
✓ यूरिन रुटीन और माइक्रोस्कोपी जाँच
✓ स्पॉट यूरिन प्रोटीन : क्रिएटिनिन अनुपात (PCR)
✓ अल्ट्रासाउंड KUB



डॉ. शिवेंद्र अग्रवाल
MBBS, MS General Surgery (Ahmedabad), FMAS MCh Urology (Bangalore) DrNB Urology
कंसलटेंट
यूरोलोजिस्ट, एंड्रोलॉजिस्ट, किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन
9 वर्षों से अधिक का अनुभव



डॉ. नमन महेश पाठक
MBBS , MD ( Internal Medicine) (BHU) DM Nephrology (AIIMS)
कंसलटेंट
नेफ्रोलॉजी और गुर्दा प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
7 वर्षों से अधिक का अनुभव

इट्सा हॉस्पिटल्स, अम्बुजा सिटी सेन्टर मॉल के पास, सड्डू, रायपुर, छ.ग.
0771 4800000, 7880 120000
www.itsahospitals.com



**नशे की खेती पर सरकार की सख्ती**

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

### आरोपियों को हिरासत में लिया गया

इस पूरे मामले में अधिकारियों का कहना है कि लगभग तीन एकड़ से अफीम की फसल को जब्त करने का काम देर तक चलेगा। इधर मामले में पुलिस ने लगभग पांच लोगों को हिरासत में लिया है और इनसे पूछताछ की जा रही है। अब तक यह नहीं पता चल पाया है कि अफीम की खेती में किसका हाथ था। पुलिस ने कुछ लोगों को पकड़ा जरूर है लेकिन कोई ठोस जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। अफीम की आधी फसल में चीरे लगाने का काम पूरा हो गया था। बाकी फसल में दो से तीन चीरे लगे हुए मिले। कुछ पौधे अब भी खिले हुए हैं और अधिकांश में डोडे लगे हुए हैं। पुलिस के लिए यह आकलन करना भी मुश्किल है कि कितनी मात्रा में अफीम निकाली गई और इसे कहां भेजा गया है।

# खेत से उखाड़ी अफीम की फसल, 100 से अधिक मजदूर लगाए गए, जब्ती का बनाया वीडियो

**पांच हिरासत में, पर खेती में किसका हाथ, अभी तक स्पष्ट नहीं, गांव में पुलिस बल तैनात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/कुसमी

**हरिभूमि फॉलोअप**

ग्राम त्रिपुरी के सरनाटोली ने जंगल किनारे अफीम की खेती के मामले में बुधवार को पुलिस व राजस्व विभाग की दिनभर कार्रवाई चली। कलेक्टर, एसपी की मौजूदगी में राजस्व व पुलिस विभाग की टीम ने खेत से अफीम की फसल को उखाड़ने के साथ ही जब्ती की कार्रवाई की। अफीम की खेती को लेकर कार्रवाई में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, फोरेंसिक की टीम भी जांच में शामिल हो गई है। अधिकारियों की मौजूदगी में कार्रवाई का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। इधर ▶▶|शेष पेज 6 पर

### चल रही है कार्रवाई

सूचना मिलने के बाद हमारी टीम लगातार मौके पर मौजूद है और कार्रवाई चल रही है। खेत से अफीम की फसल को जब्त करने की प्रक्रिया एनडीपीएस एक्ट के तहत चल रही है। इस प्रक्रिया में समय लगता है। कार्रवाई पूरी होने के बाद आगे की जानकारी सामने आ सकेगी।

-वैभव बैंकर एसपी बलरामपुर




## खबर संक्षेप

### निवेशकों की पूंजी 5.14 लाख करोड़ घटी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार के निवेशकों की पूंजी में बुधवार को 5.14 लाख करोड़ रुपए की कमी आई, क्योंकि पश्चिम एशिया में



बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण, एक दिन की राहत के बाद शेयर बाजार लुढ़क गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,342.27 अंक या 1.72 प्रतिशत टूटकर 76,863.71 अंक पर बंद हुआ।

### पशु चिकित्सा स्नातक में सिर्फ नीट-यूजी से दाखिला

**जयपुर।** बीकानेर स्थित राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में अगले शैक्षणिक सत्र से पशुचिकित्सा स्नातक पाठ्यक्रम के लिए दाखिला राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) के माध्यम से ही होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने हाल में हुई बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया। पहले दाखिला राजस्थान प्री-वेटरनरी टेस्ट (आरपीवीटी) के जरिए होता था। अधिकारियों ने बताया कि हालांकि, पहले भी विश्वविद्यालय नीट के माध्यम से प्रवेश देता था।

### पुलिसकर्मी 15 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**सहारनपुर।** सहारनपुर जिले के मण्डी थानाक्षेत्र में एक पुलिसकर्मी को बुधवार को भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने कथित रूप से 15 हजार



रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरक्षी विनोद कुमार को लेकर भ्रष्टाचार निवारण संगठन की एक टीम सदर बाजार थाने पहुचीं। मण्डी थानाक्षेत्र में खताखेडी चौकी पर तैनात इस मुख्य आरक्षी ने उसके भाई फैजान को मामले में उठा लिया था।

### केंद्रीय बलों में 93,000 से अधिक पद रिक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को राज्यसभा को बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और असम राइफल्स में 93,000 से अधिक पद रिक्त हैं। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने अर्द्धसैनिक बलों में रिक्तियों के आंकड़े पेश किए, जिसके अनुसार केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में सबसे अधिक 27,400 पद रिक्त हैं। इसके बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल है, जिसमें 28,342 पद खाली हैं।

### पूर्व राजनयिक संधू दिल्ली के एलजी

**नई दिल्ली।** पूर्व राजनयिक तरनजीत सिंह संधू ने लोक निवास में बुधवार को आयोजित समारोह में दिल्ली के 23वें उपराज्यपाल के रूप में शपथ ली। दिल्ली उच्च



न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने शपथ दिलाई। संधू ने दिल्ली को अपनी 'कर्मभूमि' बताया और कहा कि उन्होंने विदेश सेवा अधिकारी के रूप में यहां सेवा करने से पहले शहर में कॉलेज और विश्वविद्यालय में पढ़ाई की थी।

## गैस संकट : देशभर में लंबी कतारें, सरकार ने किया राहत का ऐलान

# घबराएं नहीं, बुकिंग के ढाई दिन के अंदर घर पहुंच जाएगा सिलेंडर

*अमेरिका और इजरायल के खिलाफ ईरान की जंग का असर भारत के करोड़ों लोगों पर पड़ता दिख रहा है। पश्चिम एशिया में जारी इस युद्ध के बीच लोग एलपीजी सिलेंडर की किल्लत से जूझ रहे हैं। कई रेस्टोरेंट बंद हो गए, लोग गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतार लगा रहे हैं। कई शहरों में पुलिस सुरक्षा में सिलेंडर बांटे जा रहे हैं। इस बीच, सरकार ने राहत दी है। कोई उपभोक्ता गैस सिलेंडर की बुकिंग करता है, तो उसे ढाई दिन के अंदर डिलीवरी हो जाएगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**खास खबर**

दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर रोक से होटलों और रेस्टोरेंट्स में खाना नहीं बन पा रहा है। वहीं, एलपीजी सिलेंडर की किल्लत के चलते अयोध्या में राम रसोई को बंद कर दिया गया है। आठ साल में पहला मौका है, जब राम रसोई बंद की गई है। इधर, सरकार का कहना है कि अब भारत का 70% कच्चा तेल उन रास्तों से आ रहा है जो स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बाहर हैं। पहले यह आंकड़ा 55% था। हमने खरीद में विविधता लाकर अपनी सप्लाई सुरक्षित कर ली है। गैस कंपनियों ने नए स्रोतों से एलएनजी के कार्गो सुरक्षित किए हैं। मंत्रालय के मुताबिक, दो बड़े एलएनजी जहाज अगले एक-दो ▶▶|शेष पेज 6 पर

### एलएनजी के 2 जहाज रास्ते में, जल्द पहुंचने की उम्मीद



- उत्तरप्रदेश और बिहार में पुलिस की सुरक्षा में बांटा जा रहा सिलेंडर
- अयोध्या के नि:शुल्क भोजनालय 'राम रसोई' करनी पड़ी बंद
- कहीं मेन्यू में कटौती, कहीं लकड़ी का इस्तेमाल, कई रेस्टोरेंट बंद

#### 2.5 दिन में ही होगी घरेलू सिलेंडर की डिलीवरी

*देश में रसोई गैस की कमी की खबरों को सरकार ने फेक बताया। जनता से शांत रहने की अपील की और LPG की कमी को लेकर झूठी खबरें न फैलाने को कहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि देश में एलपीजी की डिलीवरी साइकल अभी भी 2.5 दिन ही बना हुआ है।*



#### घरेलू एलपीजी का उत्पादन 25% तक बढ़ाया

देश में ईंधन की कोई कमी नहीं है और लोग घबराकर 'पैनिक बुकिंग' न करें। सप्लाई चेन को दुरुस्त रखने के लिए घरेलू एलपीजी का उत्पादन 25% तक बढ़ा दिया गया है। कुछ जगहों पर गलत जानकारी की वजह से लोग पैनिक बुकिंग और जमाखोरी कर रहे हैं। ग्राहकों को घबराने की जरूरत नहीं है, सप्लाई पूरी तरह सामान्य है।

### देशभर में ऐसा असर

#### दिल्ली में क्लाउड किचन

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के वसंत कुंज में क्लाउड किचन चलाने वाले उद्यमी गगनदीप सिंह सप्रा ने बताया कि एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति पूरी तरह रुक गई है। उनके आउटलेट के करीब 80 प्रतिशत मेन्यू को ऑफलाइन करना पड़ा है, क्योंकि अधिकतर व्यंजन तंदूर आधारित हैं।

#### मुंबई में घटाए जा रहे व्यंजन

मुंबई में भी कई रेस्टोरेंट गैस की अधिक खपत वाले व्यंजन कम कर रहे हैं। लोकप्रिय भोजनालय वसंत भूवन में डोसा और पाव भाजी के लाइव काउंटर अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए हैं। रसोई में अब इंडक्शन और कोयले से खाना बनाने की व्यवस्था की जा रही है।

#### चेन्नई में भी हालात गंभीर

एलपीजी की कमी का असर चेन्नई में भी गंभीर बताया जा रहा है। गैस वितरण कंपनियों के सूत्रों के अनुसार करीब पांच लाख कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति रुकने से स्थिति संकटपूर्ण हो गई है। होटल और उद्योगों को वैकल्पिक ईंधन तलाशने की सलाह दी गई है।

#### हैदराबाद में लकड़ी के चूल्हे पर बिरयानी

हैदराबाद में लोकप्रिय रेस्टोरेंट चेन शाह गौस कैफे ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कमी के कारण अपनी मशहूर बिरयानी पारंपरिक लकड़ी के चूल्हों पर बनानी शुरू कर दी है।



# घरघोड़ा वन क्षेत्र में दो हाथी शावकों की मौत

### हिरासत में तीन संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के सुहाई जंगल में दो हाथी शावकों की मौत होने की जानकारी मिली है। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव का पीएम कराया। पीएम रिपोर्ट के बाद मौत की असली वजह सामने आने की बात कही जा रही है। हालांकि इस मामले में वन विभाग के अधिकारियों द्वारा तीन संदिग्धों को हिरासत में लेने की जानकारी भी मिली है। देर शाम तक दाह संस्कार किया गया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को दोपहर करीब 12 घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के पाकादरहा क्षेत्र अंतर्गत कुरकुट नदी से लगे ▶▶|शेष पेज 6 पर



- घरघोड़ा वन क्षेत्र के सुहाई जंगल की घटना
- वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, पीएम के बाद किया दाह संस्कार


#### संदिग्धों से पूछताछ

हाथियों की मौत संदिग्ध परिस्थितियों मे होने की बात कही जा रही है। खास बात यह है कि वन विभाग ने इस मामले में तीन संदिग्धों को हिरासत में भी ले लिया है। उनसे पूछताछ भी शुरू कर दी है। पशु चिकित्सा अधिकारी की मौजूदगी में दोनों मृत हाथियों का पीएम कराया गया है। अब इसकी रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत की असलियत सामने आएगी। पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

**डिप्टी सीएम चौधरी के साथ शादी समारोह में पहुंचे थे**

# फारूक अब्दुल्ला पर फायरिंग की कोशिश, आरोपी पकड़ाया

**जम्मू।** जम्मू में नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर बुधवार देर शाम फायरिंग की कोशिश की गई है।



अब्दुल्ला ग्रेटर कैलाश इलाके में एक शादी समारोह में पहुंचे थे। उनके साथ जम्मू-कश्मीर के डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी भी मौजूद थे। जानकारी के मुताबिक, आरोपी कमल सिंह जम्वाल ने उन पर गोली चलाने की कोशिश की। सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हमले के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

#### फारूक अब्दुल्ला और सुरिंदर चौधरी सुरक्षित

अधिकारियों ने बताया कि फारूक अब्दुल्ला और सुरिंदर चौधरी सुरक्षित हैं। घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस ने पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही घटना के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

*स्टेट कैपिटल रीजन की पहली बैठक में मैराथन मंथन*

# महानगरों की तर्ज पर होगा विकास सीएसआर बनेगा छग का ग्रोथ इंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार को विधानसभा परिसर स्थित उनके कार्यालय में छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण (स्टेट कैपिटल रीजन एससीआर) की पहली बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा- यह क्षेत्र बड़े महानगरों की तर्ज पर ▶▶|शेष पेज 6 पर

- आधुनिक अधोसंरचना और कनेक्टिविटी को मिलेगी गति



#### महानगरों की तरह विकसित होगा सीएसआर


बैठक में बताया गया कि राजधानी रायपुर और उसके आसपास के क्षेत्रों को स्टेट कैपिटल रीजन के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसमें रायपुर, दुर्ग-भिलाई, नवा रायपुर अटल नगर और आसपास के क्षेत्र शामिल ▶▶|शेष पेज 6 पर

#### अपेक्षाएं बढ़ीं, पूरा करना सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजधानी रायपुर और आसपास के शहर तेजी से विकसित होते हुए एक बड़े शहरी क्षेत्र का रूप ले रहे हैं, इसलिए महानगरों की तर्ज पर इनके संतुलित और योजनाबद्ध विकास की ▶▶|शेष पेज 6 पर

**शाह ने जमकर घेरा**

# स्पीकर को हटाने विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव गिरा



- ओम बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा से जुड़ा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को उनके पद से हटाने के लिए लाए गए अविश्वास प्रस्ताव गिर गया। इससे पहले चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आचरण और सदन की कार्यवाही में उनकी भागीदारी पर ▶▶|शेष पेज 6 पर

#### एलओपी को न बोलने देने का बना इतिहास

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मैं जब भी लोकसभा में बोलने के लिए खड़ा होता हूं। मुझे सत्ता पक्ष से हमेशा टोका-टोकी के साथ रोका जाता है। अब यह भी इसी सदन का इतिहास है कि यहां एलओपी को अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले संसद के बजट सत्र की शुरुआत के साथ राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान मैंने कई जरूरी मुद्दे उठाए थे।

#### वेणुगोपाल-दुबे में भी हुई कहासुनी

कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने भी चर्चा में भाग लेते हुए कहा, संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेता प्रतिपक्ष 'प्रधानमंत्री के प्रतिबिंब (शेडो प्राइम मिनिस्टर) समान होते हैं। लेकिन सदन में एलओपी के बोलते वक्त माइन ऑफ कर दिया जाता है। जबकि सत्ता पक्ष से निशिकांत दुबे के कभी भी खड़े होने अपने आप माइक ऑन हो जाता है।

## डीआरडीओ और नौसेना का एडीसी-150 ट्रायल सफल


# समुद्र में फंसे जहाजों को अब आसमान से मिलेगी तुरंत मदद!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

समंदर में भारतीय नौसेना की ताकत में और इजाफा हुआ है। नौसेना ने अपनी लॉजिस्टिक्स क्षमताओं में एक नई उपलब्धि जोड़ी है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और भारतीय नौसेना दोनों ने संयुक्त रूप से गोवा के तट पर पी-8आई विमान से स्वदेशी एयर ड्रॉपेबल कंटेनर 'एडीसी-150' का इन-फ्लाइट रिलीज परीक्षण किया। ये परीक्षण विभिन्न चरम परिस्थितियों में किए गए जो पूरी तरह से सफल रहे। यह परीक्षण नौसेना के पी-8आई समुद्री गश्ती विमान से किया गया। नौसेना के लिए ये कंटेनर बेहद खास है। इससे नौसेना की परिचालन रसद क्षमता बहुत बढ़ जाएगी। ये परीक्षण 21 फरवरी से ▶▶|शेष पेज 6 पर

#### क्या है एडीसी-150

एडीसी-150 एक स्वदेशी एयर ड्रॉप सिस्टम है, जिसकी मदद से विमान से समुद्र में मौजूद जहाजों तक करीब 150 किलोग्राम तक जरूरी सामान पहुंचाया जा सकता है। स्वदेशी एयर ड्रॉपेबल कंटेनर एडीसी-150 के जरिए समुद्र में तैनात नौसैनिक जहाजों को जरूरी उपकरण, दवाइयां और मेडिकल सहायता, जरूरी स्पेयर पार्ट्स और अन्य आपातकालीन सामान काफी तेजी से पहुंचाया जा सकेगा।



#### कैसे काम करता है सिस्टम

*यह कंटेनर विमान से गिराए जाने के बाद पैराशूट की मदद से धीरे-धीरे समुद्र में उतरता है, जिससे अंदर रखा सामान सुरक्षित रहता है और जहाज उसे आसानी से उठा सकते हैं।*

#### किसने किया विकास

*इस परियोजना का नेतृत्व नौसैनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला, विशाखापत्तनम ने किया। वहीं एरियल डिलीवरी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, आगरा ने पैराशूट सिस्टम विकसित किया. तो वहीं सैन्य वायु योग्यता एवं प्रमाणन केंद्र, बेंगलुरु ने उड़ान अनुमति और प्रमाणन दिया, जबकि रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला, हैदराबाद ने परीक्षण के लिए तकनीकी सहयोग दिया।*

#### जल्द नौसेना में होगा शामिल

डीआरडीओ के मुताबिक सभी परीक्षण सफल रहे हैं और अब यह सिस्टम जल्द ही भारतीय नौसेना में शामिल किया जा सकता है। यह सिस्टम खासतौर पर उन नौसैनिक जहाजों के लिए बहुत उपयोगी होगा जो तट से दूर गहरे समुद्र में तैनात रहते हैं। ऐसे में किसी आपात स्थिति में जरूरी सामान और मेडिकल सहायता सीधे आसमान से जहाज तक पहुंचाई जा सकेगी।



चिंतन

# इच्छा मृत्यु पर कानून बनाए जाने की जरूरत

भारत में इच्छामृत्यु का सवाल लंबे समय से कानूनी, नैतिक और मानवीय बहस का विषय रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने 13 वर्षों से कोमा में पड़े युवक हरीश राणा को पैसिव यूथेनेशिया यानी इच्छामृत्यु की अनुमति देकर एक महत्वपूर्ण और मानवीय फैसला दिया है। यह निर्णय केवल एक व्यक्ति की पीड़ा से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि यह उस व्यापक प्रश्न को भी सामने लाता है कि असाध्य बीमारी और असहनीय पीड़ा झेल रहे व्यक्ति को क्या सम्मानपूर्वक मृत्यु का अधिकार मिलना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने एक बार फिर यह जरूरत रेखांकित कर दी है कि भारत में इच्छामृत्यु को लेकर स्पष्ट और व्यापक कानून बनाया जाए, ताकि ऐसे संवेदनशील मामलों में न्यायिक और चिकित्सीय प्रक्रिया स्पष्ट हो सके। हरीश राणा की कहानी बेहद मार्मिक है। दिल्ली में जन्मे हरीश चंडीगढ़ स्थित पंजाब में बीटेक के छात्र थे। वर्ष 2013 में हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरने के बाद उन्हें गंभीर चोटें आईं और वे कोमा में चले गए। डॉक्टरों ने उन्हें क्वाड्रिप्लेजिया से पीड़ित बताया, जिसमें मरीज के चारों अंग काम करना बंद कर देते हैं और वह पूरी तरह लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर निर्भर हो जाता है। पिछले 13 वर्षों से वे वेंटिलेटर और फीडिंग ट्यूब के सहारे जीवन जी रहे हैं। लंबे समय तक बिस्तर पर पड़े रहने से उनके शरीर पर गंभीर घाव बन गए हैं और उनकी स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। परिवार के लिए यह स्थिति मानसिक पीड़ा के साथ-साथ भारी आर्थिक बोझ का कारण भी बन चुकी है। इस मामले में शीर्ष कोर्ट ने निर्देश दिया कि लाइफ सपोर्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए, ताकि मरीज की गरिमा बनी रहे। देश में इच्छामृत्यु को लेकर न्यायिक आधार पहले से मौजूद है। वर्ष 2011 में मुंबई की नर्स अरुणा रामचंद्र शानबाग के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार पैसिव यूथेनेशिया को सीमित रूप में मान्यता दी थी। इसके बाद 2018 में एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने ऐतिहासिक फैसला देते हुए पैसिव यूथेनेशिया को वैध ठहराया और 'लिविंग विल' को भी मान्यता दी। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा था कि सम्मान के साथ जीने का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आता है, इसलिए आवश्यक है कि संसद इस विषय पर स्पष्ट और व्यापक कानून बनाए। दुनिया के कई देशों में इच्छामृत्यु को लेकर अलग-अलग व्यवस्था है। दूसरी ओर कई बड़े देशों में इच्छामृत्यु को लेकर अभी भी कड़े प्रतिबंध हैं। अमेरिका में संघीय स्तर पर एक्टिव यूथेनेशिया अवैध है, हालांकि कुछ राज्यों में डॉक्टर की सहायता से मृत्यु की सीमित अनुमति है। चीन और रूस जैसे देशों में इच्छामृत्यु पूरी तरह प्रतिबंधित है और इसे कानूनन अपराध माना जाता है। इसी तरह पाकिस्तान में भी धार्मिक और कानूनी आधारों पर इच्छामृत्यु को पूरी तरह गैरकानूनी माना गया है। इन अंतरराष्ट्रीय उदाहरणों से स्पष्ट है कि दुनिया के अलग-अलग देशों ने अपने सामाजिक, सांस्कृतिक और कानूनी ढांचे के अनुसार इस विषय पर अलग-अलग रास्ते अपनाए हैं। भारत में भी कानून बनाते समय मानवीय संवेदना और कानूनी सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी होगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि आर्थिक बोझ, पारिवारिक दबाव या संपत्ति विवाद के कारण किसी मरीज को जबरन इच्छामृत्यु की ओर न धकेला जाए।



विश्लेषण
राज कुमार सिंह

मध्य पूर्व में भड़क रही जंग के लिए भी किसी एक पक्ष को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन शांति वार्ताओं के बीच ईरान पर हमले की शुरुआत निश्चय ही अमेरिका और इजराइल ने की। कभी जन संहारक हथियारों का हौव्वा खड़ा कर इराक पर हमला करने वाले अमेरिका के अब इस तर्क पर विश्वास कर पाना आसान नहीं कि ईरान उस पर हमला करने ही वाला था। राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को मौत के घाट उतार कर इराक को लगभग बर्बाद कर दिया गया, लेकिन जन संहारक हथियार आज तक नहीं मिले। पहले ही हमले में सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई को मार दिया गया, लेकिन ईरान के उन्नत परमाणु कार्यक्रम के प्रमाण अभी तक नहीं मिले हैं।

# जितनी लंबी जंग, उतने व्यापक दुष्परिणाम

जाहिर है, जंग एकतरफा नहीं हो सकती। इसलिए मध्य पूर्व में भड़क रही जंग के लिए भी किसी एक पक्ष को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन शांति वार्ताओं के बीच ईरान पर हमले की शुरुआत निश्चय ही अमेरिका और इजराइल ने की। कभी जन संहारक हथियारों का हौव्वा खड़ा कर इराक पर हमला करने वाले अमेरिका के अब इस तर्क पर विश्वास कर पाना आसान नहीं कि ईरान उस पर हमला करने ही वाला था। राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को मौत के घाट उतार कर इराक को लगभग बर्बाद कर दिया गया, लेकिन जन संहारक हथियार आज तक नहीं मिले। 28 फरवरी को पहले ही हमले में सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई समेत 40 प्रमुख लोगों को मार दिया गया, लेकिन ईरान के उन्नत परमाणु कार्यक्रम के प्रमाण अभी तक नहीं मिले हैं। जाहिर है, राजनीति की तरह कूटनीति में भी माहौल बनाने के लिए बहुत कुछ कह दिया जाता है, जिसका सच से कोई वास्ता नहीं होता। इजराइल के खुफिया सूचना तंत्र की बदौलत खामेनेई समेत शीर्ष नेतृत्व के चालीस सदस्यों को पहले ही दिन मार गिराये जाने के बाद अमेरिका को लगा होगा कि ईरान में कठपुतली सरकार बनवाना बस एक-दो दिन का काम है, लेकिन 11 दिन से जारी जंग और विश्व पर उसके व्यापक असर से साफ हो गया कि वह आकलन गलत था। आर्थिक और सैन्य महाशक्ति अमेरिका से जीत की गलतफहमी ईरान को नहीं होगी, लेकिन उसकी संप्रभुता एवं अस्तित्व रक्षा की जंग लंबी चल सकती है।

कम आबादी के बावजूद इजराइल की उन्नत रक्षा तकनीक और सामर्थ्य किसी से छिपी नहीं है, लेकिन दोनों मिल कर भी ईरान पर काबू तो दूर, उसके जवाबी हमलों से बच तक नहीं पा रहे। 18-20 लाख रुपये लागत वाले ईरानी ड्रोन को मार गिराने के लिए अमेरिका को 35-37 करोड़ रुपये की मिसाइल चलानी पड़ रही है। अमेरिका का औसत युद्ध खर्च आठ हजार करोड़ रुपये प्रतिदिन आ रहा है। युद्ध के अन्य असर अलग हैं। जंग जितनी लंबी चलेगी, आर्थिक रूप से भी अमेरिका को भारी पड़ेगी। कभी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कहते हैं कि जंग चार-पांच सप्ताह चल सकती है तो कभी जल्द समाप्त होने की भविष्यवाणी कर कच्चे तेल की कीमतों में लगी आग बुझाने की कोशिश करते हैं। उधर, ईरान छह महीने की तैयारी की बात कह रहा है। हालांकि ऐसी जंग के बीच मृतकों की सही संख्या बता पाना मुश्किल होता है। फिर भी मान लें कि ईरानी बहुत ज्यादा संख्या में मारे जा रहे हैं, तो यह नहीं भूलना चाहिए कि अपने सैनिकों की सुरक्षा को लेकर अमेरिका ज्यादा संवेदनशील माना जाता है। जंग जारी रही और जमीन पर भी उतरी तो ताबूत में स्वदेश लौटने वाले अमेरिकी सैनिकों की संख्या बढ़ेगी ही। इजराइल की जंग में अवांछित अग्रणी भूमिका के विरोध में जारी प्रदर्शन, अपने सैनिकों की मौत से न सिर्फ और भड़केंगे, बल्कि ट्रंप को उसकी भारी राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ेगी। व्यापारी मूलतः धैर्यवान माने जाते हैं, पर ट्रंप का उतावलापन किसी से छिपा नहीं है। ज्यादा पुरानी घटना नहीं है, जब ट्रंप ने फोर्स वन भेज कर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सपत्नीक उठवा लिया और खुद को वहां का कार्यवाहक राष्ट्रपति भी सोशल मीडिया पर लिखना शुरू कर दिया। खामेनेई के खात्मे के बाद




उन्होंने यह कहने में भी संकोच नहीं किया कि उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार उन्हें मिलना चाहिए। किसी दूसरे देश का नेतृत्व खुद चुनने की सोच तानाशाही का मुंह बोलता प्रमाण ही है, लेकिन विश्व समुदाय मौन रहा। फिर भी जो हुआ, वह सबके सामने है। ट्रंप की धमकियों के बावजूद ईरान ने खामेनेई के बेटे मोजतबा को ही अपना नया सर्वोच्च नेता चुना और मध्य पूर्व में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले भी बदस्तूर जारी हैं। बेशक इससे मध्य पूर्व के ये इस्लामी देश ईरान के विरुद्ध हो जाएंगे, लेकिन वे तो पहले से ही अमेरिका का सैन्य अड्डा बने हुए हैं। वैसे खेद जताते हुए भी ईरान ने स्पष्ट कर दिया कि अगर वे उस पर हमलों के लिए लांचिंग पैड बनेंगे तो जवाबी हमले जारी रह सकते हैं। जाहिर है, इन देशों में अमेरिका ने सैन्य ठिकाने बनाये ही लांचिंग पैड की तरह इस्तेमाल के लिए हैं। अब इन देशों की सुरक्षा का दबाव अमेरिका पर अवश्य बढ़ रहा है। चीन और रूस द्वारा ईरान की मदद के अमेरिकी दावों का सच पता कर पाना आसान नहीं, लेकिन अगर अप्रत्यक्ष रूप से भी ऐसा हुआ तो जंग लंबी खिंचना तय है। ईरान ने जिस तरह चीन और रूस के अलावा शेष विश्व के लिए होर्मुज जल डमरूमध्य मार्ग बंद कर दिया है, उसके दो संदेश साफ हैं: एक, चीन और रूस के प्रति उसका मित्रताभाव। जाहिर है, ऐसी रियायत न मिलना भारत की कूटनीति पर सवाल भी खड़े करता है। दूसरा, इससे अन्य देशों की ऊर्जा चुनौतियां बढ़ेंगी, जो अमेरिका पर जंग समाप्ति का दबाव बना सकते हैं। 11 दिन की जंग में ही कई देशों में पेट्रोल-डीजल और गैस की किल्लत तथा आसमान छूती कीमतें भविष्य के गंभीर संकट का संकेत ही हैं। विश्व भर की ऊर्जा जरूरतों की लगभग एक-चौथाई आपूर्ति होर्मुज जलडमरू मध्य मार्ग से ही होती है, जिस पर ईरान का नियंत्रण है। खुद कभी भी और किसी भी देश पर हमला करना अपना अधिकार समझने वाले ट्रंप अंतरराष्ट्रीय जल मार्ग पर किसी का अधिकार न होने का तर्क देते हुए ईरान को और भी 20 गुना ज्यादा ताकत से हमले की धमकियां तो दे रहे हैं, पर उनका असर होने की उम्मीद नहीं दिखती। इराक और अफगानिस्तान समेत कई देशों में अमेरिकी सैन्य आक्रमण में भागीदार बनने वाले नाटो सदस्य देश इस बार ईरान पर हमले में साथ नहीं हैं। कुछ देशों ने तो अमेरिका को अपने सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल तक नहीं करने दिया। इसे विश्व व्यवस्था में अमेरिका के अलग-थलग पड़ने का संकेत भी माना जा रहा है। बेशक अहमन्यता और साम्राज्यवाद अमेरिकी चरित्र का हिस्सा रहा है, लेकिन ट्रंप जिस तरह दुनिया को खुलेआम धमका रहे हैं, उसे वैश्विक व्यवस्था के लिए ही खतरे के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। इसलिए यह युद्ध चाहे-अनचाहे नई वैश्विक व्यवस्था की भूमिका भी लिखने जा रहा है। शायद यही कारण है कि भारत समेत कुछ देश जल्दबाजी में अपने पत्ते नहीं खोलना चाहते। विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र तथा आर्थिक एवं सैन्य महाशक्ति अमेरिका की हैसियत डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे राष्ट्रपति काल के बाद भी बरकरार रह पाएगी- इस पर अब संदेह और सवाल गहराने लगे हैं।

गौरतलब है कि यूएस-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग का असर केवल इन देशों तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि दुनिया के कई देश इसके दायरे में आ चुके हैं। मिडिल ईस्ट में तनाव से गैस आपूर्ति का खतरा मंडरा रहा है। कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं, पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर भी इसका असर दिखाई दे सकता है। आने वाले समय में ये संकट और बड़ा हो सकता है। स्ट्रेट ऑफ हार्मुज के बंद होने से जहाज फंसे हैं, जिसके कारण शिपिंग और फर्टिलाइजर के दाम बढ़ने की आशंका है। हालांकि इन चुनौतीपूर्ण हालात से निपटने के लिए भारत ने कूटनीतिक गतिविधियां तेज कर दी हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

अभियान
बलकार सिंह पूनियां



# महिला नेतृत्व से सुदृढ़ होता जमीनी लोकतंत्र

भारत का लोकतंत्र केवल संसद और विधानसभाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी वास्तविक शक्ति गांवों और स्थानीय समुदायों में स्थित पंचायती राज संस्थाओं में निहित है। जब स्थानीय स्तर पर शासन व्यवस्था मजबूत होती है, तब लोकतंत्र की जड़ें और गहरी होती हैं और विकास अधिक समावेशी बनता है। इसी दृष्टि से पंचायती राज मंत्रालय ने नई दिल्ली में पंचायतों की चुनी हुई महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों का एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया है। 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' के अंतर्गत आयोजित इस सम्मेलन का केंद्रीय संदेश है-"सशक्त महिला, सशक्त पंचायत।" इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं को अधिक समावेशी बनाना तथा ग्रामीण शासन में महिला नेताओं की भूमिका को सामने लाना है। यह सम्मेलन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक वर्ष की उस प्रेरणादायी यात्रा का उत्सव है, जिसकी शुरुआत 4 मार्च 2025 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के संदर्भ में हुई थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ग्राम पंचायतों में, विशेष रूप से महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने के लिए क्षमता निर्माण और आत्मविश्वास बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। देश में पंचायती राज संस्थाओं में 14 लाख से अधिक महिला निर्वाचित प्रतिनिधि कार्य कर रही हैं। कई राज्यों ने महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत तक आरक्षण लागू किया है, जिससे महिला नेतृत्व का विस्तार और अधिक हुआ है। उल्लेखनीय बात यह भी है कि बिहार सहित कई राज्यों में महिलाएं आरक्षित सीटों के अतिरिक्त अनारक्षित सीटों पर भी निर्वाचित होकर सामने आ रही हैं, जो ग्रामीण राजनीति में बढ़ते आत्मविश्वास और सामाजिक परिवर्तन का संकेत है। पिछले एक वर्ष में 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज की गई हैं। संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत वर्ष 2025-26 में कुल 6,81,758 महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त "चैंपियनिंग ऑफ चेंजः स्थानीय शासन में महिला नेत्रियों का सशक्तिकरण" नामक विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल के माध्यम से 1,21,512 महिला प्रतिनिधियों और मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि इसका उद्देश्य महिला प्रतिनिधियों को प्रशासनिक प्रक्रियाओं, निर्णय-निर्माण और स्थानीय शासन के व्यावहारिक पक्षों से परिचित कराना था। इसी क्रम में 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने कुल 744 मॉडल महिला-हितैषी ग्राम पंचायतों का चयन किया है। प्रत्येक जिले में एक ग्राम पंचायत को इस रूप में चिन्हित किया गया है ताकि वे महिला-केंद्रित शासन की मिसाल बन सकें। इन मॉडल महिला-हितैषी ग्राम पंचायतों के विकास के लिए 310 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं, जो सरपंचों, पंचायत सचिवों और अन्य हितधारकों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। हालांकि पंचायतों में महिलाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, फिर भी कुछ चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। कई स्थानों पर महिला प्रतिनिधियों को अपने अधिकारों और दायित्वों के निर्वहन में सामाजिक और संस्थागत बाधाओं का सामना करना पड़ता है। प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व की समस्या भी कई राज्यों में देखी जाती है, जहां निर्वाचित महिला प्रतिनिधि के स्थान पर उनके पति या अन्य पुरुष रिश्तेदार निर्णय लेते हैं।

इसी समस्या को ध्यान मं रखते हुए पंचायती राज मंत्रालय ने "से नो टू प्रोक्सी सरपंच" नामक राष्ट्रव्यापी सोशल मीडिया अभियान शुरू किया है, जो 8 से 18 मार्च 2026 तक चलाया जा रहा है। यह सम्मेलन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच सहकर्मी-अधिगम और श्रेष्ठ प्रथाओं के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करेगा। साथ ही उत्कृष्ट महिला पंचायत नेत्रियों को 'बीकन महिला नेत्री' के रूप में सम्मानित किया जाएगा, ताकि उनके कार्यों से अन्य प्रतिनिधियों को प्रेरणा मिल सके। अंततः यह कहा जा सकता है कि 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' भारत के जमीनी लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जब महिलाएं नेतृत्व करती हैं तो शासन अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और समावेशी बनता है। पंचायतों में महिला प्रतिनिधियों को वास्तविक अधिकार और अवसर प्रदान करना केवल लैंगिक समानता का प्रश्न नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विकास की अनिवार्य शर्त है। यह राष्ट्रीय सम्मेलन उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो महिला नेतृत्व के माध्यम से सशक्त पंचायत और सशक्त ग्रामीण भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

(लेखक सहायक प्रोफेसर इग्नू नई दिल्ली हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## सच बोलना सबसे बड़ी तपस्या



संकलित
दर्शन

सत्य ही सर्वस्व है। सत्य के बिना सदाचार, दान, कीर्ति, धन किसी काम के नहीं। जहां सत्य होगा, वहां ये सभी होंगे। सत्य परमात्मा है। सत्य प्रभु से भिन्न नहीं है। सत्य के द्वारा मनुष्य ईश्वर के निकट जा सकता है। जंगलों, पहाड़ों और वीराने में एकांतवास करना तपस्या नहीं है। जीवन में सच बोलना और सच की राह पर चलना ही सबसे बड़ी तपस्या है। धर्म के चार पद हैं- सत्य, तप, दया और पवित्रता। इन चार चरणों में सत्य सर्वोपरि है। महाभारत में राजा सत्यदेव की कथा आती है। एक दिन राजा ने स्वप्न देखा कि चंचला लक्ष्मी उनके महल से कुछ समय पश्चात चली जाएगी। एक दिन सुबह जब सत्यदेव उठे, तो उन्होंने एक सुंदर स्त्री को घर से निकलते देखा। राजा ने आश्चर्य से उस स्त्री से पूछा, 'आप कौन हैं?' जवाब मिला, 'मेरा नाम लक्ष्मी है। अब मैं इस घर से जा रही हूं। राजा ने कहा कि आप जा सकती हैं। लक्ष्मीजी चली गईं। उसके पीछे एक सुंदर पुरुष को बाहर जाते देखकर राजा ने पूछा, आप कौन हैं?' उत्तर मिला, 'मेरा नाम दान है। लक्ष्मी के जाने के बाद आप दान नहीं कर सकेंगे, इसलिए मैं आपका घर छोड़ कर जा रहा हूं।' राजा ने कहा कि आप भी जा सकते हैं। इसके बाद तीसरा सदाचार और चौथा यश, पुरुष के रूप में बाहर आए। राजा के पूछने पर लक्ष्मी तथा दान के साथ जाने की कहने पर राजा ने दोनों को जाने दिया। जब पांचवां पुरुष सत्य जाने लगा, तो राजा ने हाथ जोड़ विनयपूर्वक कहा, 'मैंने तो आपका कभी त्याग नहीं किया। आप मुझको किसलिए छोड़ रहे हैं?

## समर्पण ही सच्ची भक्ति



संकलित
प्रेरणा

एक बार परमहंसदेव अपने शिष्यों को कुछ उपदेश दे रहे थे। वह शिष्यों को अवसर की महत्ता बता रहे थे । वह बोल रहे थे कि मनुष्य अक्सर अपने जीवन में आये सुअवसरों को ज्ञान और साहस की कमी के कारण खो देता है। अज्ञान के कारण मनुष्य या तो अवसर को समझ ही नहीं पाता और कोई समझ भी जाये तो उसका लाभ उठाने के अनुरूप उसमें साहस नहीं होता। जब उन्होंने देखा कि बात शिष्यों को समझ नहीं आ रही है तो उन्होंने सामने ही बैठे नरेंद्र से कहा– नरेंद्र ! मान ले अगर तू एक मक्खी है और तेरे सामने अमृत का एक कटोरा भरा पड़ा है। अब बता तू उसमें कूद पड़ेगा या किनारे बैठकर उसे छूने की कोशिश करेंगा? नरेंद्र बोला- किनारे बैठकर छूने की कोशिश करूंगा। बीच में कूद पड़ा तो प्राण संकट में आ सकते है । इसलिए बुद्धिमानी इसी में है कि किनारे बैठकर खाने की कोशिश की जाये। पास में बैठे दुसरे शिष्यों ने विवेकानंद के तर्क की खूब सराहना की । किन्तु परमहंसजी हँसे और बोले- मुर्ख! जिस अमृत को पीकर तू अमर होने की कल्पना करता है, उसमें भी डूबने से डरता है। जब अमृत में डूबने का सुअवसर मिल रहा है तो फिर मृत्यु का भय क्यों? तब शिष्यों को बात समझ में आई। चाहे आध्यात्मिक उन्नति हो या भौतिक, जब तक पूर्ण समर्पण नहीं होता, सफलता संदिग्ध है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्रकृति स्वरूपा है नारी ब्रह्मांड का आधार है नारी

प्रति वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। महिलाओं की सुरक्षा के दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल की सच्चाईयां बहुत ही खौफनाक हैं। महिलाओं पर जुल्म बढ़ते ही जा रहे हैं। इतिहास साक्षी है कि नारी प्रकृति स्वरूपा है, नारी ब्रह्मांड का आधार है, नारी जगत जननी है, न मजबूर न समझो इसे बेचारी। सजीवन एक खूबसूरत यात्रा है। इसी यात्रा में हम संघर्ष करते हुए सदैव गतिमान रहते हैं।

-विजया राजपूत, भिलाई

## ट्रेंड

### विनम्र श्रद्धांजलि



स्वधर्म, स्वराज एवं राष्ट्ररक्षा हेतु अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले महान मराठा छत्रपति संभाजी महाराज के बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि। राष्ट्रधर्म की वेदी पर उनका सर्वोच्च बलिदान भारतीय इतिहास में वीरता, त्याग एवं स्वाभिमान का स्वर्णिम अध्याय है।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### सिविक सेंस



कुछ लोग जब सदन के अंदर आते हैं तो सिविक सेंस, कॉन्स्टिट्यूशनल सेंस और कॉमन सेंस बाहर ही छोड़ कर आते हैं। राहुल गांधी को लगता है कि नियम उनके लिए नहीं है, नियम उनसे है।

-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा

### रसोई गैस संकट



देश में रसोई गैस आपूर्ति पर गहराता संकट बेहद चिंताजनक है। मोदी सरकार इस संभावित राष्ट्रीय संकट को लेकर भी हमेशा की तरह लापरवाह और असंवेदनशील बनी हुई है। समय रहते स्थिति का आकलन ना कर पाना केंद्र सरकार का स्पष्ट 'कलेक्टिव फेलियर' है।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### कच्चे माल की सुरक्षा




भारत को ऐसे युद्ध के प्रतिकूल परिणामों का सामना करते देखना दुखद है, जिससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है, खासकर कच्चे माल की सुरक्षा के संदर्भ में। हमें अपने तेल, तांबे, सोने या किसी अन्य धातु संसाधन का आयात नहीं करना पड़ता।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

## करंट अफेयर

### मोजतबा खामेनेई के स्वास्थ्य को लेकर अटकलें तेज



ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई के स्वास्थ्य को लेकर बुधवार को उस समय अटकलें तेज हो गईं जब ईरान के राष्ट्रपति के बेटे ने उनके 'घायल होने' संबंधी समाचार सुनने की बात कही। मोजतबा (56) इजराइल और अमेरिका के हमलों में मारे गए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे हैं। ईरान में मोजतबा लंबे समय से एक रहस्यमय शख्सियत रहे हैं। उनके पिता एवं पत्नी की 28 फरवरी को इजराइली हवाई हमले में मौत हो गई थी और उसी हमले के बाद युद्ध शुरू हुआ। इसके बाद से मोजतबा सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए हैं और सोमवार को सर्वोच्च नेता बनने के बाद से उन्होंने कोई बयान भी नहीं दिया है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के बेटे यूसुफ पेजेशकियन ने टेलीग्राम ऐप पर रात में एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा , मैंने मोजतबा के घायल होने की खबरें सुनीं। मैंने उनके संपर्क में रहे मित्रों से इसके बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि 'अल्लाह का शुक्र है, वह स्वस्थ हैं और कोई समस्या नहीं है।

## ऑफ बीट

### 'भारत टैक्सी' का जल्द ही सभी बड़े शहरों में विस्तार



सरकार ने बुधवार को कहा कि सहकारी क्षेत्र की परिवहन सेवा 'भारत टैक्सी' का अगले दो से तीन वर्षों में देश के सभी बड़े शहरों और तालुका तक विस्तार किया जाएगा। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान सहकारी समितियों द्वारा रोजगार सृजन से जुड़े पूरक सवालों के जवाब में सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल ने कहा कि 'भारत टैक्सी' की शुरुआत ड्राइवरों को सशक्त बनाने और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा, इसकी बुकिंग मोबाइल ऐप के माध्यम से आसानी से की जा सकती है। इसमें सुरक्षा की पूरी गारंटी और पूर्ण पारदर्शिता है। इसे दिल्ली पुलिस के साथ भी संबद्ध किया गया है। मंत्री ने बताया कि 'भारत टैक्सी' फिलहाल दिल्ली–एनसीआर के अलावा गुजरात के अहमदाबाद, राजकोट, सोमनाथ और द्वारका में संचालित हो रही है। उन्होंने कहा, अगले दो या तीन वर्षों में इस सेवा को सभी बड़े शहरों और तालुका तक पहुंचाया जाएगा। अब तक इसके साथ चार लाख ड्राइवर पंजीकृत हो चुके हैं। पिछले महीने केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 'भारत टैक्सी' सेवा की शुरुआत की थी, जो सहकारी आधार पर संचालित देश का पहला 'राइड–हेलिंग प्लेटफॉर्म' है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com





## खबर संक्षेप

### आज आएगा ईरान से 100 भारतीय स्टूडेंट्स का पहला बैच

**नई दिल्ली।** ईरान में पढ़ रहे 100 भारतीय स्टूडेंट्स का पहला बैच गुरुवार के रास्ते अर्मेनिया बॉर्डर से निकलेगा। स्टूडेंट्स एसोसिएशन के कन्वीनर ने बताया कि, तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेडिकल साइंसेज, ईरान यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेडिकल साइंसेज, और शाहिद बेहेश्टी यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेडिकल साइंसेज में एनरोल्ड स्टूडेंट्स को दो इवैक्युएशन रूट दिए गए हैं, एक आर्मेनिया का दूसरा अजरबैजान का। अधिकारी और स्टूडेंट ग्रुप यह पक्का करने के लिए कोऑर्डिनेट कर रहे हैं कि जो लोग जाना चाहते हैं, वे तय एग्जिट पॉइंट तक सुरक्षित यात्रा कर सकें। कई स्टूडेंट्स ने तुरंत बॉर्डर पार करने के बजाय कमर्शियल फ्लाइट से भारत लौटने का ऑप्शन चुना है। शिराज यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेडिकल साइंसेज़ में, जहां 86 भारतीय मेडिकल छात्र अभी अपनी पढ़ाई कर रहे हैं, लोकल अधिकारियों ने उनके आने-जाने को आसान बनाने के लिए एक अलग इवैक्युएशन रूट का सुझाव दिया है। इस प्लान के तहत, छात्र अजरबैजान के बाकू में शिराज – क़ोम – बाकू एयरपोर्ट से जा सकते हैं, जहां से वे भारत के लिए इंटरनेशनल फ़्लाइट ले सकते हैं।

### आगरा से एक पाकिस्तानी जासूस हुआ गिरफ्तार

**आगरा।** यूपी एटीएस ने आगरा से एक पाकिस्तानी जासूस को गिरफ्तार किया है। आरोपी भारतीय



नौसेना यानी नेवी में लांस नायक है। वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी कर रहा था। आरोपी ने आईएसआई एजेंट को देश के युद्धपोतों की तस्वीरें और डिटेल्स भेजी हैं। एटीएस ने मंगलवार को आरोपी आदर्श कुमार उर्फ लकी को आगरा में उसके गांव कागारौल थाने के गांव चीतपुर से दबोचा है। उसकी 22 दिन पहले ही शादी हुई थी। वह हनीमून मनाने दुबई गया था। 3 दिन पहले ही वहां से लौटा था। लांस नायक ने अपने बैंक खाते से आईएसआई एजेंट को पैसे भी ट्रांसफर किए थे। इसकी पुष्टि उसके पास मिले दस्तावेजों से हुई है।

अमेरिकी ने मचाई तबाही, नए सुप्रीम लीडर मोजतबा घायल


# 2000 पाउंड के बंकर-भेदी बमों से ईरान पर अटैक, मिसाइल लॉन्चर ध्वस्त करने का दावा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मध्य-पूर्व की जंग अब खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। अमरीका ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमले और तेज कर दिए हैं। अमरीकी वायुसेना अब विशेष रूप से उन ठिकानों को निशाना बना रही है जो जमीन के काफी नीचे बनाए गए हैं और जहां मिसाइलों का बड़ा भंडार मौजूद है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक अमरीका ने ईरान में 2000 पाउंड वजन वाले दर्जनों बंकर-भेदी बम गिराए हैं ताकि नीचे छिपे दुश्मन के अड्डों को खत्म किया जा सके। अमरीकी जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन ने बताया कि जीपीएस-नियंत्रित इन बमों ने ईरान के कई भूमिगत मिसाइल लॉन्चरों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है।

### इधर, दुबई एयरपोर्ट को ईरान ने बनाया निशाना, 1 भारतीय सहित 4 जख्मी

### मिडिल ईस्ट में चल रही है भयानक जंग, पुरी



### लेकिन परमाणु ठिकाने बड़ी चुनौती

अमरीकी सेना भले ही मिसाइल क्षमता को चोट पहुंचाने का दावा कर रही हो लेकिन ईरान के भूमिगत परमाणु ठिकाने अभी भी एक बड़ी चुनौती बने हुए हैं। इन ठिकानों में बड़े पैमाने पर समृद्ध यूरेनियम रखा गया है जिसे केवल हवाई हमलों से पूरी तरह नष्ट करना मुमकिन नही माना जा रहा है।

### जंग के दौरान घायल नए सुप्रीम लीडर

ईरान के नए सुप्रीम लीडर, मोजतबा खामेनेई जंग के दौरान घायल हो गए हैं। ईरान के प्रेसिडेंट के बेटे यूसुफ पेजेशकियन ने कन्फर्म किया है। यह बयान खामेनेई की हेल्थ और उनके ठिकाने को लेकर चल रही अटकलों के बीच आया है। पेजेशकियन ने आगे कहा कि चोटों के बावजूद, नए सुप्रीम लीडर, जिन्होंने यूएस-इजरायल हमलों में अपने पिता अली खामेनेई की मौत के बाद उनकी जगह ली थी, 'सुरक्षित और ठीक'हैं।


### मिडिल ईस्ट युद्ध में किम जोंग की एंट्री



### रूस, चीन के बाद उ. कोरिया ने दिया ईरान को समर्थन

मिडिल ईस्ट अब ग्लोबल रूप लेता जा रहा है। मिडिल ईस्ट युद्ध के 12वें दिन बुधवार को रूस और चीन के बाद अब उत्तर कोरिया भी ईरान के समर्थन में उतर गया है। उत्तर कोरिया ने अमेरिका-इजरायल के ईरान पर हमलों को अवैध करार दिया और इसे ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन बताया। उत्तर कोरिया की आधिकारिक एजेंसी केसीएनए के अनुसार, उत्तर कोरिया मानता है कि सर्वोच्च नेता चुनने के अधिकार ईरान का है और वो इसका सम्मान करते है। बता दें कि कल ही किम जोंग उन ने नई क्रूज मिसाइल परीक्षण के बाद उत्तर कोरियाई विध्वंसकों के लिए सुपरसोनिक हथियार तैनात करने का आदेश दिया। गौरतलब है कि उत्तर कोरिया और ईरान मिसाइल तकनीक साझा करते हैं और 2025 में यूएन ने दोनों हथियार व्यापार पर प्रतिबंध लगाए थे।

### दुबई में ड्रोन अटैक से हड़कंप



यूएई के दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बुधवार को दो ड्रोन गिरने से हड़कंप मच गया। इस दौरान हादसे में चार लोग घायल हुए हैं। वहीं, अधिकारियों ने इस घटना की पुष्टि की और बताया कि घायलों में घाना के दो नागरिक और एक, एक भारत व बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं जिन्हें मामूली चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत स्थिति का जायजा लिया गया। वहीं, अधिकारियों का कहना है कि हवाई यातायात पर इन हमलों का कोई असर नहीं पड़ा है और एयर ट्रैफिक पूरी तरह से सामान्य है। वहीं, दुबई मीडिया ऑफिस ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि 'अधिकारियों ने कन्फर्म किया है कि कुछ देर पहले दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास दो ड्रोन गिरे। एयर ट्रैफिक सामान्य रूप से चालू है।'

सीबीआई के उड़े होश!


## रेलवे अधिकारी के पास मिला करोड़ों का सामान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मध्य रेलवे के मुख्य विद्युत वितरण अभियंता (सीईडीआई) और दो निजी व्यक्तियों को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया है। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 40 करोड़ के टेंडर की दलाली में रिश्वतखोरी का भंडाफोड़ किया। मध्य रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी के घर की जब तलाशी ली गई तो करोड़ों की कीमत का सामान मिला, जिसने जांच एजेंसी के अधिकारियों के भी हैरान कर दिया।मामला 9 मार्च को दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें भारतीय रेलवे विद्युत अभियंता सेवा के 2003 बैच के अधिकारी पर निजी कंपनी को 40.54 करोड़ रुपये के टेंडर में अनियमितताओं से फायदा पहुंचाने का आरोप है। आरोपी सीईडीई ने कंपनी के हितधारकों से साठगांठ कर 40 लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी। सीबीआई सूत्रों के अनुसार, यह



टेंडर आवंटन पूरी तरह सुनियोजित साजिश का हिस्सा था, जो रेलवे के विद्युत वितरण कार्यों से संबंधित था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के आवास और परिसर की तलाशी में जो बरामदगी हुई, वह किसी सरप्राइज से कम नहीं था। अधिकारी के घर से 90.79 लाख रुपये नकद, 241.30 ग्राम सोने के आभूषण, 2577 ग्राम चांदी के गहने (मूल्य 42.52 लाख रुपये) और निवेश संबंधी दस्तावेजों के अलावा ऑफिस से 3.85 लाख रुपये कैश बरामद किया गया।




नए पीएम तारिक रहमान ने बढ़ाया भारत की तरफ दोस्ती का हाथ

## बांग्लादेश की रिश्ते सुधारने की पहल, इंटेलिजेंस चीफ को भेजा

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की राजनीति में आए बड़े बदलाव के बाद अब पड़ोसी देश भारत के साथ अपने कूटनीतिक और सुरक्षा संबंधों को एक नई दिशा देने की कोशिश में जुट गया है। बांग्लादेश में बीएनपी (पीएनपी) की संभावित मजबूती और तारिक रहमान के नेतृत्व वाली नई सरकार ने भारत के साथ अविश्वास की खाई को पाटने के लिए अपने सबसे भरोसेमंद अधिकारी और इंटेलिजेंस चीफ को दिल्ली भेजा है। यह यात्रा तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने के बाद बांग्लादेश की ओर से भारत की पहली उच्चस्तरीय सुरक्षा यात्रा मानी जा रही है।



### खुफिया प्रमुखों की गुप्त बैठक

सूत्रों के मुताबिक, बांग्लादेश की शीर्ष रक्षा खुफिया एजेंसी 'डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ फोर्सेज इंटेलिजेंस' (डीजीएफआई) के नवनियुक्त महानिदेशक, मेजर-जनरल कैसर राशिद चौधरी ने 1 से 3 मार्च के बीच दिल्ली का बेहद महत्वपूर्ण दौरा किया। अपनी इस यात्रा के दौरान उन्होंने भारतीय खुफिया एजेंसी 'रॉ' के प्रमुख पराग जैन और सैन्य खुफिया महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल आरएस रमन के साथ गहन चर्चा की।

## 'रीचार्ज खत्म होने पर इनकमिंग बंद होना गलत, संसद में उठा मामला'

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने मोबाइल फोन उपभोक्ताओं का मुद्दा उठाया है। उन्होंने प्रीपेड मोबाइल यूजर्स की बड़ी परेशानी की ओर सभी का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि प्रीपेड रिचार्ज खत्म होने के बाद उनकी इनकमिंग सर्विसेज भी रुक जाती हैं, जो कि पूरी तरह गलत है। उन्होंने इसे टेलीकॉम कंपनियों की सरासर मनमानी बताया है। राज्यसभा में राघव चड्ढा ने कहा कि ट्राई का डेटा बताता है कि देश में 125 करोड़ मोबाइल उपभोक्ता हैं। इनमें से 90 फीसदी प्रीपेड मोबाइल यूजर्स हैं। मैं प्री-पेड मोबाइल यूजर्स की ओर से दो बड़ी समस्याएं उठाना



चाहता हूं। इसमें पहली समस्या है कि रिचार्ज खत्म होने पर आउटगोइंग कॉल के साथ इनकमिंग कॉल का बंद होना। चड्ढा ने कहा कि जब प्रीपेड प्लान एक्स्पायर होता है या रिचार्ज की वैलिडिटी खत्म होती है तो आपकी आवाज बंद कर दी जाती है। ऐसे में फोन मेरा, सिम कार्ड मेरा और नंबर मेरा तो रिचार्ज खत्म होने पर आउटगोइंग बंद होना तो समझ आता है लेकिन इनकमिंग कॉल बंद होना सरासर मनमानी है।

जंग के बीच भारत का प्रयास जारी

## ईरानी विदेश मंत्री को जयशंकर ने किया कॉल, कई मुद्दों पर बातचीत

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में भीषण जंग जारी है। हालात सामान्य होने का नाम नहीं ले रहे हैं। लाखों भारतीय भी प्रभावित हैं। इसको लेकर भारत ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर



ने ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरघची को कॉल किया। इस दौरान मिडिल ईस्ट संघर्ष पर दोनों के बीच विस्तार से बात हुई। बता दें कि अमेरिका और इजराइल तथा ईरान के बीच चल रहे मौजूदा संघर्ष के बाद दोनों नेताओं के बीच यह तीसरी बातचीत थी। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स प्लेटफॉर्म पर खुद इसकी जानकारी दी। जयशंकर ने लिखा कि ईरान के विदेश मंत्री अरघची के साथ चल रहे संघर्ष से संबंधित नवीनतम घटनाक्रमों पर विस्तृत बातचीत हुई। हम संपर्क में रहने पर सहमत हुए। इससे पहले जयशंकर ने 28 फरवरी और 5 मार्च को अरघची से बात की थी।

### क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा

ईरान के विदेश मंत्रालय ने ट्वीट किया कि भारत के विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से फोन पर बातचीत की, जिसमें उन्होंने क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा की। ईरान और भारत के विदेश मंत्रियों ने होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाले जहाजों और जलमार्गों की सुरक्षा पर अमेरिका और इजरायल की सैन्य आक्रामकता के प्रभावों पर विस्तृत बातचीत हुई। फारस की खाड़ी में जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ईरान के सैद्धांतिक दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए, ईरान के विदेश मंत्री ने याद दिलाया कि फारस की खाड़ी में जहाजों के लिए उत्पन्न असुरक्षित स्थिति और समस्याएं संयुक्त राज्य अमेरिका की आक्रामक और अस्थिर करने वाली कार्रवाइयों का परिणाम हैं, और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस स्थिति के लिए अमेरिका को जवाबदेह ठहराना चाहिए।




| PARAMETER | VICTORIS S-CNG | COMPETITION MID SUV DIESEL | BENEFIT OF VICTORIS S-CNG OVER DIESEL CARS |
|---|---|---|---|
| Running Cost/km | ₹4.9 | ~ ₹6.1 | ✓ More savings per km |
| Lower Maintenance Cost | ✓ | ✗ | ✓ Easy on pocket |
| Reduced Emission | ✓ | ✗ | ✓ Good for environment |
| Recovery Period# | ~5.5 Yrs | ~8.9 Yrs | ✓ Faster recovery |

LOYALTY REWARD OF UP TO ₹30 000 ON EXCHANGE OF MARUTI SUZUKI CARS**
SCAN AND CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM
CONTACT US AT 1800-102-1800

Applicable T&C available at your nearest dealership. Creative visualization. Car colour may vary due to printing on paper. Images used are for illustration purposes only. Features may vary by model/conditions. For details on functioning of safety features including airbags, kindly refer to the Owner's Manual. #Considered average daily drive of 35 km. Fuel Cost calculation done basis fuel prices in Goa as of 11th Feb 2026 and considered 70% delivery of ARAI tested Mileage. **The loyalty reward scheme is subject to terms and conditions. For more details visit authorised dealership. The offer is valid only on Victoris. *As certified by Test Agency under Rule 115 (G) of Central Motor Vehicles Rules 1989.

VICTORIS

हरी सब्जियां हर मौसम में उपलब्ध रहती हैं। इन सब्जियों के सेवन से न केवल इम्यूनिटी बढ़ती है, जरूरी विटामिंस और मिनरल्स शरीर को मिलते हैं। साथ ही कई तरह के रोगों से भी बचाव होता है। हरी सब्जियों के सेवन से होने वाले फायदों के बारे में जानिए।

## पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं हरी सब्जियां

**डाइट सजेशन**


डॉ. अनुजा चौहान
डाइटीशियन




आजकल की इस आपा-धापी भरी जीवनशैली में लोग स्वस्थ रहने के लिए नेचुरल चीजों के बजाय महंगे सप्लीमेंट्स और सुपर फूड्स पर अधिक निर्भर होते जा रहे हैं। जबकि हर मौसम में प्रकृति हमें पोषक तत्वों से भरपूर ऐसे फल, सब्जियां प्रदान करती है, जो सस्ते और आसानी से उपलब्ध होते हैं। ये शरीर की जरूरत के अनुसार ऊर्जा और पोषण प्रदान करते हैं और हमें कई रोगों से भी बचाते हैं।

**हर मौसम में उपलब्ध:** हमारे देश में मौसम के अनुसार अलग-अलग तरह की हरी सब्जियां उगाई जाती हैं। सर्दी के मौसम में जहां हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे-पालक, मेथी, बथुआ, सरसों, सोया और केल खूब मिलते हैं। वहीं गर्मी के मौसम में करेला, भिंडी, तरोई, चौलाई का साग, पत्ता गोभी का सेवन किया जा सकता है। ब्रोकली, शिमला मिर्च, लौकी जैसी हरी सब्जियां लगभग हर मौसम में मिल जाती हैं। ये सभी



हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। ये सब्जियां हमारे स्थानीय बाजार में आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं।

**होते हैं कई पोषक तत्व:** सभी हरी सब्जियां, कैलोरी में कम और पोषण में अधिकतम होने की वजह से इनको 'न्यूट्रिएंट डेंसिटी' वाली डाइट भी कहा जाता है। ये सब्जियां विटामिंस, मिनरल, फाइबर और फाइटोकेमिकल्स से भरपूर होती हैं। मेथी और सरसों का साग फोलेट, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट्स का प्रचुर स्रोत माने जाते हैं। देखा गया है कि एक कप कच्चे पालक में दैनिक आवश्यकता का विटामिन-ए, विटामिन-के, आयरन कैल्शियम मिलता है। इतना ही नहीं, हरी सब्जियां क्लोरोफिल से भरपूर होती हैं, जो खून की शुद्धिकरण और ऑक्सीजन परिवहन में सहायक होता है।

**कई रोगों से करे बचाव:** हरी सब्जियों में मौजूद ल्यूटिन, जियाजैंथिन और बीटा-कैरोटिन जैसे यौगिक, फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं, उन्हें नष्ट कर शरीर से बाहर करने में सहायक होते हैं। हरी पत्तेदार सब्जियों में नाइट्रेट्स जैसे तत्वों की मौजूदगी हृदय रोग के जोखिम को कम करने और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मददगार होती है। कुछ हरी सब्जियां जैसे सरसों, केल, ग्लूकोसाइनोलेट्स नामक यौगिक छोड़ती हैं, जो फ्री रेडिकल्स के विकास को रोकने में सहायक होता है। इनके अतिरिक्त विटामिन-के का अच्छा स्रोत होने की वजह से ये सब्जियां हड्डियों में कैल्शियम के जमाव और ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। साथ ही कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स और उच्च फाइबर के कारण ये ब्लड शुगर को स्थिर रखती हैं। हरी सब्जियां इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाने में सहायता करती हैं। इनमें मौजूद ल्यूटिन और जियाजैंथिन कंपाउंड आंखों की कोशिकाओं को मजबूती देता है। विटामिन सी और ए, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। इस प्रकार हरी पत्तेदार सब्जियां पोषण का सबसे किफायती और प्रभावी स्रोत हैं। ये ना केवल बीमारियों से बचाती हैं, बल्कि समग्र स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करती हैं। अपने संतुलित आहार में इन्हें प्रमुख स्थान दें और प्रकृति के इस अनमोल उपहार का पूरा लाभ उठाएं। लेकिन इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि अपनी डाइट में मौसम के अनुसार अलग-अलग प्रकार की हरी सब्जियां शामिल करें। *

प्रस्तुति: संध्या रानी

**डॉक्टर्स एडवाइस**


डॉ. मनीषा सहाय
एचओडी-नेफ्रोलॉजी
उस्मानिया जनरल हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज, हैदराबाद


शरीर को स्वस्थ रखने के लिए कई अंग बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन अंगों में से एक किडनी भी है। राजमा के आकार का शरीर का छोटा-सा अंग किडनी, क्लीनिंग मैकेनिज्म का महत्वपूर्ण काम करती है और शरीर में टॉक्सिंस, इलेक्ट्रोलाइट्स का बैलेंस बनाए रखती है।

**किडनी के कार्य:** किडनी में नेफ्रॉन नामक सूक्ष्म वाहिकाओं वाले फिल्टर यूनिट (करीब 10 लाख) होते हैं, जो ग्लोमेरूलर फिल्ट्रेशन प्रक्रिया के माध्यम से शरीर में तकरीबन 140 लीटर खून साफ करते हैं। ग्लूकोज, अमीनो एसिड, प्रोटीन और इलेक्ट्रोलाइट्स (सोडियम, पोटेशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम) जैसे एसेंशियल तत्व फिल्टर किए रक्त के माध्यम से पूरे शरीर में वापस चले जाते हैं। जबकि यूरिक एसिड, क्रिएटिनिन जैसे टॉक्सिक पदार्थ, अतिरिक्त पानी ब्लैडर में जमा होते जाते हैं और यूरिन के जरिए शरीर से बाहर निकल जाते हैं। साथ ही किडनी एरिथ्रोपोइटिन हार्मोन (रेड ब्लड सेल्स बनाने में सहायक), रेनिन हार्मोन (सोडियम लेवल को सामान्य बनाने और ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने) का स्राव करती है। हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों की मजबूती के लिए जरूरी एक्टिव विटामिन-डी के निर्माण में भी सहायक है।

**ऐसे होती है समस्या:** कई कारणों से किडनी के फिल्टर्स को नुकसान पहुंचता है, जिसकी वजह से किडनी ठीक तरह से काम नहीं कर पाती। ध्यान न देने पर किडनी के टिश्यू धीरे-धीरे खराब होने लगते हैं और कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। अनदेखी करने या समुचित उपचार न कराने पर किडनी खराब होने लगती है। व्यक्ति एक्यूट किडनी फैल्योर, क्रॉनिक किडनी फेल्यॉर, नेफ्रोटिक सिंड्रोम जैसी किडनी की बीमारियों का शिकार हो जाता है। व्यक्ति को असमय मौत का सामना भी करना पड़ सकता है। जबकि प्रारंभिक स्तर पर ही इलाज शुरू कर दिया जाए तो काफी हद तक इसे डैमेज होने से बचाया जा सकता है।



**किडनी प्रॉब्लम्स के कारण:** कई गलत आदतें और बीमारियां किडनी खराब होने का कारण बनती हैं। जैसे-हेल्दी लाइफस्टाइल न होना। हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, पॉलिसिस्टिक किडनी डिजीज, किडनी डिस्प्लेसिया, यूटीआई इंफेक्शन जैसी गंभीर बीमारी होना। घर का बना पौष्टिक और संतुलित आहार के बजाय जंक या प्रोसेस्ड फूड का सेवन अधिक करना। आहार में नमक और चीनी की मात्रा अधिक होना। खाने में ऊपर से नमक डालकर खाना। पानी या अन्य तरल पदार्थ जरूरत से कम मात्रा में लेने से डिटॉक्सीफाई न हो पाना। कई तरह के नेचुरल या आर्टिफिशियल हेल्थ प्रोडक्ट्स, हेल्थ टॉनिक या प्रोटीन सप्लीमेंट्स के गैर-जरूरी सेवन से किडनी में इंटरस्टीशियल नैफ्राइटिस एलर्जी होना। पेनकिलर, एंटी बायोटिक या अपने मन से दवाओं का ज्यादा सेवन करना। आनुवांशिक किडनी बीमारियां होना जैसे- ऑटोसोमल डॉमिनेंट पॉलीसिस्टिक किडनी डिजीज, हाइपरॉक्सालुरिया, किडनी डिस्प्लेसियाएनेफ्रोनोफ्थिसिस डिसऑर्डर। इंटरस्टीशियल नैफ्राइटिस एलर्जी, यूटीआई एपाइलोनेफ्राइटिस जैसे किडनी इंफेक्शन होना। लंबे समय तक यूरिन रोके रहना। नियमित रूप से व्यायाम न करना। एल्होहल का सेवन करना।

**किडनी रोगों के लक्षण:** किडनी की बीमारी को साइलेंट किलर कहा जाता है। कुछ लक्षण किडनी में गड़बड़ी होने की ओर इशारा करते हैं, जिनसे व्यक्ति को सचेत हो जाना चाहिए और यथाशीघ्र डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। जैसे-शरीर के विभिन्न हिस्सों में सूजन आना। खासकर सुबह उठने पर आंखों के आस-पास सूजन होना और शाम होते-होते पैर और टखनों में सूजन आना। बार-बार यूरिन पास करने की इच्छा होना या यूरिन रुक-रुक कर आना। सामान्य से अधिक या कम यूरिन आना, दिन के बजाय रात को यूरिन ज्यादा आना। यूरिन में एलब्यूमिन-एरिथ्रोपोएटिन नामक प्रोटीन का रिसाव होना, यूरिन का पीला या भूरे रंग का होना, झाग आना या बदबू आना, यूरिन करते हुए जलन होना। कमजोरी और थकान महसूस करना। भूख कम लगना, पेट में जलन और दर्द रहना, घबराहट रहना जैसी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं होना। मांसपेशियों में खिंचाव होना।

**न करें इग्नोर:** स्वस्थ शरीर के लिए हेल्दी किडनी जरूरी है। किडनी संबंधी समस्या होने पर व्यक्ति को बिना देर किए नेफ्रोलॉजिस्ट डॉक्टर को दिखाना चाहिए। अर्ली स्टेज में बीमारी पकड़ में आने पर आगे का ट्रीटमेंट प्लान हो सकता है।

**डायग्नोसिस:** किडनी की फिल्टर क्षमता को जांचने के लिए ग्लोमेरूलर फिल्टरेशन रेट (जीआरएफ) टेस्ट, ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, अल्ट्रासाउंड, बायोप्सी जैसे टेस्ट कराए जाते हैं।

**ट्रीटमेंट का तरीका:** मरीज और रोग की स्थिति के हिसाब से उपचार किया जाता है। डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर को पहले कंट्रोल किया जाता है। एक्यूट किडनी फेल्योर के मरीज का उपचार अगर सही समय पर शुरू कर दिया जाता है, तो मेडिसिन से उसे ठीक किया जा सकता है। किडनी ज्यादा खराब होने पर डायलिसिस का सहारा लिया जाता है, जिसमें किडनी का ब्लड फिल्टर करने का काम मशीन अस्थाई तौर पर करती है। स्थिति गंभीर हो जाने पर किडनी ट्रांसप्लांट आखिरी उपाय है, जिसके लिए किडनी डोनेशन की जरूरत रहती है।



**ऐसे करें किडनी केयर:** इन बातों को फॉलो करके आप अपनी किडनी की प्रॉपर केयर कर सकते हैं।

- अगर आपकी किडनी डिजीज की फैमिली हिस्ट्री है, तो रेगुलर मेडिकल चेकअप कराएं। 45 साल से ज्यादा उम्र के लोग साल में एक बार होल बॉडी चेकअप कराएं। किडनी जांच के लिए केएफटी जरूर करवाएं।
- डायबिटीज, ब्लड प्रेशर होने का पता चले तो आप अपना यूरिन टेस्ट और किडनी फंक्शन टेस्ट जरूर कराएं। किडनी को स्वस्थ रखने के लिए डायबिटीज को कंट्रोल में रखें।
- वेट कंट्रोल रखें। हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं।
- न्यूट्रीशन से भरपूर बैलेंस डाइट लें। कार्बोहाइड्रेट सीमित मात्रा में लें। यथासंभव रिफाइंड सफेद चीजों (चीनी, नमक, मैदा, चावल) के सेवन से बचें। इनके बजाय मल्टीग्रेन आटा, ब्रेड को आहार में शामिल करें।
- पालक, साग, टमाटर जैसी चीजों से परहेज रखें। लौकी, तोरई, परवल, टिंडा और फूलगोभी, किडनी के लिए फायदेमंद हैं। इन में पानी ज्यादा और पोटेशियम कम होता है।
- फ्रूट्स का इनटेक अच्छा रखें। सेब, पपीता और अमरूद फायदेमंद हैं।
- रोजाना 3-4 ग्राम से ज्यादा नमक न खाएं। खासकर खाने में ऊपर से डाला गया सॉल्ट पूरी तरह अवॉइड करें। अचार, पापड़, नमकीन और डिब्बा बंद बिस्कुट से दूरी बनाकर चलें।
- जंक या फास्ट फूड का सेवन न करें।
- हाइड्रेशन स्टेटस मेंटेन रखें। मौसम, शरीर और काम के हिसाब से पानी पिएं। कम पानी पीने से शरीर के विषाक्त पदार्थ शरीर में इकट्ठे होने लगते हैं। लेकिन ज्यादा पानी पीना भी किडनी के लिए नुकसानदायक है।
- डेली कम से कम 6 घंटे की नींद जरूर लें। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

स्पेशल: वर्ल्ड किडनी डे, 12 मार्च

शरीर में मौजूद छोटा सा एक जोड़ी अंग किडनी, बहुत महत्वपूर्ण काम करता है। इसमें गड़बड़ी होने से आपको गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए यह जानना बहुत जरूरी है कि किडनी में किन वजहों से किस तरह की समस्याएं हो सकती हैं? साथ ही यह भी जानिए कि किडनी की प्रॉपर केयर आप कैसे कर सकते हैं?

## किडनी की करें प्रॉपर केयर







### इसलिए मनाते हैं वर्ल्ड किडनी डे



**किडनी की** समस्या आज उम्रदराज लोगों में ही नहीं, युवाओं और बच्चों में भी देखी जा रही है। 10 में से 1 व्यक्ति किडनी डिजीज का शिकार हो रहा है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के हिसाब से दुनिया भर में करीब 85 करोड़ लोग किडनी डिजीज से जूझ रहे हैं। हार्ट डिजीज, स्ट्रोक और श्वसन रोगों के विपरीत किडनी डिजीज से होने वाली मृत्यु दर निरंतर बढ़ रही है। हर साल क्रॉनिक किडनी डिजीज से तकरीबन 24 लाख लोगों की मौत भी हो जाती है। अनुमान है कि 2040 तक नॉन-कम्यूनिकेबल डिजीज से होने वाली मौतों का पांचवां सबसे बड़ा कारण किडनी डिजीज होगा। किडनी डिजीज के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए हर साल मार्च के दूसरे गुरुवार को वर्ल्ड किडनी डे मनाया जाता है। इस साल की थीम है- सभी के लिए किडनी स्वास्थ्य: लोगों की देखभाल, धरती की सुरक्षा।






**प्रिकॉशन/** डॉ. माजिद अलीम

## हेल्थ के लिए हार्मफुल हो सकते हैं डॉक्टर एआई

आज के समय में विभिन्न आयुवर्ग के बहुत से लोग अपने या अपने परिवार के सदस्यों की बिगड़ती सेहत या किसी बीमारी के लक्षण दिखने पर डॉक्टर की सलाह लेने की बजाय, पहले कदम के रूप में एआई का ही सहारा लेते हैं।

**निर्भरता हो सकती है रिस्की:** हर स्वास्थ्य समस्या के लिए सोशल मीडिया या एआई टूल का उपयोग करना रिस्की हो सकता है। साल 2023 में प्रकाशित एक स्टडी में यह दावा किया गया कि टेलीमेडिसिन पर दी गई हेल्थ कंसल्टेंसी 30 प्रतिशत मामलों में अधूरी या गलत होती है। आमतौर पर एआई से हम अपनी बीमारी के सामान्य लक्षण के आधार पर उनसे सलाह लेते हैं। किसी मरीज की पर्सनल मेडिकल हिस्ट्री या गंभीर बीमारी को एआई भला कैसे समझ सकता है। इसलिए इन पर निर्भर होना गंभीर हेल्थ प्रॉब्लम बढ़ा सकता है। मुंबई में कार्यरत पैथोलॉजिस्ट डॉ. राजेश बेंद्रे का कहना है, 'अधिकांश एआई उपकरण पश्चिमी आबादी के डेटा का उपयोग करके बनाए गए हैं, जो भारतीय संदर्भ का सही प्रतिनिधित्व नहीं करते और इससे उनकी सटीकता भी सीमित हो जाती है।'



**डॉक्टर से कंसल्टेशन है जरूरी:** एआई के विशेषज्ञों के अनुसार किसी भी एआई उपकरण के साथ डॉक्टर की सलाह के बिना उस सलाह पर भरोसा करना जोखिम भरा हो सकता है। खांसी, जुकाम, बुखार जैसी छोटी बीमारियों के अलावा यह गंभीर बीमारियों पर भी लागू होता है। एआई विशेषज्ञ जसप्रीत बिंद्रा का कहना है, 'डॉक्टर की निगरानी हमेशा इस प्रक्रिया का हिस्सा होनी चाहिए।' एआई हमें अधिक जानने, बेहतर शोध करने और यहां तक कि नई चीजों की खोज करने में मदद कर सकता है। लेकिन डॉक्टरी सलाह अभी भी बहुत महत्वपूर्ण है। जसप्रीत बिंद्रा के अनुसार, 'मानव चिकित्सक रोगी का समग्र रूप से इलाज करते हैं न कि बाहरी लक्षणों के आधार पर। वे तनाव, जीवनशैली या छुपे हुए लक्षणों पर भी विचार करते हैं, जिन्हें एआई अनदेखा कर सकता है। इसलिए मेडिकल कंसल्टेंसी के लिए एआई का उपयोग करते समय डॉक्टर की सलाह लेना भी जरूरी है।'

**बरतें सावधानी:** सोशल मीडिया की सलाह आपकी हेल्थ को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। इससे बचने में ही समझदारी है। इसी तरह सोशल मीडिया पर जो डॉक्टर कैमरे के सामने लोगों को फ्री कंसल्टेंसी देते हैं, उनकी भी सलाह तभी माननी चाहिए, जब आप उनसे पर्सनल कॉन्टेक्ट कर, मिलकर उनसे सलाह लें। सोशल मीडिया पर मेडिकल हेल्थ कंसल्टेंसी देने वाले व्यक्ति की योग्यता और उसकी प्रमाणिकता की भी जांच जरूरी है। *




# ट्रंप का बड़ा ऐलान, रिलायंस टेक्सास में खोलेगी 300 बिलियन डॉलर की तेल रिफाइनरी

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत की रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक्सास में स्थापित की जा रही एक नई तेल रिफाइनरी में निवेश करेगी।

उन्होंने इस समझौते के लिए कंपनी और 'भारत में हमारे साझेदारों' का आभार व्यक्त किया। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच पर एक संदेश में इसे 300 अरब अमेरिकी डॉलर का ऐतिहासिक समझौता बताते हुए कहा कि यह परियोजना उनके प्रशासन के 'अमेरिका फर्स्ट एजेंडा' के कारण संभव हो रही है। उन्होंने कहा कि यह समझौता 'अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा समझौता है और अमेरिकी कामगारों, ऊर्जा क्षेत्र एवं 'साउथ टेक्सास' के लोगों के लिए बड़ी जीत है।' रिलायंस इंडस्ट्रीज की ओर से हालांकि अभी तक इस समझौते को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

## अमेरिकी कामगारों, ऊर्जा क्षेत्र एवं साउथ टेक्सास के लोगों के लिए बड़ी जीत

### 20 वर्ष के लिए आपूर्ति समझौते का प्रारुप तैयार

'अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग' ने यह भी कहा कि उसने उसी वैश्विक ऊर्जा कंपनी के साथ 20 वर्ष के लिए बाध्यकारी आपूर्ति समझौते का प्रारुप भी तैयार किया है, जिसके तहत अमेरिका में उत्पादित ऊर्जा, जो पूरी तरह 'अमेरिकी शेल' तेल से प्राप्त होगी की खरीद, प्रसंस्करण और वितरण के लिए प्रतिबद्धता सुनिश्चित की गई है। विज्ञप्ति में रिलायंस इंडस्ट्रीज का नाम नहीं दिया गया है और न ही परियोजना में किए जाने वाले निवेश की राशि का उल्लेख किया गया है। कंपनी ने कहा कि वह इस रिफाइनरी परियोजना का निर्माण कार्य 2026 की दूसरी तिमाही में शुरू करने की योजना बना रही है।



**अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा समझौता**

### नई रिफाइनरी अमेरिकी बाजारों को ऊर्जा उपलब्ध कराएगी

ट्रंप ने कहा, 'भारत में हमारे साझेदारों और उनकी सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी रिलायंस को इस बड़े निवेश के लिए धन्यवाद।' उन्होंने कहा कि ब्राउन्सविल बंदरगाह पर बनने वाली नई रिफाइनरी अमेरिकी बाजारों को ऊर्जा उपलब्ध कराएगी, राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगी, अमेरिकी ऊर्जा उत्पादन बढ़ाएगी एवं हजारों रोजगार उत्पन्न करेगी। अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, उसे फरवरी में एक 'वैश्विक प्रमुख ऊर्जा कंपनी' से नौ अंकों की राशि का निवेश प्राप्त हुआ है, जिसका मूल्यांकन 10 अंकों में किया गया है।

## खबर संक्षेप

### रुपया 16 पैसे टूटा, 92.01 प्रति डॉलर पर पहुंचा



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बुधवार को 16 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.01 (अस्थायी) पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और डॉलर के मजबूत होने से घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख ने स्थानीय मुद्रा पर और दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.92 पर खुला। दिन में डॉलर के मुकाबले 91.85 से 92.06 के बीच कारोबार करने के बाद 92.01 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 16 पैसे की गिरावट है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने रिकॉर्ड निचले स्तर से जोरदार वापसी करते हुए 36 पैसे चढ़कर 91.85 पर बंद हुआ था।

### एफएसीटी को मिल सकता है 'मिनी रत्न' का दर्जा

FACT PIONEERS IN PROGRESS

**कोच्चि।** आजादी से पहले गठित देश की प्रमुख उर्वरक आपूर्तिकर्ता कंपनी उर्वरक और रसायन त्रावणकोर (एफएसीटी) को जल्द 'मिनी रत्न' का दर्जा मिल सकता है। 66 साल पहले सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी (सीपीएसयू) बनी एफएसीटी को 'मिनी रत्न' का दर्जा मिलने में सिर्फ 'प्रक्रियात्मक जरूरतें' बाकी रह गई हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी ने 'मिनी रत्न' के लगभग सभी आवश्यक मानदंडों को पूरा कर लिया है और वह इस दर्जे को हासिल करने से ज्यादा दूर नहीं है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कंपनी के वित्तीय पुनर्गठन (फाइनेंशियल रिस्ट्रक्चरिंग) का काम भी प्रगति पर है, जिसके पूरा होते ही से उसे यह दर्जा मिलने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। कंपनी के निदेशक (विपणन) अनुपम मिश्रा ने कहा कि अपनी यात्रा में कई उतार-चढ़ाव के बाद कंपनी अब मिनी रत्न का दर्जा पाने की हकदार है क्योंकि देश उर्वरक सहित हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और एफएसीटी के पास अपनी भूमिका निभाने के लिए सब कुछ है।

### गूगल क्रोम एआई में जुड़ी नई सुविधा, 8 भारतीय भाषाएं शामिल



**नई दिल्ली।** गूगल ने भारत में उपयोगकर्ताओं के लिए 'गूगल क्रोम' में अंतर्निहित कृत्रिम मेधा (एआई) सुविधाओं को जोड़ने की बुधवार को घोषणा की। सुरक्षित एवं उपयोगी बनेगा। ये 50 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध होंगी, जिनमें हिंदी, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, तेलुगु और तमिल जैसी भारतीय भाषाएं भी शामिल हैं। कंपनी ने कहा, 'गूगल आज क्रोम की कई नवीनतम कृत्रिम मेधा सुविधाओं (जिनमें क्रोम में जेमिनी भी शामिल है) को भारत के उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध कराने की घोषणा करता है।' इसमें कहा गया कि ये सुविधाएं कंपनी के नवीनतम जेमिनी 3.1 मॉडल पर आधारित हैं। इनका उद्देश्य लोगों को जानकारी अधिक प्रभावी ढंग से खोजने और समझने में सहायता देना है। ये सुविधाएं पहले डेस्कटॉप और आईओएस पर उपलब्ध होंगी।

### मोल्टबुक का अधिग्रहण करेगी मेटा प्लेटफॉर्म्स




**लॉस एंजिलिस।** मेटा प्लेटफॉर्म्स ने 'मोल्टबुक' का अधिग्रहण करने की योजना की जानकारी दी है। 'मोल्टबुक', एक ऐसा सामाजिक नेटवर्क है, जिसे विशेष रूप से कृत्रिम मेधा एजेंट के लिए बनाया गया है, जहां वे संदेश प्रकाशित कर सकते हैं और एक-दूसरे के साथ बातचीत कर सकते हैं।

## कच्चे तेल के दाम में तेजी से बाजार ने लगाया गोता

# शेयर मार्केट में जोरदार गिरावट, सेंसेक्स 1,342 अंक फिसला, निफ्टी 24 हजार के नीचे

एजेंसी ▸▸ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,342 अंक का गोता लगा गया जबकि एनएसई निफ्टी 24,000 अंक के नीचे आ गया। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच कच्चे तेल के दाम में तेजी से शेयर बाजार में एक दिन की बढ़त के बाद गिरावट आई।

कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली दबाव से भी बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,342.27 अंक यानी 1.72 प्रतिशत लुढ़क कर 76,863.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसमें 1,446.72 अंक तक की गिरावट आई थी। बीएसई में सूचीबद्ध 2,380 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,881 शेयर लाभ में रहे। वहीं 153 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 394.75 अंक यानी 1.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,866.85 अंक पर बंद हुआ।

## प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली दबाव से बाजार रहा नुकसान में



### पश्चिम एशिया में तनाव के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, 'पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बनी हुई है और उतार-चढ़ाव भी बढ़ा है, जिससे निवेशकों का भरोसा कमजोर बना हुआ है।' उन्होंने कहा, 'कच्चे तेल की आपूर्ति में प्रभावित होने की आशंका, बढ़ती मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि पर इसके संभावित प्रभाव को लेकर चिंताएं निवेशकों को सतर्क बनाए हुए हैं।

### बजाज फाइनेंस में 5.01 प्रतिशत की गिरावट

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फाइनेंस में सबसे ज्यादा 5.01 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, ट्रेंट, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ केवल दो शेयर सन फार्मा और एनटीपीसी लाभ में रहे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'पिछले सत्र में उछाल के बाद बाजार में फिर से गिरावट शुरू हो गई है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी और बैंक, वित्तीय सेवाओं और वाहन शेयरों में बिकवाली के चलते मानक सूचकांक पर दबाव रहा।' मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 1.55 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप 0.61 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

### गिरावट के तीन कारण

*मुनाफावसूली से बाजार पर दबाव*

*हाल के दिनों में बाजार में अच्छी तेजी देखने को मिली थी, जिसके बाद निवेशकों ने मुनाफा बुक करना शुरू कर दिया। कई बड़ी कंपनियों के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। खासकर ऑटो, बैंकिंग और वित्तीय सेक्टर के शेयरों पर दबाव रहा। महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फाइनेंस जैसे बड़े शेयरों में 3 से 4 फीसदी तक गिरावट देखी गई। दिग्गज बैंकिंग शेयरों में भी कमजोरी आई, जिससे सूचकांकों पर ज्यादा दबाव बना।*

*मिडिल ईस्ट तनाव से बढ़ी चिंता*

*अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने भी निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। इस भू-राजनीतिक स्थिति का असर वैश्विक बाजारों पर भी देखने को मिला। निवेशकों को डर है कि अगर यह संघर्ष लंबा खिंचता है तो इसका असर महंगाई और वैश्विक आर्थिक वृद्धि पर पड़ सकता है। हालांकि कच्चे तेल की कीमतों में थोड़ी नरमी आई, लेकिन अनिश्चितता अभी भी बनी हुई है।*

*बाजार की दिशा पर निवेशकों की नजर*

*विशेषज्ञों का कहना है कि फिलहाल बाजार पर वैश्विक घटनाक्रम और विदेशी निवेशकों की एक्टिविटी का बड़ा असर रहेगा। अगर वैश्विक तनाव कम होता है और विदेशी निवेशक फिर से खरीदारी शुरू करते हैं, तो बाजार में स्थिरता लौट सकती है।*

# पश्चिम एशिया के लिए एयर इंडिया की बड़ी पहल 58 उड़ानें होंगी संचालित



■ एयर इंडिया जेद्दा से आने-जाने वाली आठ उड़ानों का करेगी संचालन

एजेंसी ▸▸ मुंबई

विमानन कंपनी एयर इंडिया और उसकी कम लागत वाली अनुषंगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस बुधवार को पश्चिम एशिया के लिए कुल 58 निर्धारित और गैर-निर्धारित उड़ानें संचालन करेंगी।

क्षेत्र में अमेरिका, इजराइल और ईरान से जुड़े बढ़ते संघर्ष के बीच विमानन कंपनियां सेवाओं का संचालन सावधानीपूर्वक कर रही हैं, क्योंकि कई क्षेत्रों के हवाई मार्ग प्रतिबंधित हैं और कुछ मार्ग बंद भी किए गए हैं। एयर इंडिया ने कहा कि दोनों कंपनियां 11 मार्च को जेद्दा और मस्कट से आने-जाने वाली अपनी-अपनी निर्धारित सेवाएं जारी रखेंगी। बयान के अनुसार, एयर इंडिया जेद्दा से आने-जाने वाली आठ उड़ानों का संचालन करेगी, जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस मस्कट से आने-जाने वाली 14 निर्धारित उड़ानों का संचालन करेगी। एयर इंडिया बुधवार को दिल्ली और मुंबई से जेद्दा के लिए एक-एक आने-जाने वाली उड़ान संचालित करेगी।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस जेद्दा के लिए देगी हवाई सेवाएं

वहीं एयर इंडिया एक्सप्रेस हैदराबाद और कोझिकोड से जेद्दा के लिए एक-एक आने-जाने वाली उड़ान चलाएगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस, मस्कट के लिए अपनी निर्धारित सेवाएं भी संचालित करेगी। इनमें दिल्ली, मुंबई, कन्नूर, तिरुवनंतपुरम और तिरुचिरापल्ली से एक-एक आने-जाने वाली उड़ान तथा कोच्चि से दो आने-जाने वाली उड़ानें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, निर्धारित सेवाओं के अलावा एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस संयुक्त रूप से संयुक्त अरब अमीरात से आने-जाने के लिए कुल 36 अतिरिक्त गैर-निर्धारित उड़ानों का भी संचालन करेंगी।

# जीसीसी का निर्विवाद वैश्विक केंद्र बनकर उभरा भारत

■ दुनिया भर के 55 प्रतिशत से अधिक केंद्रों का गढ़

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




भारत, वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) का निर्विवाद वैश्विक केंद्र बनकर उभरा है और दुनिया भर के ऐसे 55 प्रतिशत से अधिक केंद्र यहां स्थित हैं। हालांकि इन नवाचार केंद्रों को केंद्रीय, राज्य एवं स्थानीय स्तर पर 500 से अधिक अलग-अलग कानूनी दायित्वों और हर वर्ष 2,000 से अधिक अनिवार्य अनुपालन (फाइलिंग) वाली जटिल नियामकीय प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। भारत की प्रमुख नियामक प्रौद्योगिकी 'टीमलीज रेगटेक' ने अध्ययन 'भारत में वैश्विक क्षमता केंद्रः क्षमता का विकास, अनुपालन सुनिश्चित करना' में कहा कि तेज विस्तार और 64.6 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के निर्यात राजस्व में योगदान के बावजूद ये जीसीसी किसी भी उद्यम व्यवस्था में लागू सबसे व्यापक अनुपालन ढांचों में से एक के अंतर्गत काम करते हैं। अध्ययन में कहा गया, 'एक सामान्य वैश्विक क्षमता केंद्र की स्थापना के लिए आवश्यक अनुपालन को सात श्रेणियों में बांटा जा सकता है। प्रत्येक श्रेणी में कई कानून, नियम एवं विनियम शामिल होते हैं, जिनकी लागू होने की सीमा, केंद्र के आकार, प्रकृति एवं संचालन पर निर्भर करती है।' इसके अनुसार, कर्नाटक में विशेष आर्थिक क्षेत्र के अंतर्गत पंजीकृत और 1,000 लोगों के बैठने की क्षमता वाले एक वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) को 537 दायित्वों का पालन करना पड़ता है।

# अब इंटरनेट के बिना होगा भुगतान, फोनपे ने पेश किया 'ऑन-द-गो' कार्ड

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

डिजिटल भुगतान एवं वित्तीय सेवा मंच फोनपे ने 'फोनपे रूपे ऑन-द-गो कार्ड' पेश करने की घोषणा की है। यह एक राष्ट्रीय सार्वजनिक परिवहन कार्ड (एनसीएमसी) है। यह पहल भारत के 'एक देश एक कार्ड' दृष्टिकोण की दिशा में अहम कदम है, जिसका उद्देश्य पूरे देश में सार्वजनिक परिवहन के भुगतान को डिजिटलीकृत करना है। फोनपे का 'ऑन-द-गो' कार्ड उपयोगकर्ताओं की रोजाना यात्रा को सरल बनाने के लिए तैयार किया गया है और यह एक एकीकृत परिवहन कार्ड के रूप में काम करता है। इससे मेट्रो, बस, ट्रेन, टोल और पार्किंग जैसी सभी एनसीएमसी-सक्षम सेवाओं पर त्वरित 'स्पर्श कर भुगतान' (टैप एंड पे) के माध्यम से लेन-देन किया जा सकेगा। इस कार्ड की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसे तुरंत जारी किया जा सकता है, जिससे लाखों यात्रियों के लिए सुविधा बढ़ेगी।

## संग्रहित मूल्य मॉडल पर काम करता है कार्ड




■ उपयोगकर्ता कार्ड में अधिकतम 2 हजार रुपए तक की राशि जमा कर सकते हैं

यह कार्ड अग्रिम-भुगतान आधारित संग्रहित मूल्य मॉडल पर काम करता है, जिसमें राशि सीधे कार्ड की चिप में एकत्रित रहती है। इस व्यवस्था के कारण इंटरनेट के बिना भी इससे भुगतान संभव होगा। उपयोगकर्ता इस कार्ड में अधिकतम 2,000 रुपए तक की राशि जमा कर सकते हैं जबकि एक बार में बिना इंटरनेट के भुगतान की अधिकतम सीमा 500 रुपए है। फोनपे में भुगतान विभाग के प्रमुख दीप अग्रवाल ने कहा, 'हम फोनपे 'ऑन-द-गो' कार्ड पेश करने को लेकर उत्साहित हैं, जिसका लक्ष्य उन करोड़ों उपभोक्ताओं को सुविधा देना है, जो रोजाना सार्वजनिक परिवहन से यात्रा करते हैं। यह कार्ड देशभर में परिवहन सेवाओं पर त्वरित 'टैप एंड पे' की सुविधा देता है। उन्होंने कहा, 'यह कार्ड इंटरनेट के बिना भी काम करता है क्योंकि भुगतान कार्ड में उपलब्ध शेष राशि से होता है। यह हमारे डिजिटल वॉलेट प्रणाली को राष्ट्रीय सार्वजनिक परिवहन से जोड़ने की दिशा में पहला कदम है, जिससे हर यात्री को सुरक्षित अनुभव मिलेगा और एनसीएमसी ढांचे के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर आपसी संचालन क्षमता को भी बढ़ावा मिलेगा।' इस कार्ड की शुरुआत फिलहाल हैदराबाद मेट्रो से की जा रही है।

# ईरान संकट से बढ़ सकती है भारतीय तेल-गैस कंपनियों की नकदी चिंताः फिच

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



■ बीपीसीएल के पास सबसे मजबूत बहीखाता

फिच रेटिंग्स ने कहा है कि ईरान से जुड़ा तनाव लंबे समय तक बना रहता है और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आवागमन बाधित रहता है या कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं तो भारत की सरकारी तेल विपणन कंपनियों और गैस कंपनी गेल इंडिया के नकदी प्रवाह पर दबाव बढ़ सकता है। रेटिंग एजेंसी फिच ने एक रिपोर्ट में कहा कि अल्पावधि में इन कंपनियों के वित्तीय संकेतक कमजोर हो सकते हैं, लेकिन सरकारी समर्थन के कारण उनकी रेटिंग पर तत्काल कोई खतरा नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिच ने जिन तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की रेटिंग की है, उनमें भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के पास सबसे मजबूत बहीखाता है और वह लंबे समय तक आपूर्ति बाधित होने या कच्चे तेल की लागत बढ़ने की स्थिति को बेहतर तरीके से संभाल सकती है। फिच के मुताबिक, इसके बाद इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का स्थान आता है।


*एलएनजी का 60 प्रतिशत हिस्सा पश्चिम एशिया से आयातित*

*रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सरकार संभवतः महंगाई नियंत्रण और राजकोषीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए ओएमसी कंपनियों की वित्तीय स्थिति को संभालने की कोशिश करेगी। ऐसा पहले भी कच्चे तेल की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव के समय किया गया था।*

### क्रेडिट स्थिति पड़ सकती है कमजोर

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि कंपनियां अल्पकालिक उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए अपने बहीखाते का इस्तेमाल कर सकती हैं, लेकिन लंबे समय तक दबाव बना रहने पर नकदी प्रवाह और क्रेडिट स्थिति कमजोर पड़ सकती है। रिपोर्ट कहती है कि निजी रिफाइनरी संचालक रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी कंपनियों पर इसका असर मिला-जुला हो सकता है। कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से शुरुआत में उनके पहले के भंडार का लाभ और रिफाइनिंग मार्जिन बढ़ सकते हैं, लेकिन आपूर्ति बाधित होने पर कच्चे तेल की कमी और रिफाइनरी संचालन में कटौती का जोखिम भी बढ़ सकता है।

### एफपीआई की हिस्सेदारी 4,634 करोड़ रुपए घटी




**मुंबई।** पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से पूर्णतः सुलभ मार्ग (एफएआर) के तहत जारी सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) में एफपीआई की हिस्सेदारी लगभग 4,634 करोड़ रुपए घट गई है। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि, रुपये की कमजोरी और बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने के बीच विदेशी निवेशकों में सतर्कता बढ़ने को इसका कारण माना जा रहा है। क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार, एफएआर प्रतिभूतियों में कुल विदेशी पोर्टफोलियो निवेश लगभग 3.26 लाख करोड़ रुपए रहा, जो 27 फरवरी को संघर्ष शुरू होने से पहले लगभग 3.31 लाख करोड़ रुपए था।

### सेडेमैक मेकाट्रॉनिक्स का शेयर बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** पावरट्रेन कंट्रोल एवं मोटर वाहन कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी सेडेमैक मेकाट्रॉनिक्स लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 1352 के मुकाबले 13.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 1,510 रुपए पर कारोबार शुरू, जो निर्गम मूल्य से 11.68 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। बाद में, इसमें 19.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,613.50 रुपए पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर 13.53 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,535 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 6,825.38 करोड़ रुपए रहा।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**निर्माण कार्य हेतु निविदा सूचना**

निविदा संख्या : सीपीएम/इंजी/जीएसयू/बीएसपी–14–25–26 दिनांकः 03.03.2026
कार्य का नाम : दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के उसलापुर में इलेक्ट्रिक लोको प्रशिक्षण केन्द्र की क्षमता में वृद्धि और उन्नयन के लिये 60 (जी+2) अतिरिक्त बहुमंजिला भवनों का निर्माण।
निविदा मूल्य : ₹ 31,88,07,680.52/-, अमानत राशि : ₹ 17,44,000.00/- कार्य पूर्णता की अवधिः 18 माह, निविदा जमा करने की आरंभ तिथि : दिनांक 18.03.2026 से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : दिनांक 01.04.2026 के 15.30 बजे तक। उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in. वेबसाइट पर उपलब्ध है, उपरोक्त निविदाओं हेतु ई–टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।
उप मुख्य अभियंता (गतिशक्ति)
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
सीपीआर/10/FL/739
South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-10, 12 एवं 13-2026, दिनांक 10.03.2026;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक एवं सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ईएमडी मूल्य: (1) डीआरएम ईएनजीजी आरएनसी-10-2026;** राँची मंडल में विभिन्न प्रकार के भवनों का निर्माण जिसमें बैरकों, क्वार्टरों, अधिकारियों के लिए विश्राम गृह, अधिकारियों के लिए ट्रांजिट आवास, सबआर्डिनेट विश्राम गृह, हटिया में बहुउद्देशीय हॉल, सेवा भवनों इत्यादि शामिल है; रु. 52,19,56,314.35; रु. 27,59,800; **(2) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-12-2026;** वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण), राँची के अधिकार क्षेत्र के अधीन हटिया-ओड़गा अनुभाग में बीसीएम द्वारा डीप स्क्रीनिंग से संबंधित पी.वे कार्यों, पीक्यूआरएस मशीन द्वारा टीएसआर के आनुषंगिक कार्यों (टीएसआर छोड़कर), सेस मरम्मत, ट्रॉली रिफ्यूजेज, शेड, स्टोर तथा अन्य पी. वे संबंधित विविध कार्यों का निष्पादन; रु. 2,20,77,131.26; रु. 2,60,400; **(3) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-13-2026;** वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण), राँची के अधिकार क्षेत्र के अधीन राँची-टोरी अनुभाग में बीसीएम द्वारा डीप स्क्रीनिंग से संबंधित पी.वे कार्यों, पीक्यूआरएस मशीन द्वारा टीएसआर के आनुषंगिक कार्यों (टीएसआर छोड़कर), सेस मरम्मत, ट्रॉली रिफ्यूजेज, शेड, स्टोर तथा अन्य पी. वे संबंधित विविध कार्यों का निष्पादन; रु. 5,58,44,418.18; रु. 4,29,200; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** क्रमांक 1 के लिए 31.03.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तथा क्रमांक 2 एवं 3 के लिए 02.04.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑन लाइन निविदा प्रणाली के लिए निविदादातागण वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-1287)

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के बीएलसी घटक अंतर्गत आबादी (सुरक्षित/प्रचलित) भूमि पर निवासरत122 आवेदकों को परीक्षण उपरांत दावा आपत्ति आमंत्रित किये जाने के संबंध में।

विज्ञापन क्र. 176 दिनांक 11/03/2026

**दावा आपत्ति सूचना**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के बीएलसी घटक अंतर्गत आबादी (सुरक्षित/ प्रचलित) भूमि पर निवासरत परिवारों को ''पात्र हितग्राही'' प्रमाण पत्र के द्वारा योजना से लाभावित किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये है।

बहतराई एवं बिजौर क्षेत्र में निवासरत 122 परिवारों द्वारा प्राप्त आवेदनों के सर्वेक्षण एवं परीक्षण समिति से अनुमोदन उपरांत दिनांक 12/03/2026 से 18/03/2026 तक कुल 07 दिवस तक दावा आपत्ति आमंत्रित की जाती है। दावा आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रधानमंत्री आवास योजना कक्ष में प्रस्तुत की जा सकती है। निर्धारित तिथि के पश्चात दावा आपत्ति मान्य नही होगी।

आयुक्त
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

यूको बैंक UCO BANK सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust

यूको बैंक : अंचल कार्यालय
पता : छत्तीसगढ़ नेत्र चिकित्सालय परिसर, तेलीबांधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4233116, 4233115, ईमेलः zoraipur.rec@uco.bank.in

परिशिष्ट IV देखें, [नियम 8 (1)] के तहत

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **यूको बैंक,** रायगढ़ शाखा का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) के अधीन और धारा 13(12) और सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 उपधारा (4) सपठित उक्त नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

| क्र. सं. | शाखा | ऋणी का नाम | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि / सांकेतिक कब्जा सूचना की तिथि / बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | रायगढ़ शाखा | श्री संतोष कुमार गुप्ता पिता श्री रघुवीर राम गुप्ता प्रोप्राइटर मेसर्स श्री सांई सेल्स | संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न श्री संतोष कुमार गुप्ता के नाम पर आवासीय प्लाट नं.- 44, खसरा नं.- (41/2,43,44,46), प्लाट क्षेत्रफल-1815 वर्गफीट स्थित रुक्मणी विहार कॉलोनी, ग्राम-दारागामुंडा तहसील एवं जिला - रायगढ़, वार्ड नं. - 40,तहसील - रायगढ़, जिला - रायगढ (छ.ग.) सीमाएं: उत्तर - 25 फीट कॉलोनी रोड, दक्षिण - बाउंड्रीवाल, पूर्व - प्लाट नं. - 4, पश्चिम - प्लाट नं. - 43. | 10.10.2025 / 06.03.2026 / ₹ 17,35,864.10 + ब्याज देय और अन्य खर्च |

ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रुप से और सर्वसाधरण को सामान्य रुप से एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का **किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय यूको बैंक के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा** जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

**उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।**

दिनांक : 06.03.2026 स्थान : रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी / यूको बैंक

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### बजा आईपीएल का...

के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में कुल दो मैच खेले जाने हैं। आरसीबी की टीम मई में ही यहां खेलने आएगी, जिससे दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली का रायपुर आना भी तय हो गया है। संभावना जताई जा रही है कि रायपुर में आरसीबी का रोमांचक मुकाबला मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स या राजस्थान रॉयल्स जैसी बड़ी टीमों से हो सकता है।

### 16 दिन में 4...

फाइनल मुकाबला उसी के होमग्राउंड एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रखा गया है। आरसीबी ने पिछले सीजन के फाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर पहली बार आईपीएल खिताब जीता था। विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में 4 ऐसे प्रमुख स्टेडियम हैं। जहां आईपीएल के मैच होने हैं। तमिलनाडु के चेन्नई स्थित एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) चेन्नई सुपर किंग्स का होम ग्राउंड है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में स्थित ईडन गार्डन्स कोलकाता नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान है, जबकि असम के गुवाहाटी में बना बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम राजस्थान रॉयल्स का सेकेंड होम वेन्यू रहा है।

### देश में पहली...

सुनियोजित तरीके से बंद किया जाए ताकि गरिमा बनी रहे। निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति देने वाला यह आदेश 2023 में संशोधित किए गए 2018 के उस फैसले के अनुरूप है जिसमें गरिमा के साथ मृत्यु के मौलिक अधिकार को मान्यता दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले 32 वर्षीय व्यक्ति के माता-पिता से मिलने की इच्छा जताई थी। उसने दिल्ली एम्स के चिकित्सकों के द्वितीयक चिकित्सा बोर्ड द्वारा दाखिल की गई राणा की चिकित्सा संबंधी रिपोर्ट का अवलोकन किया था और कहा था कि यह रिपोर्ट 'दुखद' है।

**माता-पिता ने लगाई थी गुहार-**

सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला हरीश की मां निर्मला राणा और पिता अशोक राणा की इच्छामृत्यु देने की अपील पर सुनाया।

फैसले पर पिता अशोक ने कहा-

हम इसके लिए लंबे समय से लड़ रहे थे। कौन से माता-पिता अपने बेटे के लिए ऐसा चाहेंगे। पिछले 3 साल से हम यह मामला लड़ रहे थे। अब उसे एम्स ले जाया जाएगा। वह पंजाब यूनिवर्सिटी में टॉपर हुआ करता था।

### पहली दफा 101...

पहली बार एक ही स्थान से 3 करोड़ 61 लाख रूपए नगद के अलावा 1 किलो सोना भी बरामद किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 64 लाख रुपये आंकी गई है। समर्पण के दौरान डीजीपी अरुण देव गौतम, एडीजी नक्सल अभियान विवेकानंद सिन्हा, एडीजी बीएसएफ सिवांग नामग्याल, आईजी सुन्दरराज पट्टलिंगम, आईजी सीआरपीएफ श्री शालीन, आईजी छसबल बीएस ध्रुव के अलावा बस्तर संभाग के सभी सात जिलों के एसपी व केंद्रीय सुरक्षा बलों तथा जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**समर्पित नक्सलियों में डीवीसीएम व एसीएम कैडर-**

आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों में माओवादी संगठन के विभिन्न स्तरों के पदाधिकारी शामिल रहे। इनमें 5 डिवीजनल कमेटी सदस्य (डीवीसीएम), 2 जोनल स्तर कंपनी के प्रमुख पदाधिकारी (सीवायपीसीएम), 15 प्लाटून पार्टी कमेटी के मेंबर (पीपीसीएम), 21 एरिया कमेटी सदस्य (एसीएम) तथा 63 पार्टी सदस्य (पीएम) शामिल हैं। इन सभी पर मिलाकर लगभग 3.29 करोड़ रुपये की इनाम राशि घोषित है जो इस सामूहिक आत्मसमर्पण को नक्सल विरोधी अभियानों के इतिहास की एक अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि बनाती है।

### 26 माह में 2714...

माओवादी कैडर हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौट चुके हैं। वहीं केवल बस्तर सभांग में ही समर्पण करने वालों की संख्या 26 सौ से अधिक है। बस्तर संभाग में 1 जनवरी 2024 से लेकर 9 मार्च 2026 तक कुल 2625 माओवादी कैडरों ने आत्मसमर्पण कर सामान्य जीवन की राह अपनाई है। आईजी ने कहा कि मुख्यधारा में लौट आये माओवादी कैडर्स के पुनर्वास, सुरक्षा एवं सम्मानजनक जीवन के लिए अवसर प्रदान कर उन्हें समाज में अंगीकृत करने भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की नीतियों के अनुरुप सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं।

### ये हथियार...

एलएमजी, 20 थ्रीनॉटथ्री रायफल, 25 नग 12 बोर राइफल, 11 बीजीएल लांचर, एक 51 मिमी मोर्टार, तीन 315 बोर राइफल, 13 नग तथा एक नग मेगा बीजीएल शामिल हैं। सुरक्षाबलों द्वारा समर्पित नक्सलियों की निशानदेही पर विभिन्न स्थानों से कुल 101 हथियार बरामद किए गए हैं। इनमें सर्वाधिक बरामदगी नारायणपुर जिले से 49 हथियार, बस्तर से 24, सुकमा से 12, बीजापुर से 09, दंतेवाड़ा से 05 तथा कांकेर से 02 हुई है।

## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

### बस्तर में बंदूक...

छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय इस बात का स्पष्ट संकेत है कि बस्तर में शांति, सुशासन और विकास की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले इन माओवादी कैडरों में 44 महिला माओवादी भी शामिल हैं। यह दर्शाता है कि बस्तर के लोगों में अब विकास और शांति के मार्ग पर आगे बढ़ने का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की पुनर्वास नीति, सुरक्षा बलों के समन्वित प्रयासों तथा बस्तर क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास कार्यों के कारण बड़ी संख्या में माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। इससे बस्तर में शांति का वातावरण मजबूत हो रहा है और आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस सफलता के लिए सुरक्षा बलों के साहस, प्रशासन के प्रयासों तथा स्थानीय लोगों के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि बस्तर के लोग अब भय और हिंसा से मुक्त होकर विकास और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ना चाहते हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व और केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी के मार्गदर्शन में नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की जा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार केंद्र सरकार के साथ समन्वय करते हुए नक्सलवाद के पूर्ण खात्मे की दिशा में दृढ़ता से आगे बढ़ रही है।

### गुजरात आ रहे...

अनुसार, मयूरी नारी नामक इस जहाज को ओमान के उत्तरी तट से लगभग 11 समुद्री मील दूर निशाना बनाया गया था। थाईलैंड सरकार ने पुष्टि की है कि घटना के बाद 20 चालक दल के सदस्यों को बचा लिया गया, जबकि तीन चालक दल के सदस्य अभी भी जहाज पर मौजूद हैं। थाईलैंड की रॉयल नेवी और यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस दोनों ने 11 मार्च को होर्मुज जलडमरूमध्य में एक कार्गो शिप पर हमले की सूचना दी थी। तस्वीरों और समुद्री अभिलेखों से पोत की पहचान थाई ध्वज वाले मालवाहक पोत मयूरी नारी के रूप में हुई। इसकी पुष्टि अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन संख्या के साथ-साथ शिप पर लगे झंडे और उसके ऊपरी ढांचे के मिलान से की गई, जो शिप की पुरानी तस्वीरों से मेल खाते थे। पता चला कि यह कार्गो शिप प्रेशियस शिपिंग का है। जानकारी के मुताबिक किसी मिसाइल के हमले में शिप में आग लग गई। हालांकि बाद में आग पर काबू पा लिया गया।समुद्री सूत्रों के अनुसार, ओमान की नौसेना ने क्षेत्र में बचाव अभियान चलाया और पोत के 23 चालक दल सदस्यों में से 20 को सुरक्षित निकाल लिया गया।

### ट्रंप बोले- कभी...

इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि ईरान में सैन्य ठिकानों और लक्ष्यों पर बड़े पैमाने पर हमले हो चुके हैं। यह बातचीत करीब पांच मिनट तक चली, जिसमें ट्रंप ने संकेत दिया कि युद्ध का अंत ज्यादा दूर नहीं है। ट्रंप ने कहा, अब वहां (ईरान) निशाना बनाने के लिए लगभग कुछ भी नहीं बचा है। बस थोड़ा-बहुत ही बाकी है, जब भी मैं चाहूं, यह युद्ध खत्म हो जाएगा।\

### पूर्व गृहमंत्री के...

कि संदीप कंवर स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 12 एबी 1868 को चला रहा था और बुधवारी की दोपहर लगभग 2 बजे उसकी कार से एक सेवई की दुकान से जा टकराई। घटना के बाद जब दुकान संचालक बुजुर्ग अजीम कुरैशी ने संदीप कंवर को समझाने की कोशिश की, तो मामला शांत होने के बजाय और बिगड़ गया। आरोप है कि नशे में धुत संदीप कंवर ने बुजुर्ग के साथ मारपीट शुरु कर दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और संदीप कंवर को कार सहित कोतवाली थाने ले जाया गया। अजीम कुरैशी की शिकायत पर पुलिस ने संदीप के खिलाफ धारा 296, 351(3), 115(2), 324 (4), 281, 125 (ए) बीएनएस एवं 184, 185 एमव्ही एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### फर्जी दाखिलों की...

पर दुर्ग में बीपीएल/अंत्योदय कार्ड का गलत इस्तेमाल कर अपात्र बच्चों का दाखिला और वेबसाइट हैकिंग के मामले सामने आए थे। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने इसे गंभीर मानते हुए राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। जवाब देने और कार्रवाई में देरी पर कोर्ट ने बुधवार तो नाराजगी जताई है। अगली सुनवाई में फर्जीवाड़े में शामिल लोगों के खिलाफ की गई कार्रवाई का विवरण प्रस्तुत अनिवार्य रूप से करने कहा गया है। ज्ञात हो कि यह पूरा मामला निजी स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों का हक मारे जाने से संबंधित है।

### पोर्टल में निराकरण...

प्राप्त शिकायतों के निराकरण में अधिकांश जिलों में प्रगति हुई है। दुर्ग जिले में 183 शिकायतें, रायपुर जिले में 157 शिकायतें, बिलासपुर जिले में 100 शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इनमें से बिलासपुर की 99 शिकायतें निपटा दी गई हैं, जबकि एक शिकायत आरटीई सर्वर में तकनीकी समस्या के कारण लंबित है। हालांकि, याचिकाकर्ता पक्ष की ओर से यह आपत्ति उठाई गई कि केवल पोर्टल पर आई शिकायतों का निराकरण हुआ है, जबकि व्यक्तिगत रूप से अधिकारियों को दी गई कई शिकायतें अब भी लंबित हैं।

### खेत से उखाड़ी...

इस मामले में अब तक पांच लोगों को हिरासत में लिए जाने की बात कही जा रही है। अधिकारी कार्रवाई पूरी होने के बाद जब्त अफीम के फसल की स्थिति स्पष्ट होने की बात कह रहे है लेकिन जब्त किए गए अफीम की कीमत करोड़ो में आंकी जा रही है। बता दें कि बलरामपुर जिले के कुसमी अंतर्गत त्रिपुरी गांव के सरनाटोली में 10 मार्च को अफीम की खेती किए जाने का खुलासा हुआ था। जंगल किनारे त्रिपुरी निवासी रूपदेव भगत व कौशल भगत के खेत में अफीम की फसल लहलहा रही थी। इस बात की जानकारी मिलने के बाद जिले से लेकर प्रदेशभर में हड़कंप मच गया। मामले की सूचना मिलने के बाद कलेक्टर राजेन्द्र कटारा और एसपी वैभव बैंकर भी मौके पर पहुंचे और राजस्व व पुलिस विभाग की टीम ने क्षेत्र को घेरने के साथ ही जब्ती की कार्रवाई शुरू की थी। इस दौरान इस बात की पुष्टि हुई कि अफीम की फसल पककर तैयार हो गई थी और तीन से चार एकड़ जमीन पर अवैध रूप से अफीम उगाई गई थी और फसल तैयार होने के बाद डोडा को चीरा लगाया था। डोडा से अफीम निकालने की तैयारी चल रही थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मात्रा में सूखा डोडा बरामद किया जबकि शाम होने के कारण फसल जब्ती की कार्रवाई नहीं हो पाई थी। रात भर पुलिस ने क्षेत्र में पहरेदारी की और बुधवार की सुबह पुलिस व राजस्व विभाग के साथ ही फोरेंसिक, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम भी मौके पर पहुंची। इस दौरान लगभग 100 से अधिक मजदूर लगाकर फसल को उखाड़ने का काम शुरू किया गया। इस पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई और साक्ष्य एकत्रित किए गए। समाचार लिखे जाने तक पुलिस व राजस्व विभाग की टीम फसल के जब्ती की कार्रवाई कर रही थी।

### घबराएं नहीं, बुकिंग...

दिन में भारत पहुंचने वाले हैं। इससे देश में ईंधन की स्थिति और मजबूत होगी। वर्तमान में भारत की रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं ताकि पेट्रोलियम उत्पादों की कमी न हो। इधर, एलपीजी सिलेंडरों की कमी से होटल, रेस्टोरेंट और सार्वजनिक कैंटीनों को अपने संचालन में कटौती करनी पड़ रही है। कई जगहों पर व्यवसायों को वैकल्पिक ईंधन अपनाना पड़ा है, जबकि कुछ प्रतिष्ठान अस्थायी रूप से बंद भी हो गए हैं। सबसे ज्यादा असर शहरी इलाकों के रेस्टोरेंट कारोबार पर पड़ा है। कई रेस्टोरेंट संचालकों का कहना है कि खाना पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की भारी कमी हो गई है। इसके चलते कई प्रतिष्ठानों ने अपने मेन्यू में कटौती कर दी है, कुछ व्यंजन अस्थायी रूप से बंद कर दिए हैं या वैकल्पिक तरीकों से खाना बनाना शुरू किया है।

### घरघोड़ा वन क्षेत्र...

सुहाई जंगल के पास दो शावक हाथियों की लाश देखी गई। दोनों हाथियों की उम्र लगभग दो से ढाई साल बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग हरकत में आ गया। एसडीओ फॉरेस्ट घरघोड़ा आशुतोष मंडावा और वन परिक्षेत्र अधिकारी तमनार विक्रांत सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी।

### महानगरों की तर्ज...

विकसित किया जाएगा और भविष्य में छत्तीसगढ़ के विकास का एक प्रमुख ग्रोथ इंजन बनेगा। बैठक में प्राधिकरण के उद्देश्य, कार्यप्रणाली, गतिविधियों तथा राजधानी क्षेत्र के समग्र और योजनाबद्ध विकास की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की परिकल्पना शहर की बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थित आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार-वाणिज्य और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण की पहली बैठक अत्यंत सार्थक रही है और विभिन्न विषयों पर हुई विस्तृत चर्चा के सकारात्मक परिणाम आने वाले समय में स्पष्ट रूप से दिखाई देंगे।

**विशेषज्ञ सलाहकार होंगे नियुक्त-**

बैठक में राजधानी क्षेत्र में क्षेत्रीय मोबिलिटी और लॉजिस्टिक्स के विकास, मेट्रो संचालन के लिए टेक्नो-इकोनॉमिक फिजिबिलिटी स्टडी, सर्वेक्षण कार्यों के संचालन तथा इसके लिए विशेषज्ञ सलाहकारों की नियुक्ति पर विचार किया गया। साथ ही प्राधिकरण के प्रशासकीय और वित्तीय अधिकारों के प्रत्यायोजन, ऑडिट सेवाओं के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट की नियुक्ति और प्लानिंग प्रभाग के लिए विशेषज्ञ सलाहकारों की सेवाएं लेने के प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई।

**कार्ययोजना पर हुआ विचार-**

बैठक में राजधानी क्षेत्र विकास एवं निवेश योजना तैयार करने की कार्ययोजना पर भी विचार किया गया। इसके अंतर्गत निवेश क्षेत्रों का विधिवत चिन्हांकन, आवश्यक सर्वेक्षण, अनुसंधान एवं अध्ययन तथा चरणबद्ध रूप से परियोजनाओं के क्रियान्वयन की रणनीति तैयार की जाएगी। साथ ही राजधानी क्षेत्र में भूमि विकास और आबंटन की प्रक्रिया को सरल बनाने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश जारी करने पर सहमति बनी। बैठक में प्राधिकरण की प्रारंभिक गतिविधियों के लिए 27 करोड़ रुपये के प्रावधान की जानकारी भी दी गई।

**बैठक में शामिल हुए मंत्री, अधिकारी-**

बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, मुख्य सचिव विकास शील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकित आनंद, नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस., एनआरडीए के सीईओ चंदन कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### महानगरों की तरह...

होंगे। यह क्षेत्र बड़े महानगरों की तर्ज पर विकसित किया जाएगा और भविष्य में छत्तीसगढ़ के विकास का एक प्रमुख ग्रोथ इंजन बनेगा।

### अपेक्षाएं बढ़ीं, पूरा...

आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्टेट कैपिटल रीजन की घोषणा से जनता की अपेक्षाएं भी बढ़ी हैं और इन अपेक्षाओं को पूरा करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित योजना और समयसीमा के अनुरूप पूरे किए जाएं तथा प्रगति की नियमित रूप से उच्चस्तरीय समीक्षा सुनिश्चित की जाए।

### स्पीकर को हटाने...

तीखी टिप्पणियां करते हुए बुधवार को विपक्ष के इस आरोप को खारिज कर दिया कि उन्हें निचले सदन में बोलने नहीं दिया जाता। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए संकल्प पर चर्चा का जवाब देते हुए शाह ने यह भी कहा, आप प्रधानमंत्री के खिलाफ प्रस्ताव लाइए। हम मुद्दों पर जवाब देंगे। लेकिन लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने के प्रस्ताव को मैं सामान्य बात नहीं मानता। शाह के भाषण के बाद, सदन ने ध्वनिमत से विपक्ष के प्रस्ताव को खारिज कर दिया।

उन्होंने कहा, विपक्ष के नेता का यह आरोप सही नहीं है कि उन्हें बोलने नहीं दिया जाता। नेता प्रतिपक्ष की पार्टी लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव लाई, उस पर भी वह नहीं बोले। वह बोलना ही नहीं चाहते। बोलना चाहते हैं तो नियमानुसार बोलना नहीं आता। यह कोई सभा (रैली) नहीं है, यहां नियमानुसार बोलना होता है। गृह मंत्री ने बिरला के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि यह बहुत अफसोसजनक घटनाक्रम है। उन्होंने कहा, जब सदन के मुखिया की निष्ठा पर सवाल उठाया जाता है तो दुनिया में भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की साख पर सवाल खड़े हो जाते हैं। शाह ने कहा कि बजट सत्र के पहले चरण में लोकसभा अध्यक्ष के चैम्बर में ऐसा माहौल खड़ा किया गया कि अध्यक्ष की सुरक्षा की चिंता पैदा हो गई थी। उन्होंने कहा कि लोकसभा का संचालन कैसे करना है, इसके लिए इसी सदन ने नियम बनाए हैं और सदन के नियम जिसकी अनुमति नहीं देते, उस हिसाब से बोलने का अधिकार किसी को भी नहीं है। उन्होंने कांग्रेस सदस्यों को आड़े हाथ लेते हुए कहा, जब आप सदन के संचालन के नियमों को नजरअंदाज करेंगे तो अध्यक्ष का दायित्व है कि ऐसे सदस्य को रोकें, टोकें और बाहर निकाल दें।'' शाह ने कहा कि भाजपा और राजग के विपक्ष में रहते अध्यक्ष के खिलाफ कभी अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया गया और हमने हमेशा रचनात्मक विपक्ष के रूप में काम किया।

**सभी संस्थाओं का बीजेपीकरण हो रहा-**

सपा सांसद आनंद भदौरिया ने कहा कि 2014 के बाद से देश की तमाम बड़ी संस्थाओं का बीजेपीकरण, संघीकरण किया गया है। मौजूदा सरकार अध्यक्ष के आसन के पीछे छिपकर सदन में विपक्ष की आवाज को दबाने का काम कर रही है। उन्होंने राहुल का समर्थन करते हुए कहा कि वो इस देश के नेता प्रतिपक्ष ही नहीं हैं। बल्कि इंडिया गठबंधन के 42 फीसदी मतदाताओं की मजबूत आवाज भी हैं।

**रविशंकर-राहुल में तीखी नोकझोंक-**

इधर, निचले सदन में सत्ता पक्ष से रविशंकर प्रसाद और विपक्ष से राहुल गांधी के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। प्रसाद ने राहुल के संसदीय आचरण और सदन में उनकी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि बतौर नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन्हें अपने पद की गरिमा के साथ तमाम जरूरी दायित्वों का निर्वाह करना चाहिए। लेकिन उन्हें इसका जरा भी भान नहीं है। वो सदन में गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियों के साथ कभी भी कुछ भी बोल देते हैं।

जवाब में राहुल ने कड़ा पलटवार किया और कहा, यह लोकसभा समूचे देश की आम जनता की आवाज और भावनाओं को प्रदर्शित करती है। न कि इसका संबंध केवल एक दल (भाजपा) से है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर व्यापार डील के मामले को लेकर अमेरिका से समझौता करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूरा देश इससे अवगत है। भाजरपा नेता ने राहुल की इस टिप्पणी को पूरी तरह से नकारते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और पीएम से जुड़े मामलों पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है।

### समुद्र में फंसे...

1 मार्च 2026 के बीच गोवा तट के पास समुद्र में किए गए। इस दौरान अलग-अलग परिस्थितियों में कुल चार इन-फ्लाइट रिलीज़ ट्रायल सफलतापूर्वक पूरे किए गए।


## कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोरबा-1 तहसील कोरबा (छ.ग.)

क्रमांक/Q./रा.नि./2026 **सूचना पत्र** कोरबा, दिनांक 10/03/2026

प्रति,

1. महाप्रबंधक SECL कोरबा 2. आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा 3. एम.एस.एण्ड संस गरूण नगर गेवरा 4. दिनेश कुमार मोदी 5. सुपर डेवलपर्स कोरबा 6. द्रोणाचार्य एजुकेशन सोसायटी 7. साधुराम पि. गणेशराम, सुनीता जायसवाल पति शिवकुमार 8. गौरीशंकर 9. रोहितनवा/रोहिणी 10. शुभराम पि. दीपचंद 11. अरूण कुमार बजाज 12. कुंजबिहारी अग्रवाल 13. आर.के. सिंह 14. राधास्वामी सत्संग व्याष वगै.

विषय :- सीमांकन/नक्षा बटांकन/मौका जाँच किये जाने हेतु।

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार कोरबा के ज्ञापन क्रमांक 589/तह./वा./2024 कोरबा दिनांक 9/04/2025

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स एम.एम.संस गरूणनगर दीपक की ओर से मुख्तियार शुभराम पिता दीपचंद निवासी... द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं.16 जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 तहसील कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) स्थित, भूमि खसरा क्रमांक 192/3, 192/8, 203, 205/8 206/1, 202/3, 206/4, 211/1, 206/5 एवं 206/6 कुल ख.नं. 10 कुल रकबा 2.467 हेक्टेयर का सीमांकन/नक्शा बटांकन/मौका जाँच किये जाने हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार कोरबा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। संदर्भित ज्ञापन के संबंध में दिनांक 18/03/2026 समय 10:30 बजे सीमांकन/नक्षा बटांकन / मौका जाँच किया जाना है। जिस हेतु आप अपनी भूमि संबंधी दस्तावेजों के साथ नियत तिथि को मौके पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर सीमांकन/नक्षा बटांकन/मौका जाँच की कार्यवाही में सहयोग प्रदान करें।

टीप :- अपरिहार्य कारणों से समय/तिथि परिवर्तनीय होगा।

प्रतिलिपि :-

1. तहसीलदार कोरबा को संदर्भित ज्ञापन के संबंध में सादर सूचनार्थ।
2. हल्का पटवारी आप संबंधित दस्तावेजों के साथ मौके पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें।
3. आवेदक को सूचनार्थ एवं अपने स्तर पर समीपवर्ती भूमिस्वामियों को सूचित करते हुए मय दस्तावेज मौके पर उपस्थित होंवे।

**राजस्व निरीक्षक कोरबा-1 तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.)**



## छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित

छठवीं मंजिल टावर "सी" कमर्शियल कॉम्पलेक्स, सी.बी.डी. सेक्टर 21, मुख्यालय, अटल नगर, जिला-रायपुर 492002

Website-www.markfed.cg.inic.in, E- Mail Id:-Mf ctrlroom raipur@gov.in, cgmarkfedtax2023@gmail.com, contact no.0771-2425426

क्रमांक/लेखा/कराधान/333/6628/2026 न.रा.अ.न. 10.03.2026

**रूचि की अभिव्यक्ति**

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन सघ मर्यादित मुख्यालय के वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु गुड्स एण्ड सर्विस टैक्स (GSTR-1, GSTR-3B) (क्रमांक 22AAAAC0934E1ZJ) एवं जी.एस.टी. पर टी.डी.एस. (GSTR-7) 34 जिला इकाई कार्यालयों का मासिक रिटर्न फाईलिंग संबंधित समस्त कार्यवाही किये जाने के लिए सी.ए. फर्मो से दरे प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव GEM PORTAL के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है। यह दरें वित्तीय वर्ष 2026-27 (अवधि 01-04-2026 से 31-03-2027 तक) के लिए प्रभावशील होगी। विस्तृत शर्ते कार्यालय की वेबसाईड www.markfed.cg.inic.in, में उपलब्ध है।

प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 10.4.26 समय सांयकाल 05:00 बजे तक रहेगी।

(प्रबंध संचालक द्वारा अनुमोदित)

(मो. इमरान खान)
मुख्य लेखाधिकारी
सह वित्तीय नियंत्रक

संवाद-47167



## Directorate of Employment and Training, Chhattisgarh

Indravati Bhawan, Block-4, 1st Floor, Naya Raipur, Chhattisgarh

**Expression of Interest (EOI)**
**On boarding of Anchor Industry Partners under PM-SETU Scheme**

The Directorate of Employment and Training, Chhattisgarh invites Expression of Interest (EOI) from reputed Industries/Industry Associations for on boarding as Anchor Industry Partners for the up gradation of selected ITI Clusters (Hub & Spoke Model) under the PM-SETU Scheme.

Interested organizations may refer to the detailed EOI document available on the e-Procurement Portal - https://eproc.cgstate.gov.in

**Issue of EoI document: - 10.03.2026**
**Last Date for Submission: - 30.03.2026 at 5.00PM**

Director
Employment and Training
Chhattisgarh

G-252607138/2



## राज्य बाल संरक्षण समिति, छत्तीसगढ़

संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ इन्द्रावती भवन, ब्लॉक 01, तृतीय तल, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष क्रमांक 0771-2234192, 2234188 (Fax) email: dirwcd@nic.in

क्रमांक/17904/63सी/मबावि/ एससीपीएस/2025-26 रायपुर, दिनांक 10/03/2026

**''विज्ञापन''**

किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 तथा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) आदर्श नियम 2016 यथा संशोधित 2022 के प्रावधानों के अनुसार किशोर न्याय बोर्ड में सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा बालक कल्याण समितियों में रिक्तियों की पूर्ति हेतु अध्यक्ष एवं सदस्यों का चयन कर समिति का गठन/पुर्नगठन किया जाना है। इस हेतु निर्धारित अर्हताओं/अनर्हताओं के प्रकाश में पात्र आवेदकों से दिनांक **13/04/2026** तक आवेदन आमंत्रित हैं।

**1. बालक कल्याण समिति के लिए अध्यक्ष तथा सदस्यों की रिक्तियों/ संभावित रिक्तियों का विवरण -**

| क्र. | रिक्त संख्या | | | मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| | जिले का नाम | अध्यक्ष | सदस्य | |
| 1 | बीजापुर | - | रिक्त-02 | 2000/- प्रति बैठक / शासन द्वारा निर्धारित मानदेय |
| 2 | दुर्ग | | रिक्त-01 | |
| 3 | गरियाबंद | रिक्त-01 | रिक्त-01 | |
| 4 | जशपुर | - | रिक्त-01 | |
| 5 | रायगढ़ | - | रिक्त-02 | |
| 6 | सुकमा | - | रिक्त-03 (01 महिला) | |
| 7 | सरगुजा | रिक्त-01 | - | |
| | कुल योग :- | 02 | 10 | |

**2 किशोर न्याय बोर्ड के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं की रिक्तियों/ संभावित रिक्तियों का विवरण -**


| | | रिक्त संख्या | |
|---|---|---|---|
| क्र. | जिले का नाम | सामाजिक कार्यकर्ता | मानदेय |
| 1 | बेमेतरा | रिक्त-02 (01 महिला) | 2000/- प्रति बैठक / शासन द्वारा निर्धारित मानदेय |
| 2 | कोण्डागांव | रिक्त-02 (01 महिला) | |
| 3 | सुकमा | रिक्त-1 | |
| 4 | खैरागढ़-छुईखदान-गंडई | रिक्त-1 | |
| | कुल योग :- | 06 | |

1. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर एवं वेबसाइट www.cgstate.gov.in एवं www.cgwed.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. प्रत्येक पद के लिए पृथक पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। 3. आवेदन प्रेषित करने का पता संचालनालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, ब्लॉक 01, द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) 492002 4. आवेदन पत्र कार्यालय में सीधे स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से ही स्वीकार होंगे। 5. आवेदक का आवेदन दिनांक 13/04/2026 को सायं 5:30 बजे तक अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। वांछित योग्यता ना रखने वाले उम्मीद्वार कृपया आवेदन ना करें।

जी-252607128/2

संचालक-महिला एवं बाल विकास विभाग
एवं सचिव, राज्य बाल संरक्षण समिति नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)


## शब्द पहेली - 6162



**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना 6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा 3
10.अधिकार,आरोप 2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन 2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर 4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक 4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह 2
32.अनर्गल प्रलाप 4
33.नौकर,सेवक 2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय 2
38.दीपक,दिया 3
39.बोलने के लिये कहना 2
40.एक मुस्लिम महीना 4
41.सहायता करना 3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम 2
3.कपड़ों के टुकड़े 4
4.असफल-5
5.राजी करना 3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी 2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी 3)
19.खबरी,खबर देने वाला 4
20.हमारा पड़ोसी देश 2
22.घूमना-3
23.पराजय 2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत 4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध 4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना 4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली- 6161 का हल



## सूडोकु नवताल - 6172

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6171 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

## 10 की आखिरी परीक्षा कल, 12वीं का अंतिम पर्चा होगा 18 मार्च को

# 10वीं-12वीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 से, दो चरणों में होगी जांच

### प्रदेश में बनाए गए 36 मूल्यांकन केंद्र, राजधानी के दो स्कूलों में जंचेंगी कॉपियां

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल दसवीं-बारहवीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 मार्च से प्रारंभ कर देगा। मंडल द्वारा दो चरणों में उत्तरपुस्तिकाओं की जांच की जाएगी। प्रथम चरण में उन उत्तरपुस्तिकाओं को जांच के लिए भेजा जा रहा है, जिनकी परीक्षाएं प्रारंभ में हो चुकी हैं। दूसरे चरण में उन विषयों की कॉपियां मूल्यांकन के लिए प्रेषित होंगी, जिनके पर्चे अंत में हैं। दसवीं कक्षा की मुख्य विषयों की परीक्षाएं बुधवार अर्थात 11 मार्च को समाप्त हो गई हैं। दिव्यांग छात्रों के लिए आयोजित अंतिम परीक्षा 13 मार्च को को आयोजित होगी। वहीं बारहवीं कक्षा की अंतिम परीक्षा 18 मार्च को आयोजित की जाएगी। इस वर्ष 10वीं कक्षा में 3,20,192 और 12वीं कक्षा में 2,45,710 विद्यार्थी शामिल हुए हैं।



पहले चरण में उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 मार्च से प्रारंभ होने के बाद दूसरे चरण का मूल्यांकन 25 मार्च से प्रारंभ किया जाएगा। प्रदेशभर में इसके लिए 36 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। राजधानी रायपुर में दो केंद्रों में मूल्यांकन होगा। इनमें दानी गर्ल्स स्कूल और जेएन पांडेय विद्यालय शामिल है। 20 हजार से अधिक शिक्षक इन केंद्रों में उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करेंगे। एक शिक्षक को एक दिन में मूल्यांकन के लिए मात्र 40 उत्तरपुस्तिकाएं ही प्रदान की जाएंगी।

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने तीन सप्ताह के भीतर मूल्यांकन कार्य पूर्ण करने लक्ष्य रखा है। 7 अप्रैल तक मूल्यांकन कार्य पूर्ण करने के बाद टेबुलेशन तथा नतीजे जारी करने संबंधित अन्य प्रक्रियाएं पूर्ण की जाएंगी। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, अप्रैल अंत तक परिणाम जारी करने की कोशिश की जा रही है। ऐसा ना हो सकने की स्थिति में मई के प्रथम पखवाड़े में परिणाम जारी कर दिए जाएंगे। गौरतलब है, माशिम द्वारा बीते सत्र से वर्ष में दो बार परीक्षा आयोजित की जा रही है। फरवरी-मार्च की परीक्षा में असफल होने वाले विद्यार्थियों को जुलाई की परीक्षा में दोबारा मौका दिया जाएगा। इस कारण प्रथम परीक्षा के परिणाम शीघ्र जारी करने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि दूसरी परीक्षा नवीन शैक्षणिक सत्र में दाखिले समाप्त होने के पूर्व आयोजित की जा सके।

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

मूल्यांकन केंद्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रखी जाएगी। प्रत्येक केंद्र में पुलिसकर्मी तैनात रखेंगे। इसके अलावा सभी केंद्रों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। मूल्यांकन केंद्र के भीतर शिक्षकों के लिए मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। कक्ष में प्रवेश के पूर्व मूल्यांकनकर्ताओं की जांच भी होगी। इसके अतिरिक्त उत्तर पुस्तिकाओं में रोल नंबर के हिस्से को स्टीकर से ढंक दिया गया है। इसे मूल्यांकन के बाद प्राप्तांक की टेबुलेशन शीट में एंट्री करते समय खोला जाएगा।

# प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और सशक्तिकरण के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने एक और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के क्रियान्वयन की फरवरी की स्टेट-वाइज राष्ट्रीय रैंकिंग में छत्तीसगढ़ ने बड़े राज्यों की श्रेणी में देश में पहला स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। राज्य ने अन्य बड़े राज्यों को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की है।

- मुख्यमंत्री और मंत्री राजवाड़े ने दी बधाई

जारी रैंकिंग के अनुसार छत्तीसगढ़ ने 93.37 प्रतिशत नामांकन, 83.87 प्रतिशत स्वीकृति दर और 93.95 प्रतिशत शिकायतों के त्वरित समाधान के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वहीं 30 दिनों से अधिक लंबित प्रकरणों की दर मात्र 7.07 प्रतिशत और लंबित शिकायत दर 4.96 प्रतिशत दर्ज की गई है, जो योजना के प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन को दर्शाती है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ ने पिछले माह की तुलना में 6 स्थानों की छलांग लगाकर पहला स्थान प्राप्त किया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मैदानी अमले को बधाई देते हुए कहा, राज्य सरकार मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा दिया जा रहा है और छत्तीसगढ़ का प्रथम स्थान इस दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को राज्य के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए विभागीय टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण ही छत्तीसगढ़ आज देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है। उन्होंने कहा, सभी अधिकारियों-कर्मचारियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के आपसी समन्वय, प्रतिबद्धता और समयबद्ध कार्यशैली के परिणामस्वरूप ही राज्य यह मुकाम हासिल कर पाया है।

### 72 करोड़ 24 लाख हितग्राहियों के खाते में अंतरित

मंत्री राजवाड़े ने विश्वास व्यक्त किया कि विभाग भविष्य में भी इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करते हुए इस प्रथम स्थान को बनाए रखेगा तथा प्रदेश की प्रत्येक पात्र गर्भवती महिला तक योजना का लाभ समय पर पहुंचाएगा। उन्होंने योजना के क्रियान्वयन की जानकारी देते हुए बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक प्रदेश में 1,86,586 गर्भवती महिलाओं का प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत पंजीकरण किया जा चुका है। राज्य सरकार द्वारा अब तक 72 करोड़ 24 लाख 89 हजार रुपये की राशि सीधे पात्र हितग्राही महिलाओं के बैंक खातों में अंतरित की जा चुकी है।

### 17 को कांग्रेस करेगी विधानसभा का घेराव

रायपुर। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने बताया कि 12 मार्च को भाजपा दफ्तर घेराव कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर अब 17 मार्च को विधानसभा घेराव करने का निर्णय लिया गया है। भाजपा सरकार द्वारा संरक्षित अफीम खेती, नशे के कारोबार एवं अन्य जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, विशेषकर अफीम कांड, नशे के बढ़ते कारोबार एवं अन्य मुद्दों पर कड़ा विरोध दर्ज कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सभी साथी एकजुट होकर इस आंदोलन में सक्रिय भागीदारी करें।

# उचित मूल्य दुकान में चावल की हेराफेरी, एपीएल कोटे का 8 क्विंटल चावल गायब मिला



हरिभूमि न्यूजः रायपुर

खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने बुधवार को राजिम क्षेत्र की कुछ उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान एक दुकान में कई अनियमितता पाई गईं। इस दुकान में जहां 127 क्विंटल चावल की कमी पाई गई, वहीं स्टॉक का मिलान करने पर एपीएल कोटे का 8 क्विंटल 70 किलोग्राम चावल गायब मिला। इसके अलावा भी दुकान में पंजी उपलब्ध नहीं मिली तथा टोल फ्री नंबर का प्रदर्शन किया नहीं मिला।

छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने नगर पालिका राजिम में श्रीराजीव लोचन महिला स्वसहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान आईडी 511012004 का औचक निरीक्षण किया। संदीप शर्मा ने बताया कि इस दौरान दुकान में कई अनियमितताएं पाई गईं। दुकान में न ही हितग्राहियों को वितरण खाद्यान्न की रजिस्टर में एंट्री की जा रही थी और न ही टोल फ्री नंबर का प्रदर्शन किया था। यही नहीं, दुकान में 127 क्विंटल चावल की कमी भी पाई गई। इसके अलावा दुकान में स्टॉक का मिलान करने पर एपीएल कोटे का 8 क्विंटल 70 किलोग्राम चावल गायब था, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख 45 हजार रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में संबंधित खाद्य अधिकारी को प्रकरण दर्ज कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### जांच प्रतिवेदन के आधार पर एसडीएम करेंगे कार्रवाई

शासकीय उचित मूल्य की दुकान में खाद्य आयोग के अध्यक्ष के निरीक्षण में अनियमितताएं पाई गई हैं। इस मामले में जांच प्रतिवेदन के आधार पर दुकान के विरुद्ध एसडीएम कार्रवाई करेंगे।

– **अरविंद दुबे,** खाद्य नियंत्रक, गरियाबंद\

# स्कूलों को करना होगा ई-प्लेटफॉर्म पर मौजूद वीडियो का प्रयोग, इसके जरिए सुधारा जाएगा छात्रों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

सेंट्रल बोर्ड ऑफ़ सेकेंडरी एजूकेशन ने अपने से जुड़े स्कूलों को क्लासरूम टीचिंग में डिजिटल कंटेंट का ज्यादा इस्तेमाल करने के लिए बढ़ावा दिया है। बोर्ड ने स्कूलों से कहा है कि वे ई-विद्या प्लेटफॉर्म पर मौजूद टीवी चैनल और ई-वीडियो लेसन का नियमित रूप से इस्तेमाल करें। बोर्ड के मुताबिक, केंद्र सरकार का ई-विद्या प्लेटफॉर्म करिकुलम से जुड़े रिकॉर्डेड लेसन देता है, जिन्हें स्टूडेंट अपनी स्पीड से दोबारा देख सकते हैं। इन लेसन का इस्तेमाल सप्लीमेंट्री एकेडमिक सपोर्ट, सब्जेक्ट एनरिचमेंट और टीचर ट्रेनिंग के लिए भी किया जा सकता है। बोर्ड की तरफ से जारी एक ऑर्डर में खास तौर पर ई-विद्या में सीबीएसई के 15 टीवी चैनल के इस्तेमाल पर जोर दिया गया है। यह चैनल 2024 में 200 डीटीएच एजूकेशनल टीवी चैनल लॉन्च करने की पहल का हिस्सा है, जिसका मकसद एजूकेशनल रिसोर्स तक पहुंच बढ़ाना है। सीबीएसई के मुताबिक, इन चैनलों में करिकुलम से जुड़े प्रोग्राम होते हैं, जिनमें टीचिंग मेथड, क्लासरूम मैनेजमेंट, असेसमेंट मेथड और सब्जेक्ट-स्पेसिफिक लर्निंग से जुड़े टॉपिक शामिल होते हैं। इसका मकसद क्वालिटी एजूकेशनल रिसोर्स तक सभी की बराबर पहुंच सुनिश्चित करना है, खासकर उन स्टूडेंट के लिए जिन्हें डिजिटल टूल्स तक पहुंचने में ज्योग्राफिकल या सोशियो-इकोनॉमिक रुकावटों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में इन चैनलों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 67 एजुकेशनल ई-वीडियो उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें ग्रेड 9 के लिए रियल नंबर्स और कोऑर्डिनेट ज्योमेट्री जैसे सब्जेक्ट्स के लेसन के साथ-साथ आर्ट-इंटीग्रेटेड लर्निंग, टीचिंग में स्टोरीटेलिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को समझना, मैथमेटिक्स टीचिंग प्लानिंग, कोऑपरेटिव लर्निंग और यूनिवर्सल डिजाइन ऑफ लर्निंग जैसे मॉड्यूल शामिल हैं। न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 और साइंस, मैथमेटिक्स और सोशल साइंस पढ़ाने की स्ट्रेटेजी पर भी सेशन उपलब्ध हैं।

### प्राचार्य प्रदान करेंगे सुविधा

बोर्ड द्वारा जारी आदेश में शिक्षकों को सलाह दी गई है कि वे इन वीडियो को लेसन प्लान और क्लासरूम एक्टिविटीज में शामिल करें, जबकि स्टूडेंट्स इनका इस्तेमाल कॉन्सेप्ट्स को समझने और सेल्फ-स्टडी के लिए कर सकते हैं। स्कूल प्रिंसिपल्स को भी जरूरी टेक्निकल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने और स्टूडेंट्स और टीचर्स तक कंटेंट पहुंचाने के लिए कहा गया है। हालांकि कुछ स्कूलों का कहना है कि यह पहल डिजिटल और स्किल-बेस्ड लर्निंग को मजबूत कर सकती है।

# तारबाहर अंडरब्रिज की हालत खस्ता सुधारने के लिए रेलवे ने किया टेंडर

### हाईकोर्ट में पेश किया गया जवाब

बिलासपुर। बिलासपुर का तारबाहर अंडरब्रिज खराब सड़क, जलभराव और आवारा मवेशियों के कारण वर्षों से बदहाल है। बारिश में यहां पानी भरने और फिसलन से राहगीरों को भारी परेशानी होती है। शिकायतों के बाद रेल प्रशासन ने मवेशियों को रोकने के लिए 'काउ कैचर' लगाने और सुधार कार्य के लिए इसे 15 से 25 जुलाई (2025) तक बंद रखा था।

इसके बाद भी राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने इस पर संज्ञान लिया तो रेलवे की ओर से कहा गया कि मरम्मत और दूसरे कामों के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। जल्द ही वर्क आर्डर जारी होगा। कोर्ट ने मामले की मानिटरिंग के लिए 16 अप्रैल को अगली सुनवाई रखी है। तारबाहर अंडरब्रिज का निर्माण 2009 के बाद किया गया था।वर्तमान में अंडरब्रिज की स्थिति खराब है। बारिश के दौरान यहां पानी भर जाता है।

आवारा मवेशियों का जमावड़ा और खराब सड़क पर फिसलन से लोगों को परेशानी होती है। जनप्रतिनिधियों द्वारा सलाहकार समिति की बैठकों में यह मुद्दा उठाने के बाद रेल प्रशासन ने सुधार कार्य की पहल की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार रेलवे के संबंधित विभाग को जानकारी दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

विभाग की उदासीनता का नतीजा यह है कि समस्या जस की तस बनी हुई है। निर्माण के समय गुणवत्ता से समझौता किया गया, जिसका नतीजा अब सबके सामने है। जबकि उन्हें मालूम था कि दो बाक्स के बीच जोड़ को ठीक से नहीं भरा जाता है तो पानी टपकेगा भी। इसी का खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। इसे लेकर रोजाना अंडरब्रिज से गुजरने वाले लोगों में नाराजगी है।

# नशे में मिले 86 वाहन चालक

**रायपुर।** हाई क्लास से लेकर मिडिल क्लास के लोगों के लिए नशा करने का प्रमुख केंद्र वीआईपी रोड स्थित होटल, क्लब, बार तथा ढाबा है। नशे की हालत में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस तथा ट्रैफिक पुलिस की टीम ने रविवार को वीआईपी रोड सहित तेलीबांधा थाना क्षेत्र के आधा दर्जन स्थानों पर गाड़ियों की जांच कर 86 नशेड़ियों को नशे की हालत में गाड़ी चलाते पकड़ा। जिन 86 नशेड़ियों को नशे की हालत में पुलिस ने गाड़ी चलाते पकड़ा है, उनमें तीन नशेड़ी ऑडी, बीएमडब्लू जैसी लग्जरी कार चलाते धरे गए। पुलिस तथा ट्रैफिक पुलिस ने पिछले 10 दिनों में अभियान चलाकर 614 नशेड़ियों को नशे की हालत में गाड़ी चलाते पकड़ा है।

# निसदा खदानों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई के बाद भी जागा नहीं पर्यावरण विभाग

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र के ग्राम निसदा में फर्शी खदानों के विरुद्ध प्रशासन और खनिज विभाग द्वारा की गई बड़ी कार्रवाई के बाद भी पर्यावरण विभाग के अफसर गहरी नींद में सोए हुए हैं। प्रशासन ने नियमों के विरुद्ध उत्खनन करने के कारण जहां सभी खदानों में उत्खनन के अनुबंध निरस्त कर दिए हैं, वहीं खनिज विभाग ने भी इन सभी खदानों के पट्टेदारों के विरुद्ध 30 करोड़ 34 लाख रुपए का अर्थदंड लगाते हुए प्रकरण भी बनाया है। इन खदानों के अनुबंध निरस्त किए जाने का एक कारण नियमों के विरुद्ध उत्खनन करना है, साथ ही एनजीटी के नियमों का पालन नहीं करना भी है। पट्टेदारों ने खदानों से निकलने वाले वेस्ट पत्थरों को महानदी में ही डंप कर दिया है। इससे महानदी की चौड़ाई 200 मीटर तक कम हो गई हैं, वहीं पेड़-पौधों को भी इससे भारी नुकसान हुआ है।

इसके बाद भी पर्यावरण विभाग का एक भी अफसर एक बार भी खदानों के कारण महानदी एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान का निरीक्षण करने तक नहीं पहुंचा है, जबकि इस मामले में खनिज विभाग की तरह पर्यावरण विभाग को भी जांच कर पट्टेदारों के विरुद्ध प्रकरण बनाया जाना था। निसदा गांव से गुजरी महानदी के तट 200 मीटर तक फर्शी खदानों से निकलने वाले वेस्ट पत्थरों से पट चुके हैं। नदी में इन वेस्ट पत्थरों को डंप करने का काम फर्शी खदानों के पट्टेदारों ने किया है। फर्शी पत्थरों का उत्खनन और कटिंग किए जाने के बाद जो वेस्ट पत्थर बच जाते थे, उसे पट्टेदार महानदी में ही फिंकवा रहे थे। नदी में वेस्ट पत्थरों को फेंकने का यह काम लगभग 15 से 20 वर्षों से चल रहा था।

# जमीनी विवाद पर दर्ज कराई टोनही प्रताड़ना केस, हाईकोर्ट ने खारिज की अपील

### दोषमुक्ति का फैसला बरकरार

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने टोनही प्रताड़ना केस में अहम फैसला सुनाया है। जस्टिस संजय एस अग्रवाल ने सेशन कोर्ट के आरोपियों को बरी करने के फैसले को सही मानते हुए पीड़िता की अपील खारिज कर दी है। कोर्ट ने टिप्पणी में कहा कि शिकायत दर्ज करने में देरी, गवाहों के बयानों में विरोधाभास और जमीन विवाद की पृष्ठभूमि के कारण केस संदेहास्पद बन गया। किसी भी केस में एफआईआर में देरी का स्पष्ट कारण होना अनिवार्य है।

मामला बलरामपुर-रामानुजगंज जिले से जुड़ा हुआ है। जहां जमीनी विवाद दंपती ने टोनही बताकर महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट की थी। पीड़ित की शिकायत पर दंपती के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

प्रथम श्रेणी न्यायालय ने दंपती को दोषी पाया। इसके बाद उन्होंने इस फैसले को सेशन कोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट का फैसला पलटते हुए दोनों आरोपियों को बरी किया। ऐसे में पीड़ित ने हाईकोर्ट में अपील दायर की। जिस पर हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा।

# जरवाय में अवैध प्लाटिंग पर निगम ने उठाया कड़ा कदम

**रायपुर।** राजधानी के वीर सावरकर नगर वार्ड स्थित जरवाय में 1 एकड़ निजी भूमि पर फिरोज आलम और ईश्वर साहू के द्वारा भू स्वामियों से मिलकर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर कड़ाई बरतते हुए निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल स्थल पर निर्मित 12 प्लीन्थ लेवल तक किए गए अवैध निर्माण को तोड़कर रोक लगाई। वहीं अब इस अवैध प्लाटिंग से संबंधित भूमि के खसरा को ब्लाक करने जोन 8 के नगर निवेश विभाग ने तहसीलदार और पंजीयक को पत्र लिखा है। इसके साथ ही अवैध प्लाटिंग की भूमि को अधिग्रहण करने की प्रक्रिया की जा रही है। नगर निगम प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि ऐसे क्षेत्र में निवेश करने से बचें। नगर निगम सीमा क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग और अवैध निर्माण पर रोक लगाने इन दिनों जोनवार अभियान चलाया जा रहा है। राजधानी में सड़क किनारे बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम प्रशासन कड़ाई बरत रहा है। मंगलवार को नगर निगम जोन 8 की टीम ने महोबा बाजार चौक, टाटीबंध और बिलासपुर मुख्य मार्ग किनारे अभियान चलाकर 30 ठेले व गुमटियां हटाई।


**ACB (INDIA) LIMITED, KASAIPALI**
**Request for Proposal**

Ref. No: ACBIL (2X135MWTPP)/SALE OF ASH/2025-26/ MARCH-01

**Description:**

We, ACB INDIA LIMITED (ACBIL), are operating our 2x135 MW Thermal Power Plant at Village- Kasaipali, Tehsil-Katghora, and District – Korba (Chhattisgarh). Our daily ash generation is approximately 2500 to 3000 Metric Tonnes (approx. 75,000-1,00,000 MT monthly) and Pond Ash is also available with us in our existing Ash Dyke (The quantity in whole or part may be allocated to one or more agencies on first come first serve basis).

As per ministry of power advisory dated: 22-9-2021& 30-01-2026, Ministry of Power has directed to the Thermal Power Plants to sale ash through transparent bidding process to the end users or "make ash available to the end users free of cost on first come first serve basis if the user agency is willing to bear the transportation cost". we wish to give the above quantity of ash free of cost, on first come first serve basis, to the agency(ies) who are willing to bear the transportation cost, (ash may be loaded from our plant located at Village Kasaipali, Tehsil-Katghora, District: Korba, Chhattisgarh; directly from the ash silo into the dumpers/trucks) and/or pond ash (which may be loaded into the dumpers/trucks by deploying pocklain or loaders by the user agency). The proposals are invited from the interested agencies as above.

Interested biddersmay submit their offers in sealed envelope, super-scribing "Ref.No: : ACBIL (2X135MWTPP)/SALE OF ASH/2025-26/ MARCH-01on left hand top of the envelope and mentioning details of required quantity (MT) etc. at the below mentioned addresson or before closing time and date:

**Closing date and time for submission of proposal:** 17.03.2026 at 17.00 Hrs.

**Contact Person** : Nitesh Kumar Srivastava,
**Contact No** : 9575904949
**E-mail** : civil.270MW@cg.acbindia.com
**Address** : ACB(I)Ltd, Vill-Kasaipali, Post-Jawali Tehsil- Katghora, Distt- Korba(CG)

-S/d-
**ACB India Limited**
**(2X135MW TPP) KASAIPALI**



**कार्यालय नगर पंचायत मारो, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

क्रमांक/ 1291/ लो.नि.वि. / न.पं./ 2025-26 — मारो, दिनांक 10.03.2026

**-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई-टेण्डर निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 186953 | वार्ड क्र. 03 में डॉ. भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज मंगल भवन निर्माण कार्य। | 75.20 |
| 2 | 186943 | वार्ड क्र. 07 में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य। | 99.96 |
| 3 | 186946 | वार्ड क्र. 07 में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य। | 72.08 |

उपरोक्त निविदा ऑनलाईन द्वारा दिनांक 06/04/2026 समय 17:30 बजे से आमंत्रित की जाती है। निविदा के संबंध में विस्तृत विवरण छ.ग. शासन के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in व विभागीय वेबसाईट uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा आमंत्रण से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग की वेबसाईट में प्रसारित की जायेगी, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत मारो**



केनरा बैंक Canara Bank — भारत सरकार का उपक्रम — A Govt. of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट – IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय निम्नवर्णित दिनांक को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणीः **श्री संदीप लाल पुत्र स्व. डॉ. एलएमबी लाल** मकान नं. 214, मिशन कंपाउंड, तिलक वार्ड मुंगेली (छ.ग.) 495334 | भूमि एवं भवन स्थित सर्वे नंबर 431/16, लेआउट प्लॉट नंबर 56, ट्यूलिप गार्डन, हाउसिंग सोसाइटी, फोन नंबर 46 क्षेत्र 0.015 हेक्टेयर/1650 वर्ग फीट, मौजा बिनौरी, आरएनएम सकारी, तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) -495330 संपत्ति मालिक- संदीप लाल पुत्र स्वर्गीय डॉ. एलएमबी लाल डीड के अनुसार चर्तुसीमाएंः पूर्वः निस्तारी रोड, पश्चिमः लेआउट प्लॉट नंबर 63,उत्तरः लेआउट प्लॉट नंबर 55, दक्षिणः लेआउट प्लॉट नंबर 57 BAANKNET PROPERTY ID: CNRBSANDEEPLAL COORDINATES: 22.120009, 82.041274 सांकेतिक कब्जा | 18.01.2025 / 25.03.2025 / दि. 11/03/2026 को ₹ 28,39,444.65/- +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 32,50,000/- / ₹ 3,25,000/- / ₹ 10,000/- |
| धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 03/04/2026 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक; ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 04/04/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर) | | | |
| ऋणीः **मैसर्स नील मंगल फ्यूल्स** प्रोपराइटर एवं बंधककर्ता- **उदय दाभाडकर पुत्र नीलकंठ दाभाडकर** बोडसरा फ्लाईओवर के नीचे आईओसीएल पंप, पेंड्रिडीह सकरी बाईपास रोड खसरा नंबर 769/2, ब्लॉक तखतपुर, जिला- बिलासपुर, छत्तीसगढ़- 495001 जमानतदार एवं बंधककर्ताः **श्री अरुण दाभाडकर पुत्र नीलकंठ दाभाडकर** | बंधक संपत्ति भूमि एवं भवन स्थित खसरा नंबर 769/2 (भाग) पी.एच नंबर 22/37, मौजा ग्राम बोदसरा, आर.एन.एम सकरी/अमसेना, तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ क्षेत्रफलः 1.00 एकड़/0.405 हेक्टेयर/43560 वर्गफुट संपत्ति मालिकः श्री उदय दाभाडकर और श्री अरुण दाभाडकर सीमाएं (विक्रय पत्र के अनुसार): पूर्वः तालाब और घास भूमि, पश्चिमः राम मंदिर की भूमि, उत्तरः बसंतराव दाभाडकर की भूमि, दक्षिणः सड़क BAANKNET PROPERTY ID: CNRBSANDEEPLAL COORDINATES: 22.120009, 82.041274 सांकेतिक कब्जा | 09.09.2025 / 26.11.2025 / दि. 11/03/2026 को ₹ 33,43,395.29 +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 75,00,000/- / ₹ 7,50,000/- / ₹ 10,000/- |
| धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 20/04/2026 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक; ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 21/04/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर) | | | |

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
(4) यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।

विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)

दिनांक : 09.03.2026, स्थान : भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

## संघर्ष करने वाली वीर बहनों का किया सम्मान

रायपुर। छत्तीसगढ़ में रिहायशी इलाकों, स्कूलों, दोदे और मंदिरों के पास नई शराब भट्टियां (दुकानें) खोलने के खिलाफ स्थानीय निवासियों और जनप्रतिनिधियों सहित संघर्ष करने वाली वीर बहनों को महिला दिवस पर सम्मान किया गया, जिनके प्रयास से सरकार को अपना निर्णय वापस लेना पड़ा। कार्यक्रम में संघर्ष समिति के उधोराम वर्मा द्वारा महिलाओं का सम्मान किया गया।

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
छाती, एजर्ली एवं सांस से जुड़ी सभी बीमारियों का आधुनिक एवं विशेषज्ञ उपचार एक ही स्थान पर
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग
» बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड
» बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

## सीमित मात्रा में रसोई गैस देने के बाद सर्वर डाउन का हवाला देकर एलपीजी देने से बच रहे

रायपुर। अलग-अलग कंपनी के एलपीजी गैस एजेंसी संचालक अपने ग्राहकों को सीमित मात्रा में एलपीजी देने के बाद सर्वर डाउन होने का हवाला देकर ग्राहकों को बैंरग लौटा रहे हैं। एजेंसियों से वैसे शाम पांच बजे तक ग्राहकों को एलपीजी देने का नियम है, हालत खराब होने की वजह से दोपहर 12 के बाद एलपीजी आपूर्ति करने से बचने सर्वर डाउन होने का हवाला दे रहे हैं।

इसके चलते उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एलपीजी की होम डिलीवरी का भी विकल्प है, कई गैस एजेंसी के संचालकों ने रसोई गैस की किल्लत के कारण होम डिलीवरी पर अस्थायी तौर पर रोक लगा दी है। इस वजह से ऑन लाइन गैस बुक करने के बाद तीन से चार दिन एलपीजी आने का इंतजार कर रहे उपभोक्ता घर में एलपीजी नहीं पहुंचने पर गैस सिलेंडर लेकर एजेंसी पहुंच रहे हैं। एजेंसी पहुंचने पर उपभोक्ताओं को सर्वर डाउन होने की बात कह कर घंटों बैठा दिया जा रहा है। देर तक सर्वर डाउन रहने की वजह से थक हार कर उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर बैरंग लौटने विवश हो रहे हैं।

# नवा रायपुर में कल से दो दिवसीय 'आदि परब-2026' का आयोजन, 6 राज्यों के जनजातीय कलाकार होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की परिकल्पना और निर्देश पर 13 और 14 मार्च को नवा रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में 'परम्परा से पहचान तक'- आदि परब-2026 का आयोजन किया जाएगा। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के सहयोग से आदिम जाति विकास विभाग के अंतर्गत आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी टीआरटीआई में विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा और प्रशिक्षण संस्थान के संचालक हिना अनिमेष नेताम ने दी।

संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत "आदि-परिधान जनजातीय अटायर शो" का आयोजन 13 मार्च को सुबह 10.30 बजे से शाम 8 बजे तक और 14 मार्च को शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक किया जाएगा। आयोजन में राज्य की 43 जनजातीय समुदायों

### राज्य की चिन्हांकित 43 जनजातियों और उपजातियों की संस्कृति, परिधान और चित्रकला का प्रदर्शन

की पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक विशेषताओं को पहली बार एक ही मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। प्राकृतिक रंगों, स्थानीय संसाधनों और हाथों से बने वस्त्रों से तैयार ये परिधान जनजातीय जीवन शैली और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व का संदेश देंगे। मध्यप्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र और झारखंड के जनजातीय समुदाय भी शामिल होंगे। आयोजन का उद्देश्य जनजातीय पहचान, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा पारंपरिक ज्ञान के संवर्धन को बढ़ावा देना है।

महोत्सव में जनजातीय कलाकार अपनी पारंपरिक चित्रकला के माध्यम से जल, जंगल और जमीन के संरक्षण, जनजातीय जीवन दर्शन और पर्यावरणीय चुनौतियों को प्रस्तुत करेंगे। 155 प्रतिभागियों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है। चित्रकला प्रतियोगिता 18-30 वर्ष और 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की दो श्रेणियों में होगी। दोनों श्रेणी में प्रथम पुरस्कार 20 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार 10 हजार रुपये दिए जाएंगे। साथ ही दोनों आयु वर्गों के 10-10 प्रतिभागियों को 2000 रुपये का सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाएगा।

### यूपीएससी में चयनित जनजातीय युवाओं का होगा सम्मान

कार्यक्रम के दौरान संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में छत्तीसगढ़ से आदिम जाति विकास विभाग की योजनाओं के सहयोग से चयनित अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी डायमंड सिंह ध्रुव और अंकित साकनी का सम्मान किया जाएगा। साथ ही इस मौके पर 'प्रयास' संस्थान के विद्यार्थियों को विभागीय योजनाओं के तहत लैपटॉप भी वितरित किए जाएंगे।

HMS साईटिका तेल

शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है

सीला मलहम
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- FMCG एजेन्सी गोदाम व्यापार विहार में काम हेतु 1 कम्प्यूटर ऑपरेटर (Tally, Excel जानकार हो) एवं 1 गोदाम कीपर और 2 हमाल की आवश्यकता है सम्पर्क करें- S.K. Jain 8878911205 (40160)

आवश्यकता है- होलसेल मेडिकल एजेन्सी में गोदाम कार्य एवं डिलीवरी हेतु स्टाफ चाहिए। योग्यता 10वीं, 12वीं पास ईमानदार, मेहनती व्यक्ति सम्पर्क करें- एस.वी.एस. डिस्ट्रीब्यूटर्स (Pharma Wholesale) मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 8109637842, 8770022617 (40180)

आवश्यकता है- टेन्ट होलसेल दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- श्री टेन्ट एजेन्सी एफसीआई गोदाम के सामने व्यापार विहार बिलासपुर 8770329653 (40178)

आवश्यकता है- फैन्सी ड्रेस दुकान में सेल्सहेड 2पद, सपोर्ट स्टाफ 6पद हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए। अनुभवी को प्राथमिकता। पता- श्री फैंसी ड्रेसेस, DA/4 चंदेला विहार, महाराणा प्रताप चौक के पास, बिलासपुर 9826903666 (40176)

आवश्यकता है- बिजली दुकान में दुकान का काम करने के लिए लड़कों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- कुसुम इलेक्ट्रीकल्स मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 9827961245, 9827107799 (40175)

आवश्यकता है- बिलासपुर स्थित एजुकेशन कंसल्टेंट ऑफिस में काम करने के लिए टेलिकॉलर, ऑफिस मैनेजर की आवश्यकता है पद संख्या 2, योग्यता अनुभव और अंग्रेजी ज्ञान वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता अपना रेज्यूमे लेकर गुरुवार एवं शनिवार को 12 से 3बजे तक मिलें ऑफिस- वन क्लिक सॉल्यूशन पता अंश प्लाजा सेकेण्ड फ्लोर रिंग रोड नम्बर 2 मंगला बिलासपुर 7987917660 (40170)

आवश्यकता है- किचन सुपरवाईजर, किचन हेल्पर, तन्दूर वेटर (लेडिस, जेन्ट्स), चाइनीज कुक, इंडियन कुक, हाऊस कीपिंग स्टाफ की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- होटल आनन्द 7869962000 होटल सेन्ट्रल पाइंट 9993424004 (40165)

Required-Married Female Accountant with minimum 3 years experience. Knowledge of Tally & MS Office preferred. Good communication and accounting skills required. Office- Madhyanagri chowk Bilaspur. Contact 9009052052 (40152)

आवश्यकता है- सीबीएसई स्कूल में PGT, TGT, PRT, Pre Primary (बीएड अनिवार्य) टीचर्स एवं प्यून, आया और ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क- मॉडर्न एजूकेशनल एकेडमी, आरएसबी कम्पाउन्ड नया सरकण्डा, बिलासपुर 78985 11974 (40169)

आवश्यकता है- जॉब वेकन्सी (1) माजदा ड्राइवर- 2 (2) पिकप ड्राइवर- 2 पद की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रतीक ऑटोमोबाइल्स बबल आइलैंड के सामने, सिरगिट्टी रोड, बिलासपुर 94255 30065, 8827773222 (40179)

आवश्यकता है- फैक्ट्री कैन्टीन में खाना मिस्त्री, किचन हेल्पर, रोटी मिस्त्री, खाना देने के लिए एवं बर्तन धोने हेतु आदमियों की आवश्यकता है पता- बिलासपुर (छ.ग.) सम्पर्क करें- 9993334937, 8871824812 (40173)

आवश्यकता है- नेहरू नगर बिलासपुर में निर्माणाधीन भवन में पानी तराई करने एवं देखरेख करने के लिए दो चौकीदारों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7000781210 (40181)

आवश्यकता है- ज्वेलरी शॉप में (1) सेल्समैन, सेल्सगर्ल- 4पद, (2) बिलिंग कार्य- 2पद, (3) HR- 1पद, (4) Cashier- 1पद, चाहिए। वेतन 10000 से 20000 योग्यता अनुसार अनुभवी ही सम्पर्क करें- KAMLA सतीश्री ज्वैलर्स, (हनुमान मंदिर के बगल में, बर्तन लाइन में) मेन रोड, सदर बाजार, बिलासपुर 9827174256, 9907901110 (कृपया कॉल करके आयें) (40182)

आवश्यकता है- सुरक्षागार्ड एवं ऑफिस हेतु कम्प्यूटर आपरेटर चाहिए हिन्दी इंगलिश टाइपिंग अनुभवी वर्ड एक्सेल 2वर्ष अनुभवी। वेतन योग्यता अनुसार पता- श्रीसाईं सिक्युरिटी सर्विस, जेजे हॉस्पिटल के बाजू तोरवा बिलासपुर 9993057964, 8253010291 (40177)

आवश्यकता है-Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 एवं रहना खाना, सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर 8818877406, 96444 33021, 07752-337082 (40136)

आवश्यकता है- नौकरी का अवसर प्रतिष्ठित कार्यालय हेतु ऑफिसगर्ल (प्यून) किचन हेल्पर की आवश्यकता है उम्मीदवार को चाय नाश्ता बनाना, स्टाफ को चाय पानी सर्व करना, किचन, ऑफिस की सफाई बनाए रखना, आवश्यक दस्तावेज सामान लाने लेजाने जैसे सामान्य कार्यालय कार्य करने होंगे। मेहनती, जिम्मेदार, ईमानदार महिला उम्मीदवार को प्राथमिकता। वेतन 7000 से 8000 प्रतिमाह सम्पर्क करें- शिव टॉकीज चौक, बिलासपुर 7970010958 (40174)

आवश्यकता है- घर के लिए एक्सपीरियंस ड्राइवर की आवश्यकता है ऑटोमेटिक और मैनुअल दोनों गाड़ी चलानी आना चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7974272518 (40171)

आवश्यकता है- रियल एस्टेट कम्पनी में कार ड्राइवर 2पद अनुभव आटोमेटिक, मेनुअल कार चलाने का 7वर्ष से अधिक का अनुभव हो नशा मुक्त वेतन योग्यता अनुसार अनुभवी व्यक्ति ही सम्पर्क करें- 7610320000 (40172)

आवश्यकता है- टाईल्स कार्य हेतु घर में फुल बॉडी टाईल्स से चौखट बनाने 2000 फिट में 4×6 एवं 32×64 का टाईल्स कार्य हेतु कुशल कारीगर चाहिए। कुल 24000 वर्गफुट कार्य हेतु सम्पर्क करें- रामा मेग्नेटो मॉल के सामने विनोबा नगर 9300350288, 98279 87466 (40163)

आवश्यकता है- ढाबा में सप्लायर, हेल्पर, तन्दूर मास्टर, हेड मिस्त्री, बर्तन धोने वाले की आवश्यकता है सम्पर्क करे- सुबह 11 से रात 11, रायपुर रोड, हाईकोर्ट के आगे, बोदरी बिलासपुर 7000942962, 9098976666 (40159)

आवश्यकता है- थोक दवाई दुकान में माल निकालने, जमाने हेतु लड़कियों, पैकिंग हेतु लड़कों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सलुजा मेडिकल एजेन्सी मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा (40168)

आवश्यकता है-रियल एस्टेट कम्पनी में कार्य करने का सुनहरा अवसर टेली कॉलिंग हेतु लड़की 4पद, मार्केटिंग हेतु लड़के 5पद चाहिए। सम्पर्क करें- अम्बे कंस्ट्रक्शन राजकिशोर नगर मोपका चौक पास बिलासपुर 7987236607, 081091 19184 (40115)

आवश्यकता है- अनुभवी रिसेपशनिस्ट हॉस्पिटल मैनेजमेंट, अनुभवी pharmacist (मेडिकल स्टोर बिलासपुर हेतु) X-RAY टेक्नीशियन सरगांव के लिए सम्पर्क करें- प्रभा हॉस्पिटल, महामाया चौक, रतनपुर रोड, लोधीपारा सरकंडा बिलासपुर 74709 46314 (40162)

आवश्यकता है- थोक गिफ्ट दुकान में कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। सम्पर्क करें- सिद्धि विनायक गिफ्ट, वृन्दावन परिसर, तेलीपारा बिलासपुर 9827255100 (नोट- फोन 11बजे के बाद करें) (40161)

आवश्यकता है-महेन्द्र जेम्स एन ज्वेलर्स में हाउस कीपिंग एवं किचन स्टाफ की आवश्यकता है। पुरुष/ महिला आवेदन करें। उचित वेतन उपलब्ध। सम्पर्क करें- 91713 25702 (40146)

आवश्यकता है-सुरक्षा गार्ड की तत्काल भर्ती बिलासपुर में पुराना बस स्टैण्ड, सरकंडा, कोनी, CMD चौक, सिरगिट्टी, तिफरा हेतु। वेतन 9000 से 10000 आवास मुफ्त सम्पूर्ण बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- 9589316942, 99933 36942 (40145)

आवश्यकता है-बिजली दुकान में सामान निकालने, जमाने हेतु दो कर्मचारियों की आवश्यकता है। वेतन 9000 से 15000 तक योग्यतानुसार। सम्पर्क करें- नटराज इलेक्ट्रानिक स्टेट बैंक के पास नया सरकंडा, बिलासपुर 9098195247 (40155)

आवश्यकता है-टैली एवं माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल में काम करने के लिए अनुभवी एवं ग्रेजुएट युवकों की आवश्यकता है। टैली में कार्य का पूर्व अनुभव अनिवार्य है। उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए अपने बायोडाटा के साथ आना है। सैलरी योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 9009658882 पता- जाजोदिया टाइल्स, होटल ग्रैंड अम्बा के सामने, पुराना बस स्टैण्ड के पास, बिलासपुर (40149)

आवश्यकता है
रेस्टोरेन्ट में कार्य करने हेतु निम्न स्टाफ की आवश्यकता है

| |
|---|
| स्टीवर्ट - 2 पद |
| साउथ इंडियन शेफ- 2पद |
| कॉन्टिनेंटल शेफ- 1पद |
| कम्प्यूटर ऑपरेटर- 2पद |
| काउन्टर सेल्समैन- 2पद |

अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। वेतन योग्यता अनुसार।
-:सम्पर्क करें:-
मौसाजी रेस्टोरेन्ट
मंगला चौक बिलासपुर
मो.-9827421944

आवश्यकता है-कपड़े दुकान में काम करने हेतु रिसेप्शनिस्ट, हेल्पर, पैंट्री पद हेतु योग्य युवक/ युवती की। वेतन योग्यतानुसार बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- वसंत साड़ी सेंटर, सदर बाजार, बिलासपुर 7987065573, 8305284014 (40139)

आवश्यकता है-दुकान कार्य हेतु लड़के एवं लॉज में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है। रहने की सुविधा। आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- विनय ऑटो अथवा किरण लॉज गांधी चौक बिलासपुर (40133)

आवश्यकता है-यूटीएन शॉप में मार्केटिंग कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। मासिक वेतन 10000 से 15000 सम्पर्क करें- शॉप नं-16 प्रथम तल सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7806007192, 79995 94790 (40157)

आवश्यकता है-जूता चप्पल की दुकान में कार्य करने के लिए लड़की और लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- राजपाल ट्रेडर्स करबला रोड पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9685029222 (40150)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु समझदार फीमेल कैंडिडेट्स की आवश्यकता है। इंटरव्यू टाइमिंग सुबह 11 से शाम 4 बजे तक। वेतन योग्यता अनुसार फ्रेशर एवं अनुभवी दोनों सम्पर्क करें- 95842 57226 (40143)

आवश्यकता है-थोक दवाई दुकान में कार्य करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सरस्वती एजेन्सीज 53, मेडिकल काम्प्लेक्स होटल अजीत के पीछे तेलीपारा बिलासपुर 9827177772 (40138)

आवश्यकता है-स्टेशनरी शॉप में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़की की आवश्यकता है। अनुभवी सम्पर्क करें-भाटिया इंटरप्राइजेज नेहरू चौक पेट्रोल पम्प के बाजू में बिलासपुर 7587259295 (3182)

आवश्यकता है-लॉण्ड्री शॉप में वाशरमैन, आयरन मैन, स्टोर मैनेजर एवं CCTV कैमरा लगाने हेतु अनुभवी युवक चाहिए सम्पर्क करें- शाप नं.- 14, सत्या आटोमोबाइल के बाजू मे, सिटी सेन्टर बिलासपुर 9752760266, 96693 00033 (40151)

आवश्यकता है-Data Analyst/ Entry ऑपरेटर 2पद एवं पर्सनल ड्राइवर- 2पद (10 वर्ष का अनुभवी) जो सभी गाड़ी चला सके आटोमेटिक वाल्वो फार्च्यूनर, इत्यादि। सम्पर्क करें- शिवांगी ऑइल्स, सिरगिट्टी, बिलासपुर 82248 25555 (40154)

आवश्यकता है-मेडिकल स्टोर में कार्य करने के लिए लड़कों की आवश्कता है। अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- सांई मेडिकल स्टोर दुकान नं.-4, सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक बिलासपुर 9589480555 (40144)

आवश्यकता है-डेंटल क्लीनिक में फूल टाइम/ पार्ट टाइम काम करने हेतु लड़कियों की आवयश्कता है। सम्पर्क करें-शांति डेंटल केयर दयालबंद गुरुद्वारा के पास, मेन रोड, बिलासपुर 8109518000 (40134)

आवश्यकता है-दुकान में कार्य हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- भारत गिफ्ट हाऊस, नियर भारत बैग के सामने, तेलीपारा मेन रोड बिलासपुर 9926819318 (40135)

आवश्यकता है-रेस्टोरेन्ट हेतु तन्दूर रोटी कारीगर मार्केटिंग स्टोर हेतु युवक (स्वयं का वाहन अनिवार्य) वेटर, हेल्पर, लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है (खाना रहना फ्री) सम्पर्क करें- मुर्ग मसल्लम रेस्टोरेन्ट बिलासपुर 78791 21999 (40137)

आवश्यकता है-इच्छुक वर्कर्स की आवश्यकता है ऑफिस मे काम करने के लिए वेतन योग्यता अनुसार आकर्षक कमिशन संपर्क करें - अग्रसेन चौक बिलासपुर 8953541999 (1340)

आवश्यकता है-(1) ड्राइवर (8वीं/ 10वीं) (आफिस, घरेलू कार्य भी करे) बिलासपुर निवासी को प्राथमिकता (2) महिला, पुरुष चपरासी (8वीं) पता- BBVM English Medium School कस्तूरबा नगर, गोदड़ीधाम रोड बिलासपुर 9300654801, 9755854925 (40112)

आवश्यकता है-शहर के विभिन्न संस्थानों में दिन एवं रात ड्यूटी हेतु गार्ड एवं आफिस स्टाफ लड़का, लड़की चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार। बायोडाटा एवं आधार कार्ड के साथ सम्पर्क करें- 93006 72005, 9827192131 (1489)

आवश्यकता है-दवाई दुकान में काम करने के लिए हॉफ टाइम तथा फुल टाइम लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7869797088, 87709 39973 (40156)

आवश्यकता है-Ordeal कम्पनी को तत्काल 45 लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है आय 10500 से 22000 रहना फ्री परमानेन्ट जॉब सम्पर्क करें- उस्लापुर ओवर ब्रिज के पास बिलासपुर 80034 02269, 6393559091 (40123)

आवश्यकता है-स्टाफ की आवश्यकता बैंकिंग और लोन प्रोसेसिंग के कार्य हेतु स्टाफ की आवश्यकता है। कम्प्यूटर ज्ञान अनिवार्य। अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता। आकर्षक वेतन+ इंसेंटिव। सम्पर्क करें- 6263116161 (40142)

आवश्यकता है-होटल में हेल्पर एवं साफ सफाई कार्य करने के लिए 4 लोगों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- होटल द एनी नेहरू नगर बिलासपुर 7067310092, 88156 64344 (40089)

आवश्यकता है-पर्सनल सिक्योरिटी के लिए अनुभवी बाउन्सर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8827821974, 7879858767 (40107)

आवश्यकता है-तत्काल भर्ती महिला केयर टेकर 10 (खाना बनाना आना चाहिए), ड्राइवर 10, गार्ड 50, हाउस कीपिंग 10 की आवश्यकता है बिलासपुर शहर के लिये सम्पर्क करें- 8889823100 (40096)

आवश्यकता है-चायपत्ती के पेंकिग कार्य लड़की व महिला और पुरुष लडको की जरूरत है सम्पर्क करें- जैन ट्रेडर्न नियर SBI ATM आकृति विहार अमलीडीह 7469980000, 07714075490 (1339)

आवश्यकता है-शीघ्र आवश्यकता जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़को की आयु 18 से 30वर्ष वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई नियुक्ति शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 9165407080, 91658 20635 (501)

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

गुप्त रोगी स्वयं मिले

शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि
समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

## बेचना है

बेचना है-बिलासपुर के प्राइम लोकेशन 27खोली, इंद्रसेन नगर, रॉयल ऑर्किड के पास 40×60 (2400 वर्गफुट) प्लॉट बेचना है। 25 फीट रोड, अच्छी लोकेशन, रहने एवं निवेश हेतु बेहतरीन सम्पर्क करें-8960265888 (40158)

बेचना है-सकरी परसदा हाउसिंग बोर्ड के पीछे, सृष्टि संस्कृति कॉलोनी के पास 2BHK, 3BHK नवनिर्मित मकान एवं प्लॉट उपलब्ध है सम्पर्क करें- 7869493130 (40127)

बेचना है-रामा लाइफ कॉलोनी सकरी बिलासपुर में स्थित 40×80= 3200 वर्गफुट का डायवर्टेड प्लॉट तत्काल बेचना है सम्पर्क करें- 96309 90940 (40104)

बेचना है-नया मकान कीमत 90लाख, निर्माण ग्राउंड फ्लोर 2200 वर्गफीट प्रथम फ्लोर 1000 वर्गफीट प्लाट साइट 50×50 स्वतंत्र बोरिंग हंसिका विहार कालोनी उसलापुर सम्पर्क करें- 9039032178, 9893913366 (दलाल सम्पर्क ना करें) (40132)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

## किराया

किराया- नेहरू नगर हनुमान मन्दिर गांधी गार्डन के सामने एक बड़ा हाल, चार बेडरूम किचन दो लेटबाथ पोर्च सहित सर्वसुविधायुक्त मकान परिवार/ कार्यालय हेतु किराया से देना है सम्पर्क- 79877 85522, 8319926096 (40117)

## फायनेंस

फायनेंस- प्रगति फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस , पर्सनल, कृषि महिला समूह , मकान , दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधार कार्ड , पैन कार्ड प्रति उपलब्ध ( 2% ब्याज ), (30% छूट ) संपर्कः- 7489545029 (1346)

## शैक्षणिक

प्रवेश प्रारम्भ-मैट्स विश्व विद्यालय, मुक्त दूरवर्ती शिक्षा, शासकीय सेवामान्य, प्रवेश प्रारम्भ DCA, PGDCA, BCA, MCA, BA, BSc, BCom, MA, MSc, MCom, BBA, MBA, MSW, BLib, MLib अन्तिम तिथि 15 मार्च, सम्पर्क- राजेन्द्र नगर चौक बिलासपुर 8959264581, 95160 36581 (40085)

आपके सपनों का आशियाना
जल्द होगा आपका...

पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड
सब कुछ है यहां

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बायर्न म्यूनिख और एटलेटिको मैड्रिड की बड़ी जीत

## चैंपियंस लीग फुटबॉल : लिवरपूल हारा, बार्सिलोना ने ड्रॉ खेला

एजेंसी ▶▶| पेरिस

बायर्न म्यूनिख और एटलेटिको मैड्रिड ने बड़ी जीत हासिल करके चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए लेकिन लिवरपूल और बार्सिलोना को अब भी कड़ी मेहनत करनी होगी।



बायर्न म्यूनिख ने अटलांटा को 6-1 से करारी शिकस्त दी, जबकि टीम के शीर्ष गोल स्कोरर हैरी केन इस मैच में नहीं खेल रहे थे। इस सत्र में अब तक 47 गोल करने वाले केन इस मैच में खेलने के लिए फिट नहीं थे। उनकी अनुपस्थिति में माइकल ओलिस ने दो गोल किए। सर्ज ग्नाब्री, निकोलस जैक्सन, जोसिप स्टैनिसिक और जमाल मुसियाला ने एक-एक गोल किया। दूसरी तरफ एटलेटिको मैड्रिड ने टॉटनहम को 5-2 से पराजित किया। टॉटनहम के कोच इगोर ट्यूडर ने पहले नंबर के गोलकीपर गुगिलएल्मो विकारियो को बाहर रखने का फैसला किया जो टीम को भारी पड़ा क्योंकि एटलेटिको ने 15 मिनट के भीतर ही 3-0 की बढ़त बना ली थी।

लिवरपूल को गैलाटासराय ने 1-0 से हराया। उसे अब अगले सप्ताह एनफील्ड में होने वाले दूसरे चरण के मैच में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। बार्सिलोना की टीम भी जूझती हुई नजर आईं। उसने खेल के अंतिम क्षणों में लामिन यामल के पेनल्टी पर किए गोल की मदद से न्यूकैसल के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला।

# विश्व कप क्वालीफायर के लिए इराकी खिलाड़ियों को मिला वीजा



**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको के विदेश मंत्रालय ने मॉन्टेरी में 31 मार्च को होने वाले विश्व कप अंतरमहाद्वीपीय क्वालीफायर के लिए इराक की राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को वीजा जारी करना शुरू कर दिया है। ईरान युद्ध के कारण इराक की टीम को यहां पहुंचने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मैक्सिको के विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, 'सऊदी अरब में स्थित मैक्सिको के दूतावास में आठ मार्च को कुछ खिलाड़ियों की वीजा प्रक्रिया पूरी की गई। अन्य खिलाड़ियों की वीजा प्रक्रिया कतर में स्थित दूतावास में पूरी की जाएगी।' सरकार ने खिलाड़ियों के नाम या वीजा हासिल करने वाले खिलाड़ियों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। इराक में मैक्सिको का कोई दूतावास नहीं है। विश्व कप में जगह बनाने के लिए इराक का में मुकाबला सूरीनाम और बोलीविया के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। अगर वह क्वालीफाई करने में सफल रहता है तो उसे विश्व कप में फ्रांस, नॉर्वे और सेनेगल के ग्रुप में रखा जाएगा। मैक्सिको, अमेरिका और कनाडा विश्व कप की सह-मेजबानी कर रहे हैं, जो 11 जून से शुरू होगा।

## ईशान किशन और सैमसन ने लगाई लंबी छलांग, अभिषेक शीर्ष पर बरकरार

# आईसीसी टी20 रैंकिंग में टीम इंडिया के बल्लेबाजों का एक बार फिर जलवा

आईसीसी की ओर से टी20 विश्व कप के बाद नई रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें कई सारे उलटफेर और बदलाव हैं। हालांकि भारतीय बल्लेबाज छाए हुए हैं।

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी की ओर से एक बार फिर से रैंकिंग जारी कर दी है। टी20 विश्व कप के बाद ये पहली रैंकिंग है। इस बीच टीम इंडिया के बल्लेबाजों का जलवा फिर से देखने के लिए मिल रहा है। ईशान किशन ने लंबी छलांग लगाते हुए दूसरे नंबर की कुर्सी पर कब्जा कर लिया है। अब अभिषेक शर्मा की पहले नंबर की कुर्सी पर खतरा खड़ा हो गया है। संजू सैमसन भी अपने शानदार खेल की बदौलत उड़ान भरने में कामयाब रहे हैं। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा को हल्का सा नुकसान हुआ है।

### अभिषेक नंबर एक बल्लेबाज

टी20 विश्व कप के बाद आईसीसी ने नई टी20 की रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें अभिषेक शर्मा अभी भी नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं। हालांकि उनकी कुर्सी पर खतरा आ गया है, क्योंकि पहले और दूसरे नंबर के बल्लेबाज के बीच अब ज्यादा गैप नहीं है। अभिषेक शर्मा की रेटिंग 875 की है। इसके बाद दूसरे नंबर पर ईशान किशन हैं। उन्होंने इस बार दो स्थानों की छलांग मारी है। उनकी रेटिंग 871 की हो गई है। यानी पहले और दूसरे नंबर के बल्लेबाज के बीच केवल चार अंकों का ही फासला है।



### बुमराह और अक्षर को फायदा

विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद जिन अन्य गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार हुआ है उनमें आदिल रशीद (एक पायदान ऊपर चौथे स्थान पर), जसप्रीत बुमराह (एक पायदान ऊपर छठे स्थान पर) और अक्षर पटेल (छह पायदान ऊपर 17वें स्थान पर) शामिल हैं।

### वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान से हटे

टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान से हट गए हैं और उनकी जगह अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। चक्रवर्ती के 740 रेटिंग अंक है और वह राशिद (753) के बाद दूसरे स्थान पर हैं, जिनकी टीम अफगानिस्तान ग्रुप चरण में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। इसके बावजूद वह चक्रवर्ती की जगह पहला स्थान हासिल करने में सफल रहे।

## विश्व कप फुटबॉल में भाग लेगा ईरान : फीफा

**मियामी।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने कहा कि उसे उम्मीद है कि ईरान की राष्ट्रीय टीम को अमेरिका आने और लगभग तीन महीने में शुरू होने वाले विश्व कप में खेलने की अनुमति दी जाएगी, भले ही दोनों देशों के बीच युद्ध जारी हो। ईरान की टीम विश्व कप के ग्रुप चरण में अपने सभी मैच अमेरिका में खेलेगी। उसकी टीम 15 जून को कैलिफोर्निया के इंगलेवुड में न्यूजीलैंड और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद वह 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ ग्रुप चरण का अपना आखिरी मैच खेलेगी। विश्व कप 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा। ईरान के फुटबाल महासंघ के अधिकारियों ने हाल ही में संकेत दिया था कि युद्ध के कारण उनके देश का विश्व कप में खेलना संदिग्ध है। फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि उन्होंने मंगलवार की रात को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से टूर्नामेंट की तैयारियों की स्थिति पर चर्चा करने के लिए मुलाकात की। ट्रंप ने उन्हें आश्वासन दिया कि ईरान की टीम को अमेरिका आने की अनुमति दी जाएगी। इन्फेंटिनो ने कहा, 'हमने ईरान की मौजूदा स्थिति और इस तथ्य पर भी चर्चा की कि ईरान की टीम ने फीफा विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

वनडे सीरीज

# बांग्लादेश ने पाक को 8 विकेट से हराया, 91 गेंदों में जीता मैच

## पाकिस्तानी टीम 114 रन पर सिमटी



एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश की टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज का जीत से आगाज किया है। पाकिस्तान की टीम का इस मुकाबले में बुरा हाल हो गया। बांग्लादेश ने 8 विकेट से शानदार जीत दर्ज की और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

ढाका के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में पाकिस्तान की टीम टॉस हारकर पहले खेलने उतरी और 114 रन पर सिमट गई। जवाब में मेजबान टीम ने 15.1 ओवर यानी 91 गेंदों में ही मुकाबला जीत लिया। बांग्लादेश के लिए गेंदबाजी में जहां नाहिद राणा ने जलवा बिखेरा था। वहीं उसके बाद बल्लेबाजी में तंजिद हसन तमीम ने बेहतरीन अर्धशतक जड़ा और टीम को आसान जीत दिला दी। तमीम ने नाबाद रहते हुए 42 गेंद पर 67 रन की बेहतरीन पारी खेली। पाकिस्तान के लिए मात्र दो विकेट ही गेंदबाज ले पाए। एक विकेट कप्तान शाहीन अफरीदी और एक विकेट मोहम्मद वसीम जूनियर को मिला।

## पाकिस्तान की राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से हटे बाबर

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने 26 मार्च से शुरू होने वाली पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से पहले अपनी बल्लेबाजी की तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है।







*Terms and Conditions applied *Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of the standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

होंडा अधिकृत विक्रेता एवं ब्रांच : बिलासपुर: ड्रीम होंडा- 07752 -409057, उसलापुर: ड्रीम होंडा- 9516661444, बिलासपुर: सरकंडा, मौसाजी होंडा-7024149881, 07752-412121, जगमल चौक: मौसाजी होंडा- 07752 -417070, 9109690484, अम्बिकापुर : महामाया होंडा- 7489027000, जसवानी होंडा- 8358065000, बैकुंठपुर: प्रमिला होंडा- 7000405012, जांजगीर-चांपा: गट्टानी होंडा - 7694011205,7694011206, कोरबा: विशाल होंडा- 94790-25937, 99939-98122, कृष्णा होंडा- 6232103020, जशपुर : देवनारायण होंडा - 9425251702, रायगढ़: शारदा होंडा - 9300473589, शांति ऑटो होंडा - 9343609281, मुंगेली: मानसी होंडा - 9131402454, 8649933333

For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com Embassy




# दुनिया का सबसे बड़ा मैटरनिटी वार्ड! 41 हजार गर्भवतियों का लगा जमावड़ा

**न्यूयार्क।** प्रकृति ने एक बार फिर कमाल कर दिखाया है। अमेजन के दूर-दराज इलाकों में, जहां इंसानी पहुंच मुश्किल है, वहां दुनिया का सबसे बड़ा 'मैटरनिटी वार्ड' खोजा गया है। ये किसी इंसान का नहीं, बल्कि कछुओं का मैटरनिटी वार्ड है। ब्राजील और बोलिविया की सीमा पर बहने वाली गुआपोरे नदी के विशाल रेतले किनारे पर 41,000 से अधिक गर्भवती विशाल दक्षिण अमेरिकी नदी कछुओं का जमावड़ा लगा हुआ है। यह खोज 2025 में यूनिवर्सिटी ऑफ फ्लोरिडा और वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसाइटी के वैज्ञानिकों द्वारा की गई, जिसे हाल ही में 2026 में भी प्रमुखता से चर्चा में लाया गया है।

### अंडे देने का इंतजार

यह प्रजाति दुनिया की सबसे बड़ी मीठे पानी की कछुआ प्रजातियों में से एक है। मादा कछुए 90 सेंटीमीटर तक लंबी और 80 किलोग्राम तक भारी हो सकती है। ये बेहद सामाजिक प्राणी है और हर साल जुलाई या अगस्त में इस रेतली पट्टी पर इकट्ठा होकर अंडे देती है। पहले पारंपरिक तरीके से जमीन पर गिनती करने पर सिर्फ 16,000 कछुए दिखते थे, लेकिन ड्रोन से हवाई सर्वे और सांख्यिकीय मॉडलिंग से सटीक अनुमान 41,000 निकला है। वैज्ञानिकों ने 1,000 से ज्यादा कछुओं की पीठ पर सफेद पेंट से निशान लगाए। फिर 12 दिनों तक ड्रोन उड़ाकर उनकी गिनती की और मूवमेंट को ट्रैक किया। इस विधि से डबल काउंटिंग और छूटने वाली संख्या को सुधारा गया।

### विलुप्त होने की कगार पर है कछुए की ये प्रजाति



### खतरे में प्रजाति

यह अध्ययन जर्नल ऑफ एप्लाइड इकोलॉजी में प्रकाशित हुआ। ये कछुए हर साल इस जगह पर आते हैं, क्योंकि रेतली पट्टी अंडे देने के लिए आदर्श है। एक मादा कई अंडे देती है और अनुमान है कि यहां से लाखों बच्चे निकलते हैं। लेकिन, ज्यादातर शिकारियों जैसे पक्षी, केकड़े, मछलियां और इंसानी शिकार से बच नहीं पाते। प्रजाति आईयूसीएन रेड लिस्ट में 'एंडेंजर्ड' है। मुख्य खतरे हैं अवैध शिकार (मांस और अंडों के लिए), निवास स्थान का विनाश, बांध, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से रेतले किनारों का बदलना। यह खोज संरक्षण के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकती है। पहले गलत गिनती से संरक्षण योजनाएं प्रभावित होती थी। अब सटीक डेटा से डब्ल्यूसीएस जैसी संस्थाएं संसाधन सही जगह लगाकर प्रजाति को बचा सकती है।

**कुदरत का अजीब करिश्मा**

# आधा जीवन 4 पैरों पर, फिर अचानक दो पैरों पर दौड़ने लगता था यह जीव

वॉशिंगटन। विज्ञान की दुनिया में अक्सर ऐसे खुलासे होते हैं जो न सिर्फ हमारी पुरानी समझ को पूरी तरह से बदल देते हैं, बल्कि हैरान कर देते हैं। क्या आप यह सोच सकते हैं कि एक जीव मगरमच्छ की तरह पैदा हो और जवानी आते-आते किसी इंसान या डायनासोर की तरह दो पैरों पर दौड़ने लगे? सुनने में भले ही यह अजीब लगे, लेकिन वैज्ञानिकों ने 21.6 करोड़ साल पुराने एक ऐसे अजीब रहस्य से पर्दा उठा दिया है। अमेरिका के एरिजोना के जंगलों में मिले इन फॉसिल यानी जीवाश्मों ने रिसर्चर्स को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि जिसे अभी तक डायनासोर समझ रहे थे वह असल में आज के मगरमच्छों का एक चालाक और फुर्तीला पूर्वज था।

### बचपन 4 पैरों पर - जवानी 2 पैरों पर

ज्यादातर जीव जीवनभर एक ही तरह से चलते हैं, लेकिन सोंसेलासुचस के साथ ऐसा बिलकुल नहीं था। रिसर्च के चीफ राइटर इलियट आर्मर स्मिथ के मुताबिक जब ये छोटे होते थे तो इनके चारों पैर एक ही लंबाई के होते थे और ये मगरमच्छों की तरह ही पैरों पर चलते थे। लेकिन, जैसे-जैसे इनकी उम्र बढ़ती थी और ये बड़े होते थे इनके पीछे के पैर ज्यादा लंबे हो जाते थे। और फिर ये पूरी तरह से दो पैरों पर खड़े होकर चलने लगते थे।रिसर्चर्स ने इसे डिफरेंशियल ग्रोथ पैटर्न बताया है। लगभग 25 इंच ऊंचे इस जीव को देखकर कोई भी इसे छोटा डायनासोर समझने की गलती कर सकता था।



### क्या है सोंसेलासुचस की कहानी?


यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन के रिसर्चर्स ने इस प्राचीन जीव को सोंसेलासुचस नाम दिया है। यह आज से करीब 21.6 करोड़ साल पहले धरती पर मौजूद था। इस जीव की सबसे हैरान करने वाली बात इसकी शरीर की बनावट है।

### डायनासोर नहीं, लेकिन खूबियां वैसी

लेकिन, यह जीव शुवोसॉरिड समूह का हिस्सा है जो मगरमच्छों के वंश का है। लेकिन, इसमें कई खूबियां डायनासोर जैसी थीं। इस जीव में खोखली हड्डियां थीं जो इसे हल्का और तेज बनाती थीं। बिना दांतों वाली चोंच इस जीव में थी, जो आधुनिक पक्षियों या कुछ डायनासोर जैसा गुण है। इस जीव की आंखें बड़ी थी, जिससे यह शिकार को आसानी से देख सकता था। प्रोफेसर क्रिश्चियन सिडोर के मुताबिक 2014 से अब तक इस इलाके से 3,000 से ज्यादा जीवाश्म मिल चुके हैं। यह खोज बताती है कि प्राचीन मगरमच्छ आज के सुस्त दिखने वाले जीवों के मुकाबले कहीं ज्यादा 'स्मार्ट' थे।

# पेट में थैली वाला यह अनोखा जीव 6000 साल बाद फिर दिखा

**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों ने इंडोनेशियाई पापुआ के वर्षावनों में 'टूस' नामक एक अत्यंत दुर्लभ जीनस की खोज की है। यह एक छोटा ग्लाइडिंग पॉसम है जिसे 6,000 साल पहले विलुप्त मान लिया गया था। लाजरस प्रजाति का यह जीव गिलहरी जैसा दिखता है, लेकिन कंगारू की तरह अपने बच्चों को पेट की थैली में पालता है। हवा में तैरने की क्षमता और बड़ी आंखों वाला यह निशाचर जीव अब गंभीर खतरों का सामना कर रहा है।



वैज्ञानिकों ने इसे लाजरस प्रजाति घोषित किया है। यह शब्द उन जीवों के लिए इस्तेमाल होता है जो इतिहास के पन्नों से गायब हो जाते हैं और सदियों बाद अचानक जीवित मिल जाते हैं। यह जीव एक ग्लाइडिंग पॉसम है जो अपनी शारीरिक बनावट और व्यवहार में बेहद अनोखा है।

### टूस की 5 सबसे खासियत

**कंगारू जैसी जादुई थैली:** यह एक 'मार्सुपियल'जीव है जिसका अर्थ है कि यह अपने नन्हे बच्चों को जन्म देने के बाद पेट पर बनी एक विशेष थैली में सुरक्षित रखता है।
**हवा में लंबी छलांग :** इसके पास कुदरती पैराशूट जैसी एक झिल्ली होती है। यह ऊंचे पेड़ों से छलांग लगाकर हवा में तैरते हुए काफी दूर तक जा सकता है।
**पकड़ने वाली मजबूत पूंछ:** इसकी पूंछ का निचला हिस्सा बिना बालों का होता है जो इसे पेड़ की टहनियों को किसी हाथ की तरह मजबूती से पकड़ने की ताकत देता है।
**निशाचर रक्षक:** इसकी बड़ी और चमकदार आंखें इसे रात के घने अंधेरे में भी रास्ता दिखाने और शिकार ढूंढने में मदद करती हैं।
**दुर्लभ प्रजनन:** यह प्रजाति बहुत संवेदनशील है क्योंकि यह साल भर में केवल एक ही बच्चे को जन्म देती है।

### इंडोनेशियाई पपुआ में यह प्रजाति मिली

कल्पना कीजिए एक ऐसे जीव की जो किसी गिलहरी की तरह पेड़ों पर दौड़ता है, लेकिन उसके पेट पर कंगारू जैसी एक जादुई थैली बनी हुई है। वह एक चूहे जैसा छोटा है, लेकिन हवा में सैकड़ों फीट लंबी छलांग लगाकर तैर सकता है। यह किसी हॉरर फिल्म का सीन नहीं, बल्कि विज्ञान की दुनिया का सबसे बड़ा सच है। भारत के समुद्री पड़ोसी देश इंडोनेशियाई पापुआ के वर्षावनों में एक ऐसा 'जिंदा भूत'मिला है जिसने वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। जिसे हम सिर्फ पत्थरों और जीवाश्मों में ढूंढ रहे थे, वह अपनी बड़ी-बड़ी आंखों से हमें हकीकत में देख रहा है। यह कहानी है 'टूस'की। एक ऐसा जीव जिसे 6,000 साल विलुप्त मान लिया गया था।

# मेक्सिको के समुद्र तट पर दिखी दुर्लभ प्रलय की मछली

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के काबो सैन लुकास समुद्र तट पर दुर्लभ ओअरफिश यानी 'प्रलय की मछली' दिखाई दी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और लोग इसे संभावित प्राकृतिक आपदा से जोड़कर चर्चा कर रहे हैं। मेक्सिको के समुद्र तट पर हाल ही में एक बेहद दुर्लभ गहरे समुद्र की मछली दिखाई दी, जिसे अक्सर 'प्रलय की मछली' कहा जाता है। इस मछली का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है और लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। कुछ लोग इसे आने वाली प्राकृतिक आपदा का संकेत मान रहे हैं, जबकि वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसा कोई पुख्ता प्रमाण नहीं है।



### दो बहनों ने देखी चमकती हुई चीज

यह घटना मेक्सिको के काबो सैन लुकास समुद्र तट की बताई जा रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार, दो बहनों ने समुद्र में दूर कुछ चमकती हुई चीज देखी। पास जाकर देखने पर उन्हें पता चला कि वह ओअरफिश हैं, जो बेहद दुर्लभ गहरे समुद्र में रहने वाली मछलियां होती हैं। इन मछलियों की खास बात यह है कि ये आमतौर पर समुद्र की करीब 3000 फीट गहराई में रहती हैं और बहुत कम ही सतह के पास दिखाई देती हैं।

**नौकरी गई तो आईआईटीयन ने शुरू किया चाय का ठेला**

# अब अमेरिका में 780 रुपए की चाय बेच रहा 'बिहारी चायवाला'



**नई दिल्ली।** बिहार के एक छोटे से कस्बे से निकलकर अमेरिका तक का सफर तय करने वाले प्रभाकर प्रसाद इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में हैं। लोग उन्हें 'बिहारी चायवाला' के नाम से जानते हैं। उनकी कहानी इसलिए भी खास है, क्योंकि उन्होंने जिंदगी की कई मुश्किलों का सामना करने के बाद अमेरिका में चाय बेचकर अपनी अलग पहचान बना ली। जनवरी में एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें प्रभाकर प्रसाद लॉस एंजिलिस में करीब 8 डॉलर यानी लगभग 780 रुपए में चाय बेचते दिखाई दिए थे। इसके बाद उनकी कहानी इंटरनेट पर तेजी से फैल गई।

### बचपन में गरीबी और संघर्ष

प्रभाकर प्रसाद का जन्म बिहार के बरह नाम के छोटे कस्बे में हुआ, जो गंगा नदी के पास स्थित है। उन्होंने बताया कि बचपन में उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब थी। उन्होंने कहा कि सर्दियों में उनके घर में कंबल खरीदने तक के पैसे नहीं होते थे, इसलिए वे और उनका परिवार गर्म रहने के लिए दाल की बोरियों के नीचे सोते थे।

### नौकरी छूटने के बाद शुरू किया चाय का कारोबार

फरवरी 2025 में टेक इंडस्ट्री में छंटनी के दौरान उनकी नौकरी चली गई। उसी समय उन्होंने सोचा कि जिंदगी में ऐसी कौन-सी चीज है जो हमेशा उनके साथ रही है। उन्होंने कहा कि चाय हमेशा उन्हें घर की याद दिलाती थी। इसी विचार से उन्होंने लॉस एंजिलिस में भारतीय स्टाइल की चाय बेचने का छोटा सा कारोबार शुरू किया। आज वे वहीं चाय बेच रहे हैं और सोशल मीडिया पर उनकी कहानी लोगों को खूब प्रेरित कर रही है। प्रभाकर कहते हैं, दाल की बोरियों के नीचे सोने से लेकर अमेरिका में चाय बेचने तक का सफर आसान नहीं था। मैं सीईओ नहीं बना, लेकिन 'चाय गाइ' बनकर मुझे सुकून मिल गया।

### अमेरिका जाने का फैसला

कुछ साल बाद उन्होंने अमेरिका जाने का फैसला किया, क्योंकि उनकी गर्लफ्रेंड वहां रहती थीं और दोनों लंबे समय से लंबी दूरी के रिश्ते में थे। उनका वीजा दो बार खारिज हो गया, लेकिन तीसरी कोशिश में वे 2014 में टेक्सास पहुंचे और वहां एमबीए किया। इसके बाद कई साल तक उन्होंने अलग-अलग शहरों में कॉरपोरेट नौकरियां कीं, लेकिन जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव भी आए, नौकरी से निकाला जाना।
















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com